# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शुक्रवार, 28 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 175, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स-निफ्टी नये उच्च स्तर पर

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। } 14

## पीएम मोदी ने राज्यसभा में मंत्रिपरिषद सदस्यों का कराया परिचय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय कराया। उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने गत नौ जून को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। } 14

### संक्षेप

## 12-27 फीसद तक बढ़ेंगी जियो मोबाइल की दरें

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष दूरसंचार कंपनी जियो तीन जुलाई से मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने जा रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने बयान में कहा, नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने और 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं।

## उत्तर प्रदेश में कई जगह ईडी का छापा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर और उसके कई प्रमोटर के खिलाफ धनशोधन के मामले की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि हेलो राइड लिमिटेड कंपनी के निदेशकों, अध्यक्षों, कई एजेंट और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। उसने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ से खेत और भूखंड को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों का कुल मूल्य 5.35 करोड़ रुपये है। ईडी ने पहले इस मामले में 2.38 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की थी और अब कुर्क की गई कुल संपत्ति की कीमत 7.73 करोड़ रुपये हो गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कंपनी और इसके प्रमोटर अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडे, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के खिलाफ लगभग तीन दर्जन प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन का यह मामला सामने आया था।

## मां ने तीन बेटों को नहर में डुबोया, दो की मौत

औरैया। जिले में फफूंद थाना क्षेत्र के गांव ताल्हेपुर में एक महिला देवर से लड़ाई के बाद अपने चार छोटे-छोटे बच्चों को नहर पर लेकर पहुंची। यहां दो बच्चों को नहर के पानी में डुबोकर मार दिया, जबकि अभी एक बच्चे की पुलिस नहर में तलाश कर रही है। वहीं, मां के कहर को देख चौथा बच्चा मौके से बचकर भाग गया। इससे उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। उधर, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर बवाल करने का प्रयास किया। यहां पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाकर शांत कराया। पुलिस ने हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- भाजपा शासन में नहीं दिखा कानून का राज (पृष्ठ-02)
- हाईटेक नर्सरी से मिलेंगे उच्च क्वालिटी के पौधे (पृष्ठ-02)
- सेबी का एफपीआई पंजीकरण नियमों में संशोधन (पृष्ठ-14)
- वित्तीय प्रणाली में संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता (पृष्ठ-14)
- बैंकों का कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर पर (पृष्ठ-14)


## सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को जारी किया नोटिस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जानना चाहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नयी याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ आठ जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। कोचिंग संस्थान और अभ्यर्थियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने दलील दी कि परीक्षा में शामिल हुए कुछ अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट नहीं मिली हैं। पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही बसंत से पूछा कि एक निजी कोचिंग संस्थान अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय में कैसे याचिका दाखिल कर सकता है और किस तरह से संस्थान के मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। एनटीए की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को दे दी गई हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या ओएमआर शीट से संबंधित शिकायत करने के लिए कोई समयसीमा है? एनटीए के वकील ने कहा कि उन्हें ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संविधान पर हमले का काला अध्याय है आपातकाल : मुर्मू

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपने अभिभाषण में 1975 में लागू आपातकाल का उल्लेख किया और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा एवं काला अध्याय करार देते हुए कहा कि ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखाई।

मुर्मू ने 18 वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र ऐसे समय किया है जब विपक्ष विशेषकर कांग्रेस लंबे समय से लगातार यह आरोप लगा रही है कि मोदी सरकार लोकतंत्र एवं संविधान पर हमले कर रही है तथा पिछले 10 वर्षों से देश में अघोषित आपातकाल है। अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया। राष्ट्रपति ने कहा, अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने इस संदर्भ में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता भी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। अभिभाषण के समय राष्ट्रपति के दाएं और बाएं ओर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैठे हुए थे। इस अवसर पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा के नेता सदन जे पी नड्डा तथा विभिन्न दलों के नेता एवं सदस्य मौजूद थे। देश में हाल में हुए आम चुनाव के दौरान कश्मीर में हुए मतदान में कई रिकॉर्ड टूटने की ओर ध्यान दिलाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इन चुनाव के माध्यम से घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग को बधाई देते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत के लोगों ने हमेशा लोकतंत्र के प्रति अपना पूर्ण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में एमएसएमई की अहम भूमिका

## 10 लाख उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य




**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में इसके उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश, देश की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में राज्य आज पहले पायदान पर है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में एमएसएमई अर्थव्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एक्सप्रेस-वे प्रदेश बना यूपी



**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 7 वर्षों में यूपी में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। वर्ष 2017 तक मात्र 2 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 6 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 7 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं, औद्योगिक कॉरीडोर तथा डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

## स्मार्ट पुलिसिंग आज की जरूरत : योगी



**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा आज की आवश्यकता है। उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ व वातानुकूलित हेलमेट वितरण का आज का कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की 7 वर्षों की चल रही प्रक्रिया को एक नई ऊंचाई प्रदान करने का अभियान है। तकनीक का उपयोग करते हुए यूपी-112 को और प्रभावी बनाने और इसके रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए तथा पीआरवी 112 की संख्या को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। राज्य सरकार ने फ्लीट के दायरे को बढ़ाने के लिए 3 वर्ष का एक बड़ा कार्यक्रम तय किया है। 6,278 फोर व्हीलर और टू व्हीलर पीआरवी वाहन उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसमें इस वर्ष 1,778 फोर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में 1510 करोड़ से बनेगी इंटरनेशनल फिल्म सिटी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी आकार लेने लगी है। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 सालों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी। पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा।

- **बोनी कपूर की कंपनी व यीडा के बीच एग्रीमेंट**

इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीबीआई ने नीट-यूजी मामले में पहली बार की गिरफ्तारियां

## पटना से हिरासत में लिये गये दो आरोपी

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में बृहस्पतिवार को पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। उन्होंने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। मनीष कुमार के बारे में उन्होंने कहा कि उसने कथित तौर पर उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो प्रश्नपत्र पहले से प्राप्त करने के लिए पैसे देने को तैयार थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को छात्रावास ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अब सदन में गूंजेगा नीट-यूजी का मुद्दा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के अन्य घटक दल शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितता का मुद्दा उठाने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों के सदस्य राज्यसभा में 267 के तहत और लोकसभा में कार्यस्थगन के नोटिस देकर नीट के मामले पर चर्चा एवं सरकार से जवाब की मांग करेंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि विपक्षी दल संसद में शुक्रवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर शुरू हो रही चर्चा में भी भाग लेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर विपक्षी दलों के नेताओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार हैं जिम्मेदार

# विलुप्त होने की कगार पर 45 हजार प्रजातियां

**एजेंसी**

अबूजा (नाइजीरिया)। अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है।

द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरों और पौधों के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव) जैसी प्रजातियों के संरक्षण में मिली



कोपियापोआ कैक्टस



बोर्नियन हाथी



ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली

सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची में अब 1,63,040 प्रजातियों को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक हैं। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान में पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों में शामिल हैं। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों में सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है। इसे लंबे समय से सजावटी पौधों के रूप में पसंद किया जाता रहा है, जिससे इसका अवैध व्यापार बढ़ रहा है और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे बढ़ावा मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उत्साही और व्यापारी कैक्टस का प्रदर्शन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंग्लैंड को जबर्दस्त शिकस्त देकर फाइनल में पहुंचा भारत

**गुयाना**। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में धमाल मचाते हुए फाइनल में एंट्री कर ली है। भारतीय टीम ने गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड टीम को 68 रनों से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही 2 साल पुराना बदला भी ले लिया है। दरअसल, पिछले टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने ही भारतीय टीम को 10 विकेट से हराकर बाहर किया था। अब रोहित ब्रिगेड ने उस हार का बदला लेकर फाइनल में एंट्री कर ली है। दोनों टीमों के बीच मौजूदा सेमीफाइनल मुकाबला गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला गया। बारिश से बाधित इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 172 रनों का टारगेट दिया। जवाब में इंग्लैंड टीम 16.4 ओवरों में ही 103 रनों पर सिमट गई। इसके साथ ही मुकाबला और फाइनल का टिकट गंवा दिया। इंग्लैंड के लिए कोई भी बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा सका। भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने अंग्रेजों को जरा भी मौका नहीं दिया। हैरी ब्रूक ने 25, कप्तान जोस बटलर ने 23, जोफ्रा आर्चर ने 21 और लियाम लिविंगस्टोन ने 11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। दूसरी ओर स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को 2 सफलता मिली।

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

संक्षेप

## सपा के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति का सम्मान नहीं : योगी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंगोल (राजदंड) को लेकर समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सपा के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उनका यह पोस्ट अंग्रेजी में है। उन्होंने कहा, कि सेंगोल पर उसके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दर्शाती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है। योगी ने लिखा, कि सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। समाजवादी पार्टी के सांसद आर के चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसे संसद भवन से हटाने की मांग की थी।

# यूपी डिफेंस कॉरिडोर में अब तक 24 हजार करोड़ का निवेश: योगी

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा की जाये, निवेशक को लैंड अलॉटमेंट में न हो विलम्ब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा किमुख्यमंत्री ने कहा कि देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निर्माता

- **मुख्यमंत्री ने की निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं, औद्योगिक कॉरीडोर तथा डिफेंस कॉरीडोर की प्रगति की समीक्षा**



कम्पनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम्स एण्ड टेक्नोलॉजिज लिमिटेड, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और एंकर रिसर्च लैब्स एलएलपी जैसी बड़ी कम्पनियां अपनी इकाई लगा रही हैं। नवीन प्रस्तावों के सम्बन्ध में तत्काल निर्णय लिया जाए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 7 वर्षों में यूपी में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। वर्ष 2017 तक मात्र 2 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 6 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 7 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं, औद्योगिक कॉरीडोर तथा डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रत्येक दशा में आगामी दिसम्बर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ-2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। जनपद गोरखपुर, संतकबीर नगर, आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए। कोई भी प्रस्ताव लम्बित न रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय तेज किया जाना अपेक्षित है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा की जाए। निवेशक को लैंड अलॉटमेंट करना हो अथवा देय इंसेंटिव का, इसमें कतई विलम्ब न हो। इसके सम्बन्ध में तत्काल निर्णय लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के बीच प्राधिकरणों के बाइलॉज को अपडेट करने की आवश्यकता है। नियमों को और अधिक निवेश अनुकूल बनाया जाना चाहिए। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में लैंडबैंक विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की जाए। औद्योगिक कॉलोनियों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। यह विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है कि इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, ड्रेनेज, सफाई, जलापूर्ति जैसी सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि निजी पार्कों के विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। एमएसएमई विभाग ने इस सम्बन्ध में अच्छा कार्य किया है। निजी पार्क की स्थापना के लिए निवेशकों को आवश्यक बल्क लैंड की पूर्ति के लिए औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा भी तेजी से व्यवस्था की जाए। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा भूमि अधिसूचित करने के बाद अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ करने में अनावश्यक विलम्ब न हो। किसानों को मुआवजा तत्काल दिया जाए। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में सिक औद्योगिक इकाइयों की भूमि को नए निवेशकों को उपलब्ध कराने के लिए नीति घोषित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवगठित बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेज किया जाना अपेक्षित है। यह प्रयास प्रदेश में बुन्देलखण्ड के विकास को एक नई ऊंचाई देने वाला होगा। दादरी में मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) एवं बोराकी में मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण में केंद्र की उपलब्धियां हवा-हवाई: मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि उन्होंने केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया, कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं।

बसपा प्रमुख ने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि केंद्र सरकार देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा कमजोर वर्गों की समस्याओं को भी लेकर कतई गंभीर नहीं है। अगले पांच वर्षों के उसके रोडमैप में भी कोई खास दम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर होगा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में सांसदों को आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जनहित के जरूरी मामलों में सरकार का ध्यान खींचना चाहिए। राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को 18वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत विश्व की पांचवीं



सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पिछले दस साल में आठ प्रतिशत की दर से औसत विकास हुआ है जबकि यह कोई सामान्य काल नहीं था। उन्होंने कहा, कि यह विकास दर विश्व के विभिन्न हिस्सों में वैश्विक महामारी और संघर्ष के बीच हासिल की गयी है। यह पिछले दस वर्ष में सुधारों का परिणाम है। अकेले भारत ने वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान दिया है। मेरी सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

# पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में कॉन्क्लेव की होगी अहम भूमिका : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से बोधि यात्रा का आयोजन 28 जून को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के होटल अशोका में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतिष्ठित ट्रैवेल राईटर, ब्लॉगर और भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किये गये हैं।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बोधि यात्रा उत्तर प्रदेश के बोध धर्म से जुड़े स्थलों की मार्केटिंग एवं ब्राडिंग के लिए रखी गयी है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। उन्होंने ने कहा कि यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। यहीं से यह धर्म दुनिया के बाकी हिस्सों में फैला। बौद्ध धर्म को मानने वाले श्रद्धालु, पर्यटक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-दुनिया से उत्तर प्रदेश आते हैं। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों, पर्यटन आकर्षण, पारंपरिक कला व शिल्प और संस्कृति एवं पर्यटन क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए निवेश के अवसर तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के लाभों और सब्सिडी के विवरण के विषय में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश के बौद्ध विरासत स्थलों की ऐतिहासिकता व सांस्कृतिक महत्व को पर्यटन की दृष्टि से बढावा देने एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने हेतु मंथन होगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली के होटल अशोका में आयोजित बोधि यात्रा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। भगवान बुद्ध की असाधारण यात्रा विषय पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किए जाने के उपरांत रात्रिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बोधि यात्रा का उद्देश्य विशाल पर्यटन संभावनाओं एवं बौद्ध विरासतों से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाना है। प्रदेश सरकार इसके लिए कई तरह की योजनाओं और अन्य विभागों के सहयोग से आगे बढ़ रही है। हाल में कई एमओयू साइन हुए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में नजर आएंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की पहचान बुद्ध भूमि की रही है। कपिलवस्तु, कौशांबी, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा और सारनाथ सहित 6 प्रमुख बौद्ध स्थल हैं। पर्यटन विभाग संकिसा को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहा है, जिससे अधिक से अधिक विदेशी बौद्ध अनुयायी भ्रमण के लिए आएं।

# सरकार एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध : पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए उसने अपनी नीतियों में बदलाव भी किए हैं। पाठक ने एसोचैम द्वारा अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई उत्पाद हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।



एसोचैम की ओर से जारी बयान के अनुसार, पाठक ने कहा कि एमएसएमई प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा हैं और उन्हें बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने अपनी नीतियों में कई बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी औद्योगीकरण अभी नहीं हुआ था, चाहे पूर्वांचल हो, बुंदेलखंड हो या मध्य उत्तर प्रदेश हो, उन सभी क्षेत्रों में भी हमने एमएसएमई को आगे बढ़ाने का काम किया है। सरकार ने प्रदेश में कारोबार के लिए अनुकूल माहौल बनाया है। पाठक ने एमएसएमई सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार एमएसएमई के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। अगर इस सम्मेलन से कोई सुझाव मिलेंगे तो हम अपनी सरकार की नीतियों में परिवर्तन करेंगे और उत्तर प्रदेश राज्य को आगे बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया है और आह्वान किया है कि खेती में काम से कम कीटनाशकों का प्रयोग हो। इसके लिए एक मुहिम चलाने की जरूरत है।

# भाजपा की सात साल की सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के सात साल की सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है।



सपा मुख्यालय से जारी एक बयान में यादव के हवाले से कहा गया, उत्तर प्रदेश में सात साल की भाजपा सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है। सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री पुलिस बल को आधुनिक बनाने का दावा भले ही करें, पर हकीकत में यह दिखावे से अधिक कुछ नहीं। इसके पहले बृहस्पतिवार सुबह योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत आधुनिक पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और इसके लिए सुरक्षा एवं संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है और हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। उन्होंने कहा, कि पिछले सात वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नयी पहचान बनाई है, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी नयी पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। अखिलेश यादव ने यह भी दावा किया कि जिस भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय अत्याधुनिक पुलिस रिस्पांस सिस्टम को बदले की भावना से ध्वस्त कर दिया उससे पुलिस बल को तकनीकी रूप से स्मार्ट, दक्ष एवं सक्षम बनाने की क्या उम्मीद की जा सकती है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का अपराध नियंत्रण का दावा झूठा साबित हो चुका है और भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उन्होंने आरोप लगाया, कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है, अपराधी बेलगाम है, दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं, हत्याएं हो रही हैं, अराजकता चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल है तथा उसके कार्यकर्ता और नेता अराजकता पर उतारू हैं। यादव ने कहा कि पुलिस जनता की रक्षक के बजाय भक्षक बन गयी है, निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा है, थाने में मौतें हो रही है एवं अपराधी और भाजपाई कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# हाईटेक नर्सरी से उच्च क्वालिटी के मिलेंगे पेड़-पौधे

### मनरेगा कन्वर्जेंस से प्रदेश में विकसित की जा रही हैं हाईटेक नर्सरी, स्वयं सहायता समूहों और किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किसानो को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है।



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके ये नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने। मौर्य ने बताया कि सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। मौर्य के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया थाएजिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 125 साइटों के सापेक्ष 67 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें से 38 हाईटेक नर्सरी पर कार्य पूर्ण किया गया है। नर्सरी की देख-रेख करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रत्येक जनपद में पौधशालाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। इनमें किसानों को फूल और फल के साथ अश्रवगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच, सतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को रोपने के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों को कम लागत से अधिक फायदा दिलाने के लिए पौधरोपण की नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरी के निर्माण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, जिसके सापेक्ष 126 हाईटेक नर्सरी की स्वीकृति जनपद स्तर पर की जा चुकी है। अब तक 67 साइटों पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें से 38 हाईटेक नर्सरी पर कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्ण 38 हाईटेक नर्सरी में से 11 साइट पर सिडलिंग प्रोडक्शन का कार्य प्रारम्भ है व 19 साइटों पर ट्रायल रन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं 8 ट्रायल रन पूर्ण किया जा चुका है।

# यूपी बन रहा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का प्रमुख केंद्र : मनोज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बाराबंकी, बरेली, सहारनपुर और गोरखपुर जैसे शहरों में बन रहे 15 एग्रो व खाद्य प्रसंस्करण पार्कों में इकाइयों की स्थापना से किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। इसके साथ ही कानपुर देहात, लखनऊ, सीतापुर और मथुरा के एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर के जरिए 16,000 से ज्यादा किसानों सो सीधा फायदा पहुंचेगा।

प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही रियायतों, प्रोत्साहनों व सुविधाओं के चलते यह सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने वाला बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क व क्लस्टर और मेगा फूड पार्क के साथ ही चार एग्री एक्सपोर्ट जोन व 10 आईसीडी (इनलैंड कंटेनर डिपो) के विकास, स्थापना एवं संचालन से उत्तर प्रदेश देश में खाद्य-प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र बन कर उभर रहा है। प्रदेश में खाद्य-प्रसंस्करण सेक्टर में अब तक के प्रयासों के चलते 55,815 करोड़ के 980 प्रस्तावों को जमीन पर उतारा जा रहा है, जिनसे दो लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलना संभावित है। इनवेस्ट यूपी के अनुसार पूर्वांचल के महत्वपूर्ण शहर वाराणसी के करखियांव में बन रहे फूड पार्क में पारले एग्रो ने 174.3 करोड़, तो गुजरात की बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन ने 135.53 करोड़ और बीडी वेंचर ने 155.5 करोड़ का निवेश किया है। वाराणसी के इस फूड पार्क में 139 उद्यमों के लिए भूमि का आवंटन किया जा चुका है जिनमें से 91 निवेशकों ने अपनी इकाइयों में उत्पादन भी शुरू कर दिया है।

# अकबर नगर से खाली जमीन पर जमीन पर विकसित होंगे सौमित्र व शक्ति वन

## कुकरैल नदी के किनारे 1.28 लाख पौधरोपण का मास्टर प्लान तैयार,अयोध्या रोड के दोनों ओर 4.30 किमी में पौधरोपण होगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन से अकबर नगर को हटाने के बाद खाली कराई गई जमीन पर हरियाली विकसित की जाएगी। यहां अयोध्या रोड के दोनों ओर 4.30 किमी में पौधरोपण होगा। यहां के आस पास के लोगों के लिए अलग ही अनुभव होगा। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय से खाली हुई करीब 24.9 एकड़ जमीन पर सौमित्र वन एवं शक्ति वन तैयार होंगे तो पंचवटी एवं औषधि वाटिका को विकसित करने की तैयारी है।

एलडीए ने टेंडर भी निकाल दिया है। इस कार्ययोजना पर करीब 9.32 करोड़ रु खर्च होंगे। प्राधिकरण ने इससे सम्बंधित डीपीआर तैयार कर ली है। गुरुवार को वृक्षारोपण महाअभियान के क्रम में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कुकरैल नदी को विकसित करने व पौधारोपण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, डीएफओ व सिंचाई विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त के समक्ष कुकरैल नदी को विकसित करने व वृक्षारोपण को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बनाए गए डीपीआर का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि कुकरेल नदी के किनारे असन, जामुन, पनिया, अर्जुन, केन आदि विभिन्न पौधों को लगाया जाए, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान जल भराव होने पर भी यह सभी पौधे सरवाइव कर सके। पंचवटी एवं औषधि वाटिका भी विकसित किया जाए। मलबे निकालने के बाद पीएच वैल्यू लेते हुए जरूरत के हिसाब से पौधा रोपण करें। कुकरेल नदी के किनारे अयोध्या रोड पर सौमित्र वन एवं शक्ति वन विकसित किया जाएगा। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने बताया कि कुकरैल नदी के 4.30 किलोमीटर की दूरी तक लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम व सिंचाई विभाग आदि विभिन्न विभागों की ओर से पद्धति बनाते हुए संयुक्त रूप से वृहद स्तर पर पौधारोपण कराया जाना है। जनपद के अंतर्गत पौधारोपण के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजन किया जाए।

शासन की मंशानुरूप रिवर साइट पर पौधारोपण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। डीएफओ अच्छे गुणवत्ता के पौधे संबंधित विभागों को उपलब्ध कराये। आयुक्त ने कहा कि पेड़ लगाए जाने के साथ ही साथ उनको सुरक्षित रखने की भी उतनी ही आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है।

### कुकरैल नदी किनारे 1.28 लाख पौधे लगाये जायेंगे

एलडीए की ओर से तैयार किए गए डीपीआर के अनुसार कुकरैल नदी किनारे 1.28 लाख पौधे लगाए जाएंगे। नदी की ओर से पीपल, आम, जामुन आदि पेड़ लगाए जाएंगे जिससे नदी के पानी के फैलाव की स्थिति में हरित क्षेत्र को नुकसान नहीं होगा। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या रोड के एक तरफ बच्चों के लिए खेलने का पार्क रहेगा। झूले व जिम की सुविधा रहेगी। अयोध्या रोड के दूसरी ओर वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थल विकसित किया जाएगा। बीच के क्षेत्र को विशेष तरह के पौधों को लगाया जाएगा तो फूल व फलदार पौधे भी लगाए जाएंगे। सिविल वर्क व पब्लिक टॉयलेट पर लगभग 838.31 लाख, हार्टिकल्चर वर्क पर 312.46 लाख व इलेक्ट्रिकल पर 341.44 लाख रु खर्च होंगे।

### इन प्रजातियों के लगेंगे पौधे

शीशम, जामुन, बेल, इमली, अशोक, आम, महुआ, नीम व चिलबिल, आवला, कचनार, अमरूद, कटहल, गुलमोहर, शमी, जंगल जलेबी, जरूल, जकरण्डा, सेलिक्स, गुलाचीन, चकरसिया, ढाक, सहजन, अमलतास, मौलश्री, शहतूत, वाटलब्रश व मीठी नीम लगाई जाएगी। वहीं हर्ब में सतावर, खस, नींबू घास, तुलसी, एलोवेरा, सफेद मूसली, गिलोय, पीपली व अश्वगंधा के अलावा नींबू, मदार, करौंदा, बांस, मेंहदी, अनार, बेर, शरीफा, टिकोमा के पौधे लगेंगे।

# मंत्री ने नाला सफाई की नॉनस्टॉप सफाई अभियान की देखी हकीकत

## बारिश के दौरान राजधानी में कहीं पर भी न हो जलभराव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने नगरीय निकायों में नाला सफाई के लिए बुधवार से चल रहे 72 घण्टे के नॉनस्टॉप सफाई अभियान का निरीक्षण किया। नगर विकास मंत्री ने लखनऊ के जोन 08 क्षेत्र में पहुंचकर बांग्ला बाजार चौराहे से खजाना चौराहे स्थित नाले, खजाना चौराहे से रेलवे अंडर क्रासिंग तक का किला मोहम्मदी नाला, स्मृति उपवन चौराहे से पावर हाउस चौराहे के नालों की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बंगला बाजार चौराहा के पास के खुले नाले में 500 मीटर तक स्लैब डालने, स्मृति उपवन के सामने खजाना चौराहे के पास के नाले में स्लैब डालने तथा नाले की टूटी दीवारों की मरम्मत कराने, किला मोहम्मदी नाले में किनारे की दिवाल बनाने तथा सेक्टर एन वन के सामने के नाले के किनारे पड़ी सिल्ट को तुरंत हटाने, नाले में पानी का बहाव न रुके इसकी तलछट सफाई कराने, रेल लाइन के पास लोगों की ओर से नाले में किए गए अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। सेक्टर एन वन निवासी मदन सिंह और आनंद तिवारी ने मंत्री से रेलवे लाइन के पास नाले में अतिक्रमण होने तथा यहां पर स्थित एसटीपी के चालू न होने से सीवर का पानी सड़कों पर फैलने की शिकायत की थी, जिस पर मंत्री ने एसटीपी को चालू कराने तथा नाले के हुए अतिक्रमण को हटवाने का आश्वासन दिया। बरसात के दौरान नागरिकों को जलभराव, गंदगी, संचारी रोगों, डेंगू, चिकुनगुनिया, मच्छरजनित बीमारियों तथा गंदे पानी की आपूर्ति आदि से परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने बुधवार को सभी नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के सभी नाले/नालियों की बेहतर सफाई के लिए 72 घण्टे का अनवरत सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। बरसात के मौसम में शहरों में कहीं पर भी जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए सभी बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों और पम्पिंग सेट की जांच करने के भी निर्देश दिए थे। शहरों में जलभराव को रोकने के लिए सभी नाले/नालियों की तलछट सफाई करायी जाए, जहां कहीं पर भी झाड़ियां आदि उग आई हों, उसे हटाया जाये, जिससे कि बरसाती पानी के निकलने में कहीं पर भी अवरोध न हो। नाले/नालियों के सफाई कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम होगा कुकरैल रिवर फ्रंट

## लखनऊ रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉपोरेशन लिमिटेड बनेगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कुकरैल नदी के किनारे प्रस्तावित रिवर फ्रंट अहमदाबाद में स्थित साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मनोरम और आधुनिक सुविधाओं वाला हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के क्रम में साबरमती रिवर फ्रंट, अहमदाबाद के अध्ययन के लिए गठित समिति की ओर से पिछले वर्ष ही इसका स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया था। रिवर फ्रंट बनाने की कार्रवाई लखनऊ नगर निगम के तहत पूर्ण की जाएगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से एसपीवी के गठन से संबंधित ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराया गया है, जो कि लखनऊ रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के नाम से होगा। कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए संबंधित कंसल्टेंट की ओर से डीपीआर तैयार किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही सीएम के समक्ष इसका प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। योगी सरकार के विजन के अनुरूप कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर विभागों को कुकरैल नदी को अविरल, निर्मल और प्रदूषणमुक्त किए जाने के मिशन पर लगाया गया है। इसका उद्देश्य गंदे नालों को कुकरैल में प्रवाहित होने से रोकना, नदी तट का सौन्दर्यीकरण, साइट डेवलपमेंट और ग्रीन बेल्ट विकसित करना है।

### बनेगा एसटीपी, नदी में नहीं जा सकेगा नालों का पानी

मुख्यमंत्री द्वारा कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त और पुनर्जीवित करने के लिए नदी में गिरने वाले 39 नालों को इंटरसेप्ट करने के निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में प्रथम चरण में 17 नालों को टेप करने का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं 12 नालों का आईडी कार्य क्रियाशील है और शेष इस महीने तक पूरा हो जाएगा। द्वितीय चरण में 22 नालों को टैपिंग कर 6 एमएलडी अशोधित सीवेज को कुकरैल नदी में गिरने से रोका जाएगा। वहीं तृतीय चरण में न्यूनतम जल प्रवाह बनाए रखने के लिए 40 एमएलटी क्षमता का एसटीपी बनाकर शोधित ट्रीटेड एफ्लुएंट को कुकरैल नदी में अपस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। अकबरनगर में नगर निगम की जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद 1.50 हेक्टेयर भूमि पर एसटीपी का कार्य किया जाएगा।

### शारदा नहर से मिलेगा 15 क्यूसेक पानी

कुकरैल नदी में पानी की अविरल आपूर्ति के लिए वन क्षेत्र में कुकरैल नदी के जल स्त्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए वॉटरपॉन्ड बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जल स्त्रोतों और जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से कार्य किया जा रहा है।

# नाला सफाई में लापरवाही पर तीन इंजीनियर नपे

लखनऊ। बारिश से पहले साफ कराये जा रहे नाले, नालियों की सफाई संतोषजनक न मिलन पर जोन सात के इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सहायक अभियंता अशोक सिंह व अवर अभियंता शिल्पी सिंह व अरुण कुमार मेहता को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने दिए हैं। महापौर स ुषमा खर्कवाल ने 19 जून वार्ड लोहिया नगर, शंकर पुरवा द्वितीय, इन्दिरा नगर वार्ड स्थित नालों की सफाई के सम्बन्ध में औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय नाली की सफाई व्यवस्था संतोष जनक न पाये जाने के कारण महापौर ने नाराजगी व्यक्त की थी। जोन के अवर अभियन्ता (सिविल), अरुण कुमार मेहता के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये थे। शंकर पुरवा द्वितीय वार्ड के आदिल नगर के वृद्धाश्रम के नजदीक स्थित नाले की सफाई के सम्बन्ध में अवर अभियन्ता से जानकारी ली गई तो जेई यह भी न बता सके कि सम्बन्धित नाले की सफाई अभियन्त्रण विभाग अथवा आरआर विभाग की ओर से करायी जानी है। इसके अतिरिक्त आवंटित वार्डो में नालों की साफ-सफाई का कार्य भी नहीं कराया गया था।

# सेफ सिटी कंट्रोल सेंटर से जुड़ेंगे बैंक व पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे

लखनऊ। सेफ सिटी योजना में प्रदेश के 17 नगर निगमों को चार लाख कैमरों से जोड़ा जा चुका है। अब पेट्रोल पंपों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, शराब की दुकानों, बैंकों और आवासीय परिसरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ने की तैयारी है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई सेफ सिटी योजना की बैठक में नगर विकास विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई। बैठक में प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों भी शामिल हुए। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत चिन्हित प्रत्येक डार्क स्पॉट पर प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है। प्रदेश में 192 से अधिक पिंक टॉयलेट का निर्माण पूरा किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि कानपुर और लखनऊ नगर निगमों ने सबसे अधिक निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा है। इससे 24 घंटे सातों दिन इन शहरों में होने वाली घटनाओं अतिक्रमण, चोरी, मारपीट, अपराध और निराश्रित जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नजर रखा जा रहा है।

# सैकड़ों की प्यास बुझायेगा मिनी ट्यूबवेल

लखनऊ। नगर निगम जोन पांच अन्तर्गत आजाद नगर में पुलिस चौकी के निकट एक मिनी ट्यूबेल का पार्षद प्रतिनिधि ने विधिवत पूजन संग नारियल तोड़ शिलान्यास किया। क्षेत्र में ट्यूबवेल लगने से यहां के लोगों को पानी की समस्या नहीं होगी। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि इस ट्यूबेल से मुस्लिम बस्ती में करीब सौ घरों को जलापूर्ति होगी। गीतापल्ली वार्ड में विगत तीन माह से पेयजल और दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों की समस्या को लेकर गीतापल्ली वार्ड भाजपा पार्षद ऋचा मिश्रा एक सप्ताह पूर्व स्थानीय निवासियों संग जलकल विभाग और नगर निगम का घेराव कर प्रदर्शन किया था। जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव की ओर से एक सप्ताह में पेयजल समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया था।

# प्रदेश में आज व कल जोरदार बरसात के आसार

## तेज पुरवा ने बादलों का रुख मोड़ा, 48 घण्टे में होगी अच्छी बारिश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी छोड़ आसपास के जिलों में बारिश से लोग तर-बतर हैं। नहीं राजधानी में मानसून कहीं ठिठक गया है। बादलों का आना जाना लगा है मगर बिना बरसे उड़ जा रहे हैं। दो दिनों से पुरवा यानी पूर्व से पश्चिम की ओर बह रही हवा की गति 25 से 28 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच रही है। नमी काफी कम है।

ऐसे में लखनऊ में बारिश नहीं हो रही। हालांकि प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के साथ ही विभिन्न अंचलों में तेज बारिश भी शुरू हो गई है। बीते 24 घंटे के दरम्यान आकाशीय बिजली गिरने, डूबने और बिजली का करंट लगने से अलग-अलग घटनाओं में कुल नौ लोगों की मौत हो गई जबकि आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाएं झुलस गई। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पुरवा में नमी कम है, जो बारिश की ट्रफ लाइन है वह बिहार में ही खत्म हो जा रही है। दूसरी ओर एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली और मध्य प्रदेश समेत यूपी के पश्चिम से तराई तक के जिलों में बारिश हो रही है। यह सिस्टम तेज सतही पुरवा हवा से लखनऊ तक नहीं पहुंच पा रहा है। यही वजह है जो लखनऊ में बारिश नहीं हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून 48 घंटों के भीतर लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। ऐसे में लखनऊ में भी अच्छी बारिश का पूवार्नुमान है। बारिश का सिलसिला यहां शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। दूसरी तरफ हवा में नमी का प्रतिशत 24 घंटों के दौरान 59 से 79 के बीच रहा। ऐसे में गर्मी बढ़ने के साथ उमस ने लोगों को परेशान किया। लोगों को पसीना सुखाने में मशक्कत करनी पड़ी। अधिकतम पारा 36.4 और न्यूनतम 30.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बिजली गिरने की आशंका

मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र,मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत कबीरनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरय्या, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, बदायूं, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में वज्रपात की आशंका है।

### शनिवार को इन इलाकों में आशंका

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत कबीरनगर, देवरिया, गोरखपुर, संत रविदास नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाके।

### बचाव के लिए राज्य स्तरीय नेटवर्क

बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से जान माल के नुकसान की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार गंभीर है। नुकसान को रोकने और आकाशीय बिजली गिरने से पहले संबंधित इलाके के लोगों को सतर्क करने के लिए एक राज्य स्तरीय नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की अधिकारी अदिति उमराव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देश पर आकाशीय बिजली गिरने से पहले संबंधित इलाके के जनजीवन को सतर्क करने के लिए राज्य स्तरीय नेटवर्क बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी राहत आयुक्त कण्ट्रोल रूम में जो सेंसर लगे हैं, उनसे 20 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर बिजली गिरने से एक घंटा पहले अलर्ट जारी किया जाता है। मगर उपरोक्त राज्य स्तरीय नेटवर्क से इससे कम दूरी पर स्थानीय लोगों को आकाशीय बिजली गिरने से पहले सतर्क किया जा सकेगा।

# आरसी में खुली बाडी, लेकिन पास हो रही मॉडिफाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टनगर फिटनेश सेंटर में कोई भी छोटा हाथी या डाला लेकर फिटनेश कराने गये है और गाड़ी में मन मुताबिक लोहे का एंगल और अतिरिक्त कुछ भी जोड़ लिये है तो फिटनेश सेंटर की मशीन भी उसको पकड़ नही पायेगी।

अधिकारियों का कहना है कि गाड़ी में कुछ भी अतिरिक्त कार्य हुआ है तो मशीन उसको नही देखती है। लेकिन गाड़ी की आरसी की जांच किया जाता है। ऐसे में लगभग 20 से अधिक गाड़िया प्रतिदिन पास हो रही है। ट्रांसपोर्टनगर फिटनेश सेंटर पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में कामर्शियल वाहन फिटनेश सेंटर पर आते है लेकिन फिटनेश मशीन लाईट, ब्रेक, स्पीड गर्वनर, पावर स्टेरिंग, पावर ब्रेक, हैंड ब्रेक और टायर की जांच ही कर सकती है। ऐसे में गाड़ी में कोई अतिरिक्त कार्य या लोहे का गार्ड जोड़ दिया गया है तो इसकी जांच मशीन नही कर सकती है। जिसका लाभ उठाकर गाड़ी मालिक फिटनेश प्रमाण पत्र ले ले रहे है। ज्यादातर हाफ डाला, छोटा हाथी, मिनी बस और छोटे चार पहिया गाड़ियों में हो रहा है। आलमबाग के रहने वाले सुरेश ने बताया कि गाड़ी में कमी हो तो अधिकारी बताये उसको पूरा किया जायेगा लेकिन बार-बार परेशान नही किया जाना चाहिए। सरोजनीनगर के रहने वाले रामदयाल ने बताया कि फिटनेश सेंटर के बाहर खड़े लोग ही कहने लगते है कि पेपर हमे दिखा दिजिए हम पास करा देगें। ऐसे में सवाल उठता है कि गाड़ी में लगे अतिरिक्त लोहे के एंगल से कोई घटना हो जाती है तो जिम्मेदार कौन होगा। इसकी तरह गाड़ी बनाने वाली कंपनी अगर अपने पेपर पर यह लिख कर दे रहा है कि गाड़ी हमारे बनाये मानक पर चलेगी तो फिर अतिरिक्त कोई भी लोहा लगाने पर फिटनेश सेंटर से उसे पास होने का प्रमाण पत्र कैसे मिल रहा है।

आरसी में लिखा है ओपेन बाड़ी
यूपी- 33 बीटी 1187
यूपी-32 एफएन 2046
यूपी -32 केएन 5525
यूपी-32 केएन 3236

गाड़ी के आरसी में जो लिखा है उसी के आधार पर गाड़ी पास होना चाहिए, गाड़ी में कोई भी अतिरिक्त कुछ भी लगा है तो गाड़ी का फिटनेश पास नही होना चाहिए।

**उपपरिवहन आयुक्त, सुरेन्द्र कुमार**

एक गाड़ी की फिटनेश पहले फेल हुई फिर पास हो गया इसकी जानकारी मिली है इसकी जांच होगी, गाड़ी के आरसी में जो लिखा है उसी को देखकर प्रमाण पत्र मिलेगा

**परिवहन मंत्री, दयाशंकर सिंह**

# सड़क व सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर से बुजुर्गों को हो रही दिक्कत

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को वरिष्ठ नागरिक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जन सामान्य की समस्याओं को समयबद्ध निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

- **एलडीए में वरिष्ठ नागरिक समाधान दिवस में आईं 12 शिकायतें**

शिविर में पहुंचे नेहरू इन्क्लेव निवासी रवि शंकर श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण ने अप्रैल, 2024 में योजना में नयी सड़क बनायी है। इसमें आंतरिक सड़क व सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर भी बनवाये गये हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को दिक्कत होती है। इस पर उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। वहीं, इंदिरा नगर निवासी संतोष मिश्रा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एम 1 में भवन संख्या-719 आवंटित है। जिसकी रजिस्ट्री भी हो गयी है, लेकिन भवन में अवैध अध्यासी के चलते उन्हें कब्जा नहीं मिला है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को सात दिन के अंदर भवन खाली कराकर आवंटी को कब्जा दिलाने के निर्देश दिये। इसके अलावा अलीगंज के सेक्टर-बी निवासी सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने मकान के फ्री-होल्ड के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर सम्बंधित अधिकारी को 15 दिन के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। नेहरू इन्क्लेव निवासी प्रतिभा श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि कालोनी में स्थित श्री राम पार्क में मलबा पड़ा है, जिससे पेड़-पौधे पनप नहीं पा रहे हैं। साथ ही पार्क की बाउन्ड्रीवॉल भी छोटी है, जिसके चलते आवारा जानवर पार्क में घुस आते हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 01 प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों में सम्बंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

# निलंबित तीन बाबू साथ ले गये अलमारियों की चाबियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के जोन सात में निलंबित हुए तीन बाबू अलमारियों की चाबियां अपने साथ लगे गए। इन अलमारियों में हाउस टैक्स से जुड़ी फाइलें बंद हैं। इस वजह से तीन वार्डों में लंबित हाउस टैक्स के मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

निलंबित तीनों बाबुओं से कई बार उनके वार्ड के अलमारी की चाबी मांगी गई, लेकिन सभी ने चार्ज संभाल रहे नए बाबुओं को देने से इनकार कर दिया। अब जोनल अधिकारी रश्मि भारती ने उच्च अधिकारियों से तीनों बाबुओं के खिलाफ अलमारी की चाबी अपने साथ ले जाने की शिकायत की है। निलंबन के बाद तीनों बाबुओं की तैनाती मोहान रोड स्थित शिवरी में कचरा प्लांट पर है। हालांकि तीनों बाबू शिवरी प्लांट पर भी प्रतिदिन नहीं पहुंच रहे हैं। डेढ़ महीने पहले नगर निगम जोन सात इंदिरा नगर कार्यालय में महिला कर्मचारी से अभद्रता के मामले में नगर आयुक्त ने बाबू महेंद्र भूषण, शशि भूषण और संजय चंद्रा को निलंबित कर दिया था। इन तीनों के निलंबन के बाद नगर आयुक्त ने इनका ट्रांसफर शिवरी प्लांट पर कर दिया था। आरोप है कि इन तीनों बाबू ने चार्ज छीनने के बाद भी कार्यालय के अलमारी की चाबी वापस नहीं की है। जोनल कार्यालय में टैक्स से जुड़ी फाइलों को रखने के लिए हर बाबू को वार्डवार एक अलमारी दी जाती है। इस अलमारी में वार्ड के हाउस टैक्स की जुड़ी फाइलें रखी जाती है। अब निलंबन के बाद भी चाबी नए कर्मचारियों को हैंडओवर न करने से लंबित हाउस टैक्स के मामले निस्तारण में दिक्कत आ रही है। निलंबित हुए बाबूओं के पास इस्माइलगंज प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम और लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के हाउस टैक्स का जिम्मा था। ऐसे में चाबी न मिलने से इन तीनों वार्ड के 21 से ज्यादा हाउस टैक्स के मामले लंबित पड़े हैं। इसे लेकर जोनल अफसर रश्मि भारती कई बार निलंबित बाबुओं से संपर्क कर चाबी वापस करने को कहा चुकी हैं। लेकिन बाबू अलमारी की चाबी वापस नहीं कर रहे हैं।

- **हाउस टैक्स के मामलों के निस्तारण में आ रही समस्या**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# तीन नये कानूनों में दी जायेगी तकनीक के इस्तेमाल को अहमियत : डीजीपी

● पीआईबी ने किया डीजीपी कार्यालय में मीडिया कार्यशाला का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गृह मंत्रालय एव सूचना प्रसारण मंत्रालय के सयुक्त तत्वाधान में एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानूनों को लेकर पीआईबी ने डीजीपी कार्यालय के गोंड रानी वीरांगना दुर्गावती लाउंज में एक मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया ।इस मौके पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

इस मौके पर एडीजी पीआईबी विजय कुमार ने कहा कि भारत की विधायिका ने भारतीय दंड संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर तीन नए कानूनों को अधिनियमित किया है। यह जुलाई माह की पहली तारीख से प्रभावित होंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा एक सौ छह की उप धारा दो को छोड़ कर प्रवर्तन में आने वाले नए कानूनों में सरकार का उद्देश्य न्याय दंड नहीं को सुनिश्चित करते हुए वर्तमान की आवश्यकताओं और आकांछाओ को ध्यान में रख कर नागरिक केंद्रित विधिक संरचना के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।उन्होंने कहा कि हम आज विशेष प्रयोजन के लिए यहां एकत्र हुए है।इन नए कानूनों को जनजन तक पहुंचने के लिए कार्य किया जायेगा।इन नए कानूनों में तकनीक के इस्तेमाल को तवज्जो दी जाएगी।इस मौके पर डीजीपी

प्रशान्त कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ।इस मौके पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने डीजीपी को पुष्प गुच्छ एव अपर महानिदेशक पीआईबी द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया ।डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि ब्रिटिश कालीन के जो हमारे तीनो कानून थे उनकी जगह तीन नये कानून संसद द्वारा पास किये गये है जिनको हम लोग भारतीय न्याय संहिता जो कि आईपीसी का काउण्टर पार्ट है ।उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो कि सीआरपीसी का काउण्टर पार्ट है और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो एविडेन्स एक्ट का काउण्टर पार्ट है उसको पास किया है । नये कानून को पास करने की मूल भावना यह है कि तकनीक का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करके डिस्क्रेशन को कम करना है चाहे वह विवेचक का हो या किसी भी इस पूरे क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति का हो उसे कम करना है। किसी भी स्थित में वादी का उत्पीडन न हो तथा कोई भी निर्दोष व्यक्ति को दण्ड न मिले ।इसके लिए अधिक से अधिक तकनीक का उपयोग किया जाये । एक समयबद्ध तरीके से इस सभी चीजो का विचारण हो ।फॉरेन्सिक साक्ष्यों का अधिक से अधिक उपयोग कराया जाये और यह सुनिश्चित कराया जाये कि ज्यादा से ज्यादा निष्कर्ष पर पहुँचने की प्रक्रिया तकनीक पर आधारित हो ।साथ ही साथ नये आपराधिक कानून में वादी को विवेचना के प्रगति की सूचना देना अनिवार्य है ।

हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के वल्टिकल्स को इन सभी चीजो का पूरा ज्ञान होना बहुत बड़ा टास्क था । हमारे सभी विभागों जिसमें प्रशिक्षण विभाग और तकनीकी सेवाएं जेल तथा प्रासीक्यूसन इन सभी में जो ट्रेनिंग की प्रक्रिया थी ।वह बहुत ही अनुकरणीय एवं प्रशान्सनीय है । पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय ने विश्व के सबसे बड़े पुलिस संगठन को प्रशिक्षण देने का महती कार्य किया है ।30 जून तक विभिन्न रैंक के पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा । इसके अतिरिक्त तकनीकी विभाग , अभियोजन , नियम एवं ग्रंथ , पुलिस



मुख्यालय की टीम ने इस कानून को लागू करने में महत्वपूर्ण योगदान किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के लिये सभी संसाधनों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया है । संगठित अपराधियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम लागू की गयी है जिससे गवाह निर्भीक होकर गवाही दे सके । वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से गवाही करायी जायेगी इससे त्वरित एवं समयबद्ध न्याय प्रणाली विकसित होगी । नये कानून में फारेंसिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य को अनिवार्य किया गया है ।डीजीपी ने कहा कि इसको लेकर विवेचकों को प्रशिक्षण दिया गया है ।साक्ष्य अधिनियम में डिजिटल साक्ष्य को ग्राह्य बनाया गया है ।एनआईसी द्वारा ई - साक्ष्य एप निर्मित किया गया है । इस ऐप के माध्यम से घटनास्थल की वीडियोग्राफी की जा सकेगी व डिजीलॉकर में सुरक्षित किया जा सकता है जिससे उसकी हैश वैल्यू बनी रहेगी और न्यायालय के समक्ष साक्ष्य पेश करने में किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी बाधा उत्पन्न नहीं हो पायेगी । इस दिशा में विवेचकों हेतु गृह मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा एसओपी निर्गत किया गया है । जनसामान्य को नये कानून की जानकारी दिये जाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल ने एक्स ( ट्वीटर ) पर प्रतिदिन नये कानून का प्रचार प्रसार किया जा रहा है । प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा नये कानून से सम्बन्धित 29 संक्षिप्त प्रशिक्षण वीडियो बनाये गये हैं। जिसे एलएमएस पोर्टल पर अपलोड किया गया है।डीजीपी ने कहा कि सभी पुलिस थानों एवं कार्यालयों पर नये कानून से सम्बन्धित वॉल पोस्टर चस्पा किये जा रहे हैं नये कानून से सम्बन्धित पॉकेट बुक व पैम्फलेट तैयार किया गया है एवं थानों को उपलब्ध कराया गया है।तीन नये कानून लागू करने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है ।मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यूपी पुलिस आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।कानून के मूल उद्देश्य के संदेश को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग करेगी ।इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने पत्रकारो को नये आपराधिक कानूनो की आधारभूत जानकारी दी गयी ।इस कार्यक्रम का आयोजन पीआईबी ने किया।कार्यक्रम में एडीजी अभियोजन और प्रशिक्षण तथा तकनीकी सेवाएं और डीजीपी के जीएसओ मौजूद रहे।

# अधेड़ की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**नगराम।** पुलिस ने गड्ढे में मिले निगोहां निवासी बंशी लाल की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिणी शशांक सिंह ने बताया कि आरोपी कौशल कुमार ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि बीती 19 जून की शाम बंशी लाल हरिद्वार का प्रसाद लेकर मोहनलाल गंज उससे मिलने आया था। जिसके बाद वह अपने साथी लोनी कटरा थानांतर्गत मंझू पुर गांव निवासी जितेंद्र वर्मा व जीतू उर्फ टिलई के साथ मिलकर मोहनलाल गंज के बनी रोड पर खाली प्लाट में बैठ कर शराब पी रहे थे।नशे की हालत में विवाद होने पर उसने बंशी लाल के गले में पड़े गमछे से गला कसकर जमीन पर पटक दिया था।जिससे बंशी लाल की मौके पर ही मौत हो गई थी।घटना को छिपाने व दुर्घटना का रूप देने के लिए बंशीलाल के शव को जितेंद्र की मोटरसाइकिल स्टार सिटी पर बीच में रखकर कुबहरा रोड किनारे झाड़ियों में फेंक दिया व मोपेड को भी थोड़ा आगे ले जाकर फेंक दिया था। गिरफ्त में आए मुख्य आरोपी कौशल कुमार व उसके सहयोगी जितेंद्र वर्मा व जीतू उर्फ टिलई को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**बारह फीट ऊंची दीवार से नीचे गिरकर मजदूर की मौत:** सरकारी बिल्डिंग की पेंटिंग करने के दौरान ऊंची दीवार से नीचे गिरकर मजदूर की मौत हो गयी।मूल रूप से बाराबंकी जिले के मझौनी निवासी बिंद्रा प्रसाद का बेटा अमित कुमार ( 21 ) सरोजनीनगर के रनियापुर स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला क्लब में रहकर मजदूरी करता था।पुलिस के मुताबिक अमित बुधवार को वहां पर पेंटिंग का काम कर रहा था।इस दौरान वह 12 फीट ऊंची दीवार से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।ठेकेदार वसीम ने उसे इलाज के लिए आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया।जहां बुधवार देर शाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शुक्रवार को उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस मामले में मृतक के परिजनों द्वारा थाने पर अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। यदि परिजन कोई तहरीर देंगे तो उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान:** सरोजनीनगर इलाके में बुधवार रात विवाहिता ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से सीतापुर जिले के अटरिया थानान्तर्गत हिम्मतनगर निवासी छुन्नू की पत्नी की करीब दो वर्ष पहले संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटक कर मौत हो गई थी। इस मामले में छुन्नू और उसकी मां को एक साल की जेल हुई थी।जेल से छूटने के बाद छुन्नू से गांव में ही रहने वाली विवाहिता रेशमा ने पति और तीन बच्चों को छोड़कर उसके साथ चली आई थी।दोनों बीती 20 जून से सरोजनीनगर के आजाद नगर, चिल्लावां निवासी रंजीत के मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे।बताया जाता है कि छुन्नू और रेशमा के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। बुधवार शाम को भी दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद छुन्नू मकान की छत पर सोने चला गया था।इस दौरान रेशमा ने कमरे का दरवाजा बंद करके पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी मिलते ही छुन्नू मौके से फरार हो गया।पुलिस का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि पति - पत्नी के बीच हुए विवाद से नाराज रेशमा ने यह कदम उठाया है।फिलहाल घटना की जाँच पड़ताल की जा रही है।साथ ही इसकी सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है।

**युवती से रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार:** युवतीं को शादी का झांसा देकर रेप करने वाले आरोपित को गोसाईंगंज पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने अनुसार कर्बला मजरा मीसा के रहने वाले सुरेंद्र कुमार ने क्षेत्र की एक युवतीं को शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेम जाल में फसाकर शारीरिक संबंध बनाए।जब वह गर्व से हो गई तो युवतीं ने शादी का दबाव बनाया।आरोपित ने शादी करने से मना कर दिया।युवतीं ने इस बात की शिकायत की।जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस के मुताबिक युवतीं चाह रही थी कि आरोपित उसके साथ शादी कर ले । लेकिन वह नही माना।

## किशोर को जंगल में ले जाकर किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में किशोर को उसका चचेरे भाई अपने एक साथी के साथ जामुन खिलाने के बहाने बाग में ले गए। जहां उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक आप्रकृतिक कुकर्म किया।किशोर लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा और रोते हुए अपनी मां को घटना की जानकारी दी। पीडिता मां के अनुसार बुधवार शाम उनके 14 वर्षीय बेटे को उसका चचेरा भाई करन अपने साथी सर्वेश के साथ बाग में जामुन खिलाने के बहाने ले गया था।जहां उसे पहले जामुन खिलाई और फिर दोनों ने पास ही स्थित जंगल में उसे ले गये।जहां दोनों बारी-बारी से उसके साथ आप्रकृतिक दुष्कर्म किया। उसके बाद लोगों को आता देख दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। किशोर लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा।जिसकी हालत देखकर मां ने पूछताछ की तो उसने रोते हुए अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। घटना की सूचना पाकर एसीपी मोहनलालगंज राधारमण सिंह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित से बात कर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## खाना बनाने के दौरान लगी आग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में खाना बनाते समय फ्लैट में आग लग गयी। मौके पर पहुचीं दमकल विभाग की टीम ने उस पर काबू पा लिया। किसी जनहानि की सूचना नहीं है।दमकल अधिकारियों के अनुसार गुरूवार की दोपहर वजीरगंज के अंतर्गत कैसरबाग के पास एक फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चौक फायर स्टेशन से दो गाड़ियां और एक गाड़ी अमीनाबाद से घटनास्थल पर भेजी गयी थी। आग के- स्क्वायर अपार्टमेंट के चौथे तल पर मकान संख्या 306 के किचन में लगी थी। उसका धुंआ पूरी बिल्डिंग में भर गया था। लोगों को बिल्डिंग से सुरक्षित निकालने का काम तत्काल प्रारंभ किया गया। लगभग 45 मिनट में आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। जिसमें कोई भी जनहानि नहीं हुई और ना ही कोई व्यक्ति बिल्डिंग में फंसा था।उन्होंने बताया कि आग नायर अली के फ्लैट संख्या 306 में लगी थी।जिसमें उनकी पत्नी नाहिद किचन में खाना बना रही थी। खाना बनाते वक्त कुकिंग ऑयल से आग लगी थी।आग लगने के समय नाहिद मकान में अकेली थी। उनके पति घर पर नहीं थे।

## राम भरोसे चल रहा माल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**माल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर की जगह पर स्टाफ नर्स इमरजेंसी में ड्यूटी करती है। महिला डाक्टर न होने से जच्चा बच्चा की जान को खतरा बना रहता है।इसके बाद भी जिम्मेदार जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं। जिसका खामियाजा प्रसुताओं भुगतना पड़ता है।माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात्रि में महिला डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटी नहीं करती हैं उनकी जगह पर स्टाफ नर्स ड्यूटी करती है। इनके द्वारा गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी कराई जाती है।इनकी लापरवाही से जच्चा बच्चा की जान जाने का खतरा भी बना रहता है। जिसका फायदा स्टाफ नर्से और आशा बहू उठाती हैं। सीएचसी पर कोई महिला डाक्टर नहीं है।जिसे पर उनको निजी नर्सिंग होमों में ले जाकर मन माने पैसे दिलाकर दो हजार कमीशन की वसूला जाता है। वहीं स्टाफ नर्सों के द्वारा सरकारी फीस बताकर अवैध वसूली की जाती है।

# पानी टैंकर ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर से जुड़े पानी टैंकर ने साइकिल सवार को रौंद दिया।हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।ड्राइवर टैंकर छोड़कर भाग निकला। मदेयगंज पुलिस आरोपित ड्राइवर की तलाश की जा रही है।खदरा निवासी जाहिद खान ( 50 ) हजरतगंज स्थित कार शोरूम में काम करते थे। बुधवार रात वह ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहे थे।वह डालीगंज क्रासिंग के पास पहुंचे ही थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-टैंकर ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से जाहिद खान गंभीर घायल हो गए।हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों को जुटता देखकर आरोपित गाड़ी छोड़कर भाग निकला।जाहिद के परिवार में पत्नी अंजुम, एक बेटा और बेटी है।इंस्पेक्टर मदेयगंज के मुताबिक ट्रैक्टर- टैंकर को कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

**ईंट से टकराकर गिरने से बाइक सवार की मौत:** काकोरी के इमलिया में बुधवार रात सड़क पर पड़ी ईंट से टकराकर किनारे से बाइक सवार की मौत हो गयी। मलिहाबाद के बेलगढ़ा निवासी लल्लन पाल (22) दूध बेचता था। चाचा राम प्रकाश के मुताबिक उनका भतीजा लल्लन बुधवार को दोस्त धीरज के साथ बाइक से आ रहा था।इमलिया गांव के पास सड़क पर पड़ी ईंट से बाइक टकरा गई। जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी।जिससे लल्लन पाल की मौत हो गयी।लल्लन के परिवार में पिता हरिश्चंद्र, मां हीरावती, दो भाई देशराज और सचिन हैं।

## 25 छात्रों का एक साथ हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ ।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जी.सी.आर.जी. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के पॉलिटेक्निक अंतिम वर्ष के 25 छात्रों का चयन किया गया है।इन छात्रों को कंपनी द्वारा गुणवत्ता, मेंटेनेंस एवं उत्पादन के पदों के लिए चुना गया है। कंपनी ने छात्रों को वार्षिक पैकेज रु. 2.3 लाख की पेशकश की है और ये सभी छात्र राजस्थान के जैसलमेर में अपनी नौकरी के लिए जाएंगे। यह उपलब्धि हमारे छात्रों की लगन और कड़ी मेहनत के साथ-साथ हमारे संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी दर्शाती है।हम चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हैं और उनकी नई भूमिकाओं में उनकी शानदार सफलता की कामना करते हैं।जी.सी.आर.जी. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स ने अपने छात्रों के लिए इस प्रकार के अवसर उपलब्ध कराने का सतत प्रयास किया है और आगे भी करता रहेगा।

## बुजुर्ग का युवती संग अश्लील फोटो एडिट कर वसूले 42 हजार रुपये

**लखनऊ।** निजी बैंक से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त बुजुर्ग को जालसाजों ने निशाना बनाते हुये युवती संग उनकी अश्लील फोटो एडिट कर धमकाते हुए 42 हजार रुपये ऐठ लिये। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर एल में बैंक ऑफ इण्डिया से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त 74 वर्षीय बुजुर्ग निरंजन कुमार गौतम अपने बेटे संग रहते है। जिनके मुताबिक जालसाजों ने युवती के साथ उनका मनगढ़त वीडियो रील तीन भागों में बना कर धमकाने लगे।जिससे वह डर गये और जालसाजों के दिए गए मोबाईल नम्बरों पर तीन बार में कुल 42 हजार पांच सौ रुपए ट्रांसफर कर दिए।इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक बुजुर्ग के शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.07.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 16.07.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी । निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई - मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code -PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/ त्रुटि सुधार /पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई - निविदा संख्या 33 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** प्रभारी एन्टी पावर थेफ्ट थाना, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक एवं डीजल सहित 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **2. ई - निविदा संख्या 34 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड द्वितीय, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड, गोसाईगंज को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **3. ई - निविदा संख्या 35 एच (एफ) (कार्य) / 2024 - 25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड प्रथम, रूदौली के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड, सोहावल को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **4. ई - निविदा संख्या 36 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला द्वितीय अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 6841 / दिनांक 26.06.2024)**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे आईसीआईसीआई बॉण्ड सं. 4325732 में मेरा घरेलू नाम रूकसार फातिमा दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम विला रिजवी दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मैं विला रिजवी के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। **विला रिजवी पुत्री अशफाक हुसैन रिजवी नि.- 449/130/3, मुफ्तीगंज, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 0967552 वर्ष 2008 व इण्टरमीडिएट का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. B/8754/011 वर्ष 2010 एवं बी.ए. का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 10001045051 वर्ष 2013 व एम.ए. का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 15001012082 वर्ष 2016 कहीं खो गया है। **नैना सोनी पत्नी अंकित साहू नि.- सेक्टर-11/770, इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

# टायर क्रशर को तोड़कर बिगाड़ रहे हैं यातायात व्यवस्था

● सख्त कार्रवाई करने मे जुटी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पुलिस ने आम जनमानस के सुझाव पर शहर में दो जगह यातायात को सुगम बनाने के लिए टायर क्रशर लगाने का प्रयोग किया था। पीडब्ल्यूडी के सहयोग से टायर क्रेशर को करीब 2 माह पहले लगाया गया था। यातायात सुविधा के लिये लगाया गया क्रेशन अब लोगों को अखर रहा है।टायर क्रेशर को आम लोग अपनी सुविधा के अनुसार तोड़कर यातायात व्यवस्था को चौपट करने में लगे हुए हैं।ऐसे में पुलिस इसे सुधारने में बड़ी समस्या का सामना कर रही है। इससे छुटकारा पानेके लिए पुलिस अब इस पर सख्त करवाई करने जा रहीहै।

बताते चले कि यातायात के सुगम संचालन हेतु जनता के सुझाव मांगे गए थे। जिसके क्रम मे पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रात हुए थे। जिसमे अपोलोमेडिक्स अस्पताल व लोक बन्धु अस्पताल से वाहनों द्वारा बदनाम लड्डु मोड़ से बाराबिरवा चौराहा पर रांग साईड आकर यातायात अवरोध करना एक मुख्य कारण बताया गया था।इसी प्रकार बैकुण्ठधाम तिराहा से रांग साईड समता मूलक चौराहा पर आकर यातायात अवरोध करना एक मुख्य कारण बताया गया था।जिससे दुर्घटना और जाम की सम्भावना बनी रहती है। जिस पर पुलिस ने बदनाम लड्डु मोड़ तथा बैकुण्ठधाम पर टायर क्रशर का प्रयोग किया था। पुलिस ने इसके लिये यातायात हेल्प लाईन नम्बर 9454405155 भी सुझाव देने के लिये जारी किया था।इस सम्बंध में डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि इनका प्रयोग इसलिये किया गया था। अगर वाहन चालक रांग साइड आयेगा तो क्रेशर पर दवाब पड़ने पर टायर फट जायेगा। इसके बावजूद भी लोग जबरन वाहन को इनके ऊपरी से निकाल रहे है।जिससे दवाब पड़ने पर क्रेशर टूट रहे है।

**कई बार तोड़े गए क्रशर:** पीडब्ल्यूडी के सहयोग से लगाए गए क्रेशर को करीब दो माह से अधिक का समय बीत चुका है। इस दौरान अराजक लोगों ने इन क्रशर को कई बार जानबूझकर तोड़ दिया है। जिससे यातायात बिगड़े की स्थिति बनी रहती है।यही नहींवाहनों के आपस में टकरानेका भी खतरा बना रहताहै। पुलिस इसे कई बार बनवा भी चुकी है। लेकिन यातायात नियमों उल्लंघन करने वाले शहर वासी इसे तोड़कर मजे ले रहेहैं।अपने आराम के लिए दूसरों की जाम को जोखिम में डालरहे हैं। सहायक पुलिस आयुक्त जयेन्द्र नाथ अस्थाना ने बताया कि क्रेशर तोड़ने वाले लोग पुलिस की कार्यवाही में बाधक बन रहे है।टूटे हुये क्रेशर से दूसरे लोग घायल भी हो सकते है। उल्लधंन करने वालों की पहचान करायी जायेगी।क्रेशर को तत्काल बनवा कर आम जनमानस को सुविधा दी जायेगी

**सख्त कार्रवाई की तैयारी:** एक संबंध में एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया कि जल्द ही इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।इसके बाद क्रेशर को तोड़कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को भी इस पर पैनी नजर रखने के लिए कहा गया है।

# 800 रुपये की दिहाड़ी व छोटे-मोटे रोल के साथ मैंने करियर की शुरुआत की : अभय वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। एक समय छोटी-छोटी भूमिकाओं से अपने करियर की शुरूआत करने वाले अभय वर्मा ने कई विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया। पानीपत से मुंबई आए अभय को 'फैमिली मैन' जैसी सीरीज में नोटिस किया गया। 'सफेद' की ट्रांसजेंडर की चुनौतीपूर्ण भूमिका के बाद इन दिनों वे 'मुंज्या' के बिट्टू के रूप में पसंद किए जा रहे हैं। वॉयस ऑफ लखनऊ ने उनसे विस्तार से बातचीत की।

**सिनेमा के प्रति भी पागलपन वाला प्यार:** अपनी फिल्म सफेद के बाद 'मुंज्या' में भी अभय एक ऐसा किरदार निभा रहे हैं, जो प्यार के लिए बहुत कुछ करता है। वे प्यार को परिभाषित करते हुए कहते हैं, 'जहां प्यार होता है, वहां सबसे प्यारी चीज होती है फिक्र, मुझे लगता है, जहां फिक्र नहीं होगी, वहां प्यार नहीं होगा। आज कल का जो प्यार है, न इंस्टेंट लव, मैं उससे खुद को जोड़ नहीं पाता। मैं रूहानियत वाले प्यार में यकीन करता हूं। मेरे लिए प्यार फिजिकैलिटी से ऊपर है और आज के जमाने में प्यार शरीर पर आकर खत्म हो जाता है। जो रूहानियत और स्प्रिचुअल बात प्यार में होनी चाहिए, वो आज कल मुझे मिसिंग लगती है। मेरी जिंदगी में इंसानी तौर पर जुनून वाला प्यार अभी आना बाकी है। मगर मैं अपनी मां से जुनून की हद तक प्यार करता हूं। मुझे सिनेमा के प्रति भी पागलपन वाला प्यार है।

**फिल्म 'सफेद' में एक ट्रांसजेंडर का किरदार निभाया:** अपनी पिछली फिल्म 'सफेद' में अभय एक ट्रांसजेंडर बने थे, जबकि 'मुंज्या' में वे आज के दौर के लड़के बने हैं, जो भूत से लड़ता है। अपनी भूमिकाओं के ट्रांसफॉर्मेशन के लिए वे कहते हैं, 'सफेद' के उस ट्रांसजेंडर को भी मैंने उसी शिद्दत से जिया। हालांकि वो भूमिका मेरे पास जब आई थी, तब उसे कई लोग मना कर चुके थे, मैं भी थोड़ा-सा पसोपेश में था, मगर मैंने जब वो भूमिका की, तो अपनी जान लगा दी। मुझे उस भूमिका पर गर्व है। 'मुंज्या' को तो हम सभी ने खूब इंजॉय किया। जहां तक ट्रांसफॉर्मेशन की बात है, तो बिट्टू 'सफेद' के किन्नर के विपरीत एक भोला-भाला प्यारा-सा किरदार है, जिसे करते हुए मुझे बहुत मजा आया।

**मनोज बाजपेयी के साथ करियर की शुरूआत की:** 'फैमिली मैन' में मनोज बाजपेयी के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए वे कहते हैं, 'जैसा कि हम सभी जानते हैं कि वे हम सभी के लिए अभिनय का एक इंस्टिट्यूट ही हैं। अभिनय में सबसे बड़ी चीज होती है कि आप अपने साथी कलाकार को सहज महसूस करवाएं। मनोज जी बहुत बड़े दिग्गज कलाकार हैं। जिस दिन मैंने 'फैमिली मैन' के सेट पर शूटिंग शुरू की, उस दिन उन जैसे बड़े कलाकार ने मुझे सेट पर जिस तरह से कंफर्टेबल महसूस करवाया, वो बहुत बड़ी बात थी। मैं तो खुद को बहुत ही खुशकिस्मत मानता हूं कि मैंने उनके साथ अपने करियर की शुरूआत की। वे सेट पर एक ऐसा कंफर्ट जोन क्रिएट करते हैं कि सामने वाला एक्टर भी परफॉर्म कर सके। उन्होंने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं खुद और अपने किरदार पर यकीन रखूं।

**रात के तीन बजे हम सभी डर गये थे:** मुंज्या' के सेट पर ही एक अजीब बात होती थी। हम सभी शूटिंग कर रहे थे। रात को हम सभी शूटिंग पूरी करने के बाद सो रहे थे। अगले दिन जब हम सभी सुबह उठे, तो हमने ब्रेकफास्ट टेबल पर डिस्कस किया कि रात के तीन बजे मेरी आंख खुली और जब मैंने ये बात सबको बताई, तो शरवरी (फिल्म की हीरोइन शरवरी वाघ) और मोना मैम (मोना सिंह) ने भी बोलीं कि उनकी आंख भी खुल गई थी तीन बजे और उन लोगों को भी कुछ अजीब-सा डरावना महसूस हुआ था। फिर तो सेट पर और भी दो-तीन लोगों ने रात के तीन बजे आंख खुलकर कुछ अलग-सा फील करने वाला अनुभव बताया।

### एक्टिंग स्कूल जाने के पैसे नहीं थे

अपने बैकग्राउंड और एक्टिंग की लगन के बारे में वे कहते हैं, 'मैं हरियाणा के पानीपत जैसे छोटे से शहर से हूं। हमेशा से अभिनय की चाहत रही। मगर हमारी माली हालत ऐसी नहीं थी कि किसी एक्टिंग स्कूल या इंस्टिट्यूट में दाखिल हो पाता। मेरे लिए अभिनय का पहला स्कूल मेरी जिंदगी रही। फिल्मों की बात करूं, तो महानायक बच्चन साहब की 'सात हिंदुस्तानी' से लेकर 'कल्कि 2898 एडी' तक का उनका सफर मेरे लिए एक ट्रेनिंग प्रोसीजर रहा। मैं परेश रावल साहब की अभिनय अदायगी से सीखता रहा।

### 'सुपर 30' में मैंने जूनियर आर्टिस्ट का काम किया

अभय ने आगे कहा, 'मैंने छोटी-छोटी भूमिकाओं से अपने करियर की शुरूआत की। 'सुपर 30' में मैं जूनियर आर्टिस्ट हुआ करता था और आप जानते ही हैं कि सेट पर जूनियर आर्टिस्ट को उसके पर डे का पैसा सबसे आखिर में मिलता है, तो जब मैं उस लाइन में अपने दिन भर के 800 रुपए लेने के लिए खड़ा होता, तब भी बड़ी बात नहीं कर रहा हूं, जेहन में यही सोचता था कि अभय अभी तो तो लाइन में खड़ा है, मगर तू यहां इसके लिए नहीं है। तू इंडस्ट्री में कुछ बड़ा करने आया है। मैंने रिजेक्शन भी खूब सहा है, मगर मैंने तय किया था कि मिले हुए मौकों में से मैं कुछ ऐसा चुनूंगा, जिसमें मैं अपनी मेहनत से चमक सकूं। मैंने विज्ञापन फिल्मों से काम की शुरूआत की और फिर मुझे 'फैमिली मैन' में मुझे एक अच्छी भूमिका मिली फिर सफेद में ट्रांसजेंडर बना। मैंने 'मुंज्या' की भूमिका के लिए पूरे एक साल तक इंतजार किया।

# योगिनी एकादशी 2 को, बन रहे हैं कई शुभ संयोग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस साल योगिनी एकादशी 2 जुलाई को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करने से भक्त के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही भक्त को मनोवांछित फल भी मिलता है। ज्योतिषियों के अनुसार, योगिनी एकादशी की तिथि पर दुर्लभ त्रिपुष्कर योग बन रहा है। इसके अलावा कई अन्य शुभ योग भी बन रहे हैं। इन योगों में भगवान विष्णु की पूजा करने से भक्त को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**योगिनी एकादशी व्रत पारण:** ज्योतिषियों के अनुसार, आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 1 जुलाई को सुबह 10.26 बजे शुरू होगी और अगले दिन यानी 2 जुलाई को सुबह 8.42 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, 2 जुलाई को एकादशी व्रत रखा जाएगा। वहीं, 3 जुलाई को पारण का समय प्रातः 05:28 बजे से प्रातः 07:10 बजे तक है। इस दौरान पूजा करके व्रत खोला जा सकता है।

**धृति योग:** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सुबह 11 बजकर 47 मिनट तक धृति योग बन रहा है।

**दुर्लभ त्रिपुष्कर योग:** इस दिन दुर्लभ त्रिपुष्कर योग सुबह 08 बजकर 42 मिनट से शुरू होकर अगले दिन यानी 3 जुलाई की सुबह 04 बजकर 40 मिनट तक रहेगा।

**सर्वार्थ सिद्धि योग:** 2 जुलाई की सुबह 5.27 बजे से 3 जुलाई को 04.00 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।

**शिववास:** योगिनी एकादशी पर शिववास योग भी बनने जा रहा है। इस दिन भगवान शिव सुबह 8.42 बजे तक कैलाश पर रहेंगे। इसके बाद वे नंदी पर सवार होंगे। इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करने से शुभ फल मिलते हैं। इस दिन बालव, कौलव और तैतिल करण योग का भी निर्माण हो रहा है। इनमें सबसे पहले बालव करण बन रहा है। फिर कौलव करण का योग है। निशा काल में तैतिल करण योग बन रहा है।

**योगिनी एकादशी की पूजा विधि:** योगिनी एकादशी के दिन सुबह उठकर स्नान पश्चात स्वच्छ वस्त्र धारण करें। श्री हरि विष्णु को पीला रंग प्रिय होता है, इसीलिए इस दिन पीला रंग धारण करें। भगवान विष्णु की पूजा करने के लिए चौकी सजाएं और विष्णु भगवान की प्रतिमा रखें। इसके अतिरिक्त, भगवान विष्णु पर पीले फूलों की माला अर्पित की जाती है। भगवान विष्णु को तिलक लगाएं। पूजा सामग्री में तुलसी दल, फल, मिठाइयां और फूल आदि सम्मिलित किए जाते हैं। इस दिन योगिनी एकादशी की कथा सुनें और अगले दिन व्रत का पारण करें।

**आषाढ़ मास के कारण बढ़ गया एकादशी व्रत का महत्व:** आषाढ़ मास होने के कारण इस बार योगिनी एकादशी का महत्व बढ़ गया है। इस लिए इस बार योगिनी एकादशी 2 शुभ योग में मनाई जायेगी। पाताल और स्वर्ग लोक में भी योगिनी एकादशी बहुत महत्व है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 1 जुलाई, सोमवार को सुबह 10:26 बजे शुरू होगी। यह मंगलवार 2 जुलाई को सुबह 8.44 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, जुलाई माह की पहली एकादशी 2 जुलाई को मनाई जाएगी। इस साल की योगिनी एकादशी पर शुभ योग बनने जा रहे हैं। इस दिन त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 2 जुलाई को सुबह 5.27 बजे से अगले दिन 3 जुलाई को सुबह 4.40 बजे तक रहेगा। त्रिपुष्कर योग 2 जुलाई को सुबह 8.42 बजे से 3 जुलाई को सुबह 4.40 बजे तक रहेगा। इन शुभ योगों में पूजा करने से दोगुना फल की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, योगिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा और व्रत करने से व्यक्ति को मृत्यु के बाद स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

## भगवान शिव को समर्पित प्रदोष व्रत 3 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** त्रयोदशी तिथि भगवान शिव को समर्पित है। हर महीने में कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि भगवान महादेव को समर्पित है। इस खास तिथि पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा प्रदोष काल में की जाती है। साथ ही शुभ फल की प्राप्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से भगवान महादेव की उपासना करने से मनचाहा जीवनसाथी मिलता है। साथ ही सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

पचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरूआत 03 जुलाई को सुबह 07 बजकर 10 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 04 जुलाई को सुबह 05 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत 03 जुलाई को किया जाएगा।

**प्रदोष व्रत का महत्व :** सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का अधिक महत्व है। इस दिन प्रदोष काल में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से जातक को हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है और जीवन में खुशियों का आगमन होता है। इस दिन शिव भक्त इस दिन का उपवास रखते हैं और कुछ भक्त भगवान को प्रसन्न करने के लिए मंदिर भी जाते हैं और रुद्राभिषेक करते हैं।

**प्रदोष व्रत पूजा विधि :** प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। साफ वस्त्र धारण कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। मंदिर में चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान शिव और मां पार्वती की मूर्ति विराजमान कर व्रत का संकल्प लें। शिवलिंग का शहद, घी और गंगाजल से अभिषेक करें। कनेर के फूल, बेलपत्र और भांग अर्पित करें। इसके बाद देशी घी का दीपक जलाकर आरती करें और शिव मंत्रों का जप करें। विधिपूर्वक शिव चालीसा का पाठ करना भी फलदायी साबित होता है। भगवान शिव को फल और मिठाई का भोग लगाएं। अंत में लोगों में प्रसाद का वितरण करें।

# स्मृति और अंशुमान की फिल्म 'सुहाग के बंटवारा' की शूटिंग शुरू



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यशी फिल्म्स प्रोडक्शन एक नई और धमाकेदार भोजपुरी फिल्म लेकर आ रहा है, जिसका 22 जून को भव्य मुहूर्त शूट किया गया। खूबसूरत एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा और एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत स्टारर फिल्म 'सुहाग के बंटवारा' के मुहूर्त के साथ ही शूटिंग भी शुरू हो गई है। इस फिल्म के निमार्ता विनय सिंह, पंकज तिवारी और मोनिका सिंह हैं।

फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार गुडूरी है। 'सुहाग के बंटवारा' एक पारिवारिक फिल्म है और फिल्म की कहानी पारिवारिक मूल्यों और संबंधों पर आधारित है, जो दर्शकों का दिल जीतने वाली है। फिल्म को लेकर निमार्ता और निर्देशक ने बताया कि 'सुहाग के बंटवारा' एक अनूठी कहानी है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देगी। फिल्म समाज के अनछुए पहलुओं को भी उजागर करेगी। उम्मीद है यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी. वहीं, स्मृति सिन्हा भी इस फिल्म को लेकर एक्साइटेड दिखीं और कहा, 'मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छू जाएगी।' एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत ने कहा, 'यह फिल्म मेरी अब तक की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है और मैं इसके लिए पूरी मेहनत करूंगा।' मालूम हो कि 'सुहाग के बंटवारा' की कहानी सुरेन्द्र मिश्रा और विवेक मिश्रा ने लिखी है। फिल्म के सह निमार्ता सी बी रमन हैं। इसमें स्मृति सिन्हा और अंशुमान सिंह राजपूत के अलावा ऋचा दीक्षित, अनुप अरोड़ा, जे नीलम और श्रद्धा नवल मुख्य भूमिका में हैं। 'सुहाग के बंटवारा' को इस साल के अंत तक रिलीज करने का है। फिल्म से जुड़े सभी लोग इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका मानना है कि यह भव्य मुहूर्त समारोह निश्चित रूप से भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा और 'सुहाग के बंटवारा' दर्शकों के बीच अपनी खास जगह बनाएगी।

# बच्चों ने सीखा गुरुग्रंथ साहिब का पाठ, अरदास व कीर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** गुरुद्वारा मानसरोवर गुरु तेग बहादुर नगर लखनऊ में पिछले 2 महीने से चल रही बच्चों की पंजाबी क्लासेस का आज हुआ समापन।

जहाँ गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सम्पूरन सिंह बग्गा ने सभी बच्चों को प्राइज वितरण किया। और 2 महीने से बच्चों को लगातार पढ़ाने वाले शिक्षक दविंदर सिंह, गुरमीत कौर, मनमीत कौर, मनप्रीत कौर, रवनीत कौर को गुरु का सम्मान दे कर सम्मानित किया। अध्यक्ष सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया की इन 2 महीने में बच्चों ने पंजाबी सीखाने के अलावा ओर भी बहुत कुछ सीखा जिसमे कर कीर्तन करना, तबला बजाना, गुरुग्राथ साहिब के पाठ करना, गुरुग्राथ साहिब के आगे अरदास करना एवं सिख कोम के इतिहास को जानना सीखा। अध्यक्ष ने सभी बच्चों का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने इतनी गर्मी में भी इतनी लगन ओर उत्साह से सिख कोम का इतिहास जाना ओर सीखा। इस कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह, सुरिंदर पाल सिंह, जसबीर सिंह, परमजीत चन्दर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त गुरु का लंगर वितरित किया गया।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता
## जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांकः-229/EE-6/LJS/2024-25 दिनांकः- 27.06.2024

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 04.07.2024 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 04.07.2024 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद / एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of Sumer Sible Pump 2nag at Ward Ambarganj | रू. 327720.00 | 6600 | रू. 350 | 07 दिन |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त** -1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**


# जुनैद की डेब्यू फिल्म 'महाराज' में नहीं दिखा दम, दर्शक निराश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म महाराज आखिरकार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म साल 1862 के महाराज मानहानि मुकदमा (लाइबल केस) पर आधारित है, जिस पर बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष बहस हुई थी।

यह फिल्म उस समय के प्रख्यात गुजराती पत्रकार और समाजसेवी करसनदास मुलजी पर बनी है, जो लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक बदलाव के कट्टर समर्थक थे। करनदास ने उस दौरान धार्मिक गुरु द्वारा भक्ति की आड़ में महिला अनुयायियों के यौन शोषण को उजागर किया था। सत्य घटना पर आधारित महाराज का विषय दमदार है, पर ना तो फिल्म और ना ही जुनैद प्रभाव छोड़ पाते हैं। गुजरात के वडाल में वैष्णव कुटुंब में करसनदास के जन्म के साथ कहानी आरंभ होती है। करसन को 'दास' होने पर बचपन से ही आपत्ति होती है। बचपन से ही जिज्ञासाओं के चलते तमाम सवाल करता है। दस वर्ष की आयु में मां के निधन के बाद उसकी जिंदगी का रुख बदल जाता है। मामा उसे अपने साथ बॉम्बे ले आते हैं, जो गुजरात के कपास व्यवसायियों का गढ़ है। बॉम्बे में वैष्णवों की सात हवेलियां हैं। वहां पर हुकूमत अंग्रेजों की थी, लेकिन हुक्म हवेली के मुख्य महाराज जदुनाथ महाराज उर्फ जेजे (जयदीप अहलावत) का चलता था। इस हवेली के पास ही करसन (जुनैद) के मामा का घर है। युवा करसन अखबारों के लिए लेख लिखता है। उसके लेख समाज के प्रभावशाली लोग भी पढ़ते हैं। करसन की सगाई किशोरी (शालिनी पांडेय) से हो चुकी है। किशोरी की महाराज में गहरी आस्था है। चरण सेवा के नाम पर वह भी महाराज को समर्पित हो जाती है। करसनदास सगाई तोड़ देता है। उधर मासूम किशोरी को समझ आता है, महाराज पाखंडी है। वह आत्महत्या कर लेती है। उसकी खुदकुशी से क्षुब्ध करसन पाखंडी महाराज की असलियत सामने लाने का बीड़ा उठाता है। उसके खिलाफ अखबार में लेख लिखना आरंभ करता है। उसे चुर करवाने के लिए कोई और चारा ना देख, महाराज तिलमिला कर उसके खिलाफ मानहानि का मुकदमा करता है। इस सफर में करसन के साथ विराज (शरवरी वाघ) भी आती है। कहते हैं कि सच्चाई बेहद कड़वी होती है, लेकिन जब सामने आती है तो होश उड़ जाते हैं। यहां पर वैसा बिल्कुल नहीं होता। जबकि यह विषय ऐसा है जिसमें असलियत सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश होना चाहिए। परदे पर यह बेहद ठंडा नजर आता है। 1860 के दौर में सेट इस फिल्म का परिवेश विश्वसनीय नहीं लगता है। कोर्ट रूम ड्रामा में दलीलें और जिरह है लेकिन कोई रोमांच या तनाव पैदा नहीं होता। कोर्ट रूम ड्रामा वर्तमान के मीटू आंदोलन की याद जरूर ताजा करती है। कलाकारों की बात करें तो जुनैद की यह पहली फिल्म है। बिना प्रचार प्रसार के रिलीज हुई इस फिल्म में वह एक समान भावों में ही नजर आए हैं। शरवरी अपनी गुजराती शैली और अंदाज में प्रभावित करती हैं। शालिनी पांडेय अपनी भूमिका के अनुकूल मासूम दिखी हैं। हालांकि उनके किरदार में गहराई का अभाव है। उनके किरदार से कोई सहानुभूति नहीं होती। सबसे बड़ी निराशा जयदीप अहलावत को देखकर हुई। धर्म गुरु की भूमिका में वह उस रौब और प्रभाव को पैदा नहीं कर पाते जो उनके पात्र की मांग थी। बहरहाल, आश्रम वेब सीरीज और फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है में पाखंडी धर्म गुरुओं की दुनिया बारीकी से देख चुके लोगों को महाराज में दर्शनीय कुछ नहीं लगेगा।

- **कलाकार : जुनैद खान, शरवरी वाघ, जयदीप अहलावत, शालिनी पांडेय**
- **निर्देशक : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा**

**रेटिंग-2/5**


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-4
## गोमतीनगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक - 147/ई.ई.-4/एल.जे.एस दिनांक 26.06.2024

अन्य कालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/ आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि 03.07.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन, सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि. 03.07.2024 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-4 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना, कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगल कार्य दिवस में खाली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of 10 Nos AQUAS electronic chlorinator injecter for different Tubewells of Jalkal Vibhag, Zone 4, Lko. | 8000.00 | Rs. 400 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त** -1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-4**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

# कई ट्रेनें रद, 18 गाड़ियों का बदला रूट, यात्री परेशान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरिद्वार, सहारनपुर रूट के यात्रियों के लिए यह सप्ताह आफत भरा होगा। रुड़की रेलवे स्टेशन पर गुरुवार से नॉन इंटरलाकिंग वर्क शुरू होगा। इसका मंडल में रेल संचालन पर असर पड़ेगा। 27 जून से 3 जुलाई तक चलने वाले वर्क के चलते मंडल में हरिद्वार, योगनगरी से संचालित ट्रेनें सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। रेलवे ने देहरादून-लखनऊ वंदे भारत समेत 22 ट्रेनों को रद किया है। वंदे भारत समेत आठ ट्रेनें तीन दिन, हरिद्वार-अमृतसर शताब्दी छह दिन रद रहेगी। जबकि मुरादाबाद-सहारनपुर मेमू, सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर और श्रीगंगा नगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन सात दिन रद रहेगा। रुड़की एनआई से 64 ट्रेनों पर प्रभावित होंगी। दुगनपुर में लूप लाइन के बाद अब रुड़की में यार्ड रिमाडलिंग की तैयारी है। रुड़की में एनआई वर्क का काम गुरुवार से शुरू हो रहा है। पहले चार दिन प्री एनआई और बाकी तीन दिन एनआई वर्क होगा। सात दिन चलने वाले रेल संचालन सुधार का असर कल से पड़ने लगेगा। रेलवे ने सहारनपुर रूट पर चलने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों को रद करने का फैसला लिया है। दो पैसेंजर और एक एक्सप्रेस ट्रेन 27 जून से 3 जुलाई तक रद रहेगी। जबकि वंदे भारत ट्रेन के एक से 3 जुलाई तक पहिए थमे रहेंगे।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दुगनपुर के बाद रुड़की में एनआई वर्क गुरुवार से शुरू होगा। इसके लिए रेल यातायात में फेरबदल किया गया है। एनआई वर्क के चलते 22 ट्रेनें रद रहेंगी। कुछ ट्रेनें सात दिन व कुछ को छह व तीन दिन के लिए रद किया है। जबकि 18 ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया जाएगा। मंडल में यात्री और गुड्स ट्रेनों के संचालन को रफ्तार मिलेगी। साथ ही मुरादाबाद से रुड़की और देवबंद होकर दिल्ली की रेल कनेक्टविटी होगी।

**रद होने वाली ट्रेनें:** वंदे भारत- 22457-58 एक से 3 जुलाई, योगा एक्सप्रेस-19031-32, 30 जून से 3 जुलाई, हरिद्वार-दिल्ली-(14303-04) एक से 3 जुलाई, हरिद्वार-दिल्ली (14305-06) एक से 3 जुलाई, उज्यिनी एक्सप्रेस-14309-10 2-3 व 3-4 जुलाई, हरिद्वार-अमृतसर -12053-54, 28 जून से 3 जुलाई, मुरादाबाद-सहारनपुर मेमू 04301-02, 27 जून से 3 जुलाई, सहारनपुर से देहरादून 04373-74 27 जून से 3 जुलाई, श्रीगंगानगर ऋषिकेश 14815-16 27 जून से 3 जुलाई।

**रास्ते में रुककर चलेंगी ये ट्रेनें:** बीकानेर-हरिद्वार, अमृतसर-लालकुंआ, योगनगरी-लक्ष्मीबाई नगर, ओखा-देहरादून, अमृतसर-बनमंखी, पाटलिपुत्र-चंडीगढ़, न्यूतिनसुकिया-अमृतसर, हरिद्वार-वलसाड, दुर्गियाना (अमृतसर-कोलकत्ता) और दरभंगा-जालंधर सिटी।

**रूट बदलकर चलेंगी ट्रेनें:** मुरादाबाद, मेरठ सिटी से सहारनपुर-लखनऊ-चंडीगढ़ इंटरसिटी, गोरखपुर-चंडीगढ़ स्पेशल, बनमंखी-अमृतसर, शहीद, डिब्रूगढ़-चंडीगढ़, अमृतसर-लालकुंआ, अकाल तख्त, रामनगर-चंडीगढ़, कोलकत्ता-नांगलडैम, दुर्गियाना, श्रीमाता वैष्णोदेवी-वाराणसी स्पेशल, वाराणसी से भटिंडा स्पेशल, गोहाटी से श्रीमाता वैष्णोदेवी स्पेशल, गोहाटी से जम्मूतवी स्पेशल।

**रुड़की में चार होंगे प्लेटफार्म, देवबंद के लिए कॉमन लूप लाइन:** एनआई के बाद रुड़की में प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ जाएगी। सहारनपुर रेल मार्ग पर रुड़की में नॉन इंटरलाकिंग का काम पूरा होते ही ट्रेनों का संचालन बेहतर हो जाएगा। रुड़की में अभी तीन प्लेटफार्म हैं। पर एनआई के बाद चौथा प्लेटफार्म बनेगा। इसी के साथ ही कनेक्टविटी के लिए कॉमन लूप लाइन भी तैयार होगी। एक लाइन पर देवबंद के लिए संचालन रहेगा। रुड़की से देवबंद जुड़ने से कनेक्टविटी और आसान होगी। देवबंद से मुजफ्फरनगर से होकर गाजियाबाद, दिल्ली आना-जाना आसान होगा। रेलवे का मानना है कि अभी मुरादाबाद से हापुड़, मेरठ होकर देवबंद के लिए सहारनपुर के लिए नौचंदी एक्सप्रेस संचालित है पर रुड़की से देवबंद जुड़ने के बाद आने वाले समय में इस रूट पर ट्रेनों को चलाया जा सकेगा।

## श्रीमद्भगवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार गीतापुरी खरगापुर स्थित त्रंबकेश्वर धाम मंदिर में गुरुवार को श्रीमद्भगवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से व्रती महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर भक्ति भाव से कलश यात्रा निकाली। महिलाएं क्षेत्र के पांच अन्य मंदिरों का भ्रमण करते हुए त्रंबकेश्वर मंदिर पहुंची। यहां कथा स्थल पर सभी कलशों को स्थापित किया गया। इसके बाद हवन पूजन हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष हर दत्त शंकर चौबे व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भगवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ तीन जुलाई तक होगा। कथा व्यास रामानुजदास पंडित पुनीत शुक्ल जी हर रोज शाम चार बजे से रात आठ बजे कथा सुनाएंगे।

## लविवि और इंडोनेशिया विवि के छात्र एक साथ कर सकेंगे शोध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय अब्दुरचमन सालेह सितुबोंदो अब एक साथ रिसर्च कर सकेंगे। एलयू के शिक्षक और विद्यार्थी इंडोनेशिया के विश्वविद्यालय में जा सकेंगे। वहां के छात्र-छात्राएं और शिक्षक एलयू आ सकेंगे। यह जानकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दी। उनका कहना है कि एलयू ने इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू किया है। जिसमें इन बिन्दुओं के साथ कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि विश्वविद्यालय लगातार उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ एमओयू कर रहा है। जिससे एलयू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को स्थापित कर सके। प्रो. राय बताते हैं कि इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय अब्दुरचमन सालेह सितुबोंदो के साथ एमओयू किया गया है। इसका उद्देश्य कई शैक्षणिक गतिविधियों में एक-दूसरे का सहयोग करना है।

## सीएमएस : बच्चों को बताया आग बुझाने और बचाव का तरीका

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित सीएमएस में गुरुवार को फायर इवैकुएशन एण्ड सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें अमेरिका, जर्मनी, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम, इंडोनेशिया, पुर्तगाल एवं भारत के बाल प्रतिनिधियों ने सूझबूझ से आग बुझाने एवं आग से बच निकलने का हुनर सीखा। बच्चों को आग से सुरक्षा, बचाव व रक्षा उपकरणों की जानकारी दी गई। सीएमएस के पीआरओ ऋषि खन्ना ने बताया कि 15-दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय यूथ मीटिंग में हिस्सा ले रहे छात्रों को विभिन्न प्रकार के रक्षा उपकरणों की जानकारी दी गई एवं उनका प्रयोग करके दिखाया गया।

# टाटा की तर्ज पर कैंसर संस्थान को विकसित करने की मंजूरी

## बेहतर और आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में उठे कदम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसकी कवायद तेज कर दी गई है। खास बात यह है कि संस्थान में गरीबों को पूर्व की भांति इलाज मिलता रहेगा।

संस्थान की 11 वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन, कुलसचिव डॉ. देवाशीष शुक्ला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कैंसर मरीजों को बेहतर और आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। टाटा में रेवन्यू शेयरिंग मॉडल लागू है। इसके तहत सशुल्क ओपीडी, भर्ती, जांच आदि सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसमें पंजीकरण कराने वाले मरीजों से होने वाली आय का कुछ हिस्सा डॉक्टरों को प्रदान किया जाएगा। बाकी संस्थान के खाते में जाएगा। जिससे संस्थान को विकसित करने में मदद मिलेगी।

**सामान्य मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज:** निदेशक डॉ. आरके धीमन का कहना है कि सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी, भर्ती जांच आदि की व्यवस्था पूर्व की भांति चलती रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार का रद्दोबदल नहीं होगा। सीएम, पीएम फंड, आयुष्मान, पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना आदि का लाभ मरीजों को मिलता रहेगा। जांच व इलाज का शुल्क भी सामान्य रहेगा।

**309 करोड़ बजट अनुमोदित:** निदेशक ने बताया कि संस्थान में सुविधाएं बढ़ाने के लिए 309 करोड़ रुपये के बजट भी अनुमोदित किया गया है। इससे संस्थान में मरीज व तीमारदारों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। जल्द से जल्द डॉक्टरों की नियुक्ति पूरी करने के लिए भी कहा गया है।

**नए कोर्स शुरू होंगे:** डॉ. आरके धीमन ने बताया कि चार विभाग में इलाज संग पढ़ाई भी होगी। डीएम इन आंको एनस्थीसिया, एमसीएच इन न्यूरो आंको सर्जरी, एमडी इन रेडिएशन आंकोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में पीडीसीसी कोर्स संचालित किया जाएगा। कोर्स संचालन की मंजूरी के लिए जल्द ही नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान के कई विभागों में पीडीसीसी व पीडीएफ कोर्स चल रहे हैं।

## केकेसी में बीए-एलएलबी, बीसीए और एमएससी जूलॉजी की पढ़ाई शुरू होगी

- कॉलेज में मानसिक परामर्श केंद्र की स्थापना होगी
- दो नए सेमिनार हॉल और जिम्नेजियम का आधुनिकीकरण होगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) ने आगामी सत्र 2024-25 से स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों को शुरू करने का प्लान तैयार किया है। इसके तहत पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी, बीसीए, एमएससी जूलॉजी, बीए भूगोल और मनोविज्ञान विषय के पाठ्यकम की शुरूआत होगी।

यूनिसेफ की मदद से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र की स्थापना की जाएगी। करियर परामर्श केन्द्र और उद्यमिता प्रबंधन केन्द्र के जरिए छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ी सलाह और ट्रेनिंग भी दी जाएगी। केकेसी के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने गुरुवार को कालेज परिसर में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने कहा कि अब पाठ्यक्रमों में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को और बढ़ाया जाएगा। नए सत्र में दो नए सेमिनार हॉल और जिम्नेजियम का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। योगा केन्द्र के सहयोग से केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के लिए 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य ने बताया कि बीते वर्ष कॉलेज प्लेसमेण्ट सेल के माध्यम से 265 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में रोजगार उपलब्ध कराए गए। 26 छात्रों ने सरकारी नौकरियां हासिल की। 110 छात्र-छात्राओं को निजी और 12 छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक उपक्रमों में पेड इन्टर्नशिप दिलाई गई। जबकि 1600 से अधिक छात्र-छात्राओं को सामान्य इन्टर्नशिप कराई गई। 1000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को पूरे वर्ष भर चले कार्पोरेट स्टूडेंट डेवलपमेंट कार्यकमों के तहत इम्प्लॉयबिलिटी स्किल विकास से जुडी ट्रेनिंग भी कराई गई है।

## एपी सेन में छात्र और छात्राओं के लिए बॉक्सिंग ट्रेनिंग होगी शुरू

**लखनऊ।** चारबाग स्थित एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्र और छात्राओं के लिए बॉक्सिंग प्रशिक्षण की शुरूआत होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 प्रावधानों के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2024-25 से ही बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोच नियुक्त कर लिए गए हैं। प्राचार्या का कहना है कि कॉलेज छात्राओं को न्यूनतम सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। बॉक्सिंग प्रशिक्षण कॉलेज की छात्राओं के साथ ही सभी के लिए खुला है। 15 से 40 वर्ष का कोई भी व्यक्ति पंजीकरण करा सकता है। बॉक्सिंग प्रशिक्षण के लिए दो बैच चलाए जाएंगे। लड़कियों का बैच सुबह और लड़कों का बैच शाम को चलाया जाएगा। एक जुलाई से शाम 4 बजे से लड़कों का बैच चलेगा। इच्छुक लोग एक जुलाई से शाम 4 बजे कॉलेज पहुंच कर या मोबाइल नंबर-9795028896 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 15 जुलाई के बाद लड़कियों का बैच शुरू होगा। प्राचार्या ने बताया कि इसके अलावा खेलकूद की गतिविधियों को और बढ़ावा देने के लिए लंबी कूद और ऊंची कूद का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## लविवि में सफाईकर्मी से अभद्रता का आरोप, प्रदर्शन

**लखनऊ।** लविवि में नियत वेतन पर कार्यरत सफाई कर्मी ने कर्मचारी परिषद के महामंत्री पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए गुरुवार को प्रदर्शन किया। लगभग आधा दर्जन कर्मचारियों ने परिसर में विरोध जताया। इस बाबत कुलपति को शिकायती पत्र भी लिखा है। जबकि महामंत्री ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने सफाई कर्मचारी पर कुलपति, कुलसचिव के खिलाफ अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। जिसकी शिकायत मुख्य कुलानुशासक से की गई है। एलयू के समाज कार्य विभाग में नियत वेतन सफाई कर्मी राजेश कुमार ने कर्मचारी परिषद महामंत्री संजय शुक्ला पर अभद्रता का आरोप लगाया है। सफाई कर्मी राजेश ने कुलपति को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि बुधवार को वह अपने 11 माह के सेवा विस्तार में एक दिन के अंतराल विषय के संबंध में पत्र बनाने के लिए पत्रकारिता विभाग गए थे। वहां पर महामंत्री ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। राजेश ने गाली देने और जान से मारने का भी आरोप लगाया है। वहीं महामंत्री संजय शुक्ला ने सफाई कर्मी राजेश पर इल्जाम लगाया कि वह कुलपति, कुलसचिव और मुख्य कुलानुशासक समेत कर्मचारी परिषद को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। मुझे एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी। महामंत्री ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत बुधवार को ही दोपहर तीन बजे कुलानुशासक से कर दी थी। महामंत्री ने आरोप लगाया कि सफाईकर्मी पहले भी कई शिक्षकों से अभद्रता कर चुका है।

## यात्री को बस स्टाफ पर नही उतारा तो चालक-परिचालक का कटेगा वेतन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चालक-परिचालक अब यात्री को यात्रा के दौरान बीच सड़क पर नही उतार सकते है। ऐसा करने पर चालक और परिचाल के वेतन से कटौती किया जायेगा। यात्रियों को सुरक्षित सफर के लिए बस ड्राइवरों को कई बातों का ध्यान रखना होगा। इसी के मद्देनजर बस चालकों की काउंसलिंग की जाएगी। बसों की निर्धारित गति सीमा, मादक पदार्थो के सेवन न करने के लिए जागरूक किया जाएगा जिससे यात्रियों को सुरक्षित और समय से बसें मिल सकें। चालक बीच सड़क पर यात्री उतारता है और यात्री लिखित शिकायत करता है तो उसके वेतन से पैसा काटा जायेगा। परिवहन निगम के एमडी ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि बस संचालन के दौरान ड्राइवरों पर नजर रखें। एक्सप्रेस वे और राजमार्गो पर ओवरटेक से बचें। यात्रियों को सड़क के बजाए किनारे बस रोककर सवारियों को उतारें और चढ़ाएं। एमडी ने कहा कि किसी भी दशा में ड्राइवर बस चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करेंगे। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और अंधे मोड़ पर सावधानी बरतनी होगी। यात्रियों से नम्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करना होगा। अधिकृत फूड प्लाजा और ढाबों पर ही बसों का ठहराव करें। जिससे कि किसी भी यात्री को खाने-पीने की समस्या न हो। यात्री की किसी भी समस्या पर चालक परिचालक को ध्यान देना चाहिए। बीते दिनो लखनऊ से गोरखपुर जारी एसी जनरथ बस में बैठे यात्री को परिचालक ने बीच रास्ते में ही उतार दिया था। यात्री के छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर बैठे रहे। जिसकी शिकायत मुख्यायल स्तर पर हुई थी। शिकायत के बाद निगम के प्रबंधन ने निर्देश जारी किया था।

# 24 कमरे में ईवीएम और वीवीपैट मशीन सुरक्षित, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ईवीएम और वीवीपैट मशीनो के देख रेख के लिए कैमरा और डबल लॉक लगाकर रखा गया है। 24 कमरे में रखे ईवीएएम मशीन का निरिक्षण करने के लिए गुरुवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार मोहनलालगंज स्थित निर्वाचन विभाग के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी मशीने सुरक्षित है या नही है इसके लिए महीने में एक बार निरिक्षण किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाये भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पाये गये। उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश वर्मा ने बताया की ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस में कुल 24 कमरे है। सभी कमरे जिसमे ईवीएम एवं वीवीपैट रखे गए है वह डबल लॉक से सील किए गए है। निरिक्षण के दौरान वेयरहाउस में पर्याप्त साफ सफाई पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयरहाउस में उपस्थित अग्निशमन उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया। सभी उपकरण कार्यशील अवस्था में पर गए। उक्त के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया की वेयरहाउस परिसर में छायादार वृक्ष का रोपण कराया जाए। परिसर की बाउंड्री वॉल के चारो तरफ वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पाटी से चक्रवीर सिंह एवं समाजवादी पार्टी से एडवोकेट राम लखन यादव तथा अपर जिलाधिकारी भूआ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी, मोहनलालगंज/प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस, शशांक उपाध्याय, तहसीलदार, मोहनलालगंज, लखनऊ एवं अभय किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ उपस्थिति थे।

## उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम गुरुवार 27 जून को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा का आयोजन बीते 13 जून से 18 जून तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 207 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। यह परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित की गईं। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 4,12,759 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 3,04,382 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 3,04,329 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा का परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की अधिशासी समिति के अनुमोदन के बाद घोषित किया गया और इसे परिषद के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

# नियुक्ति की मांग को लेकर चयनित लेखपालों ने घेरा राजस्व परिषद

- नव चयनित लेखपालों ने राजस्व परिषद परिसर में की प्रार्थना सभा
- लेखपालों ने परिषद से जल्द नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की मांग की



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लेखपाल भर्ती परीक्षा-2021 के चयनित लेखपालों ने गुरुवार को कैसरबाग स्थित राजस्व परिषद मुख्यालय का घेराव किया। सुप्रीमकोर्ट में पैरवी और जल्द से जल्द नियुक्ति की मांग को लेकर परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे नव चयनित महिला व पुरुष लेखपालों ने हाथों में तख्ती और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। सरकार से न्याय की गुहार लगाई।

नव चयनित लेखपालों ने बताया कि लेखपाल भर्ती 2021 का रिजल्ट दिसम्बर 2023 में आया। 7897 अभ्यर्थियों का चयन हो गया। इसके बाद नव चयनितों को तहसील आवंटन भी हो गया। फिर पुलिस वेरीफिकेशन व मेडिकल आदि की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। हरदोई के शिव प्रताप सिंह, नवरत्न व वसीम आदि बताते हैं कि इसके बाद कई मंडलों में लेखपालों की ज्वानिंग भी हो गई। लेखपालों ने काम भी शुरू कर दिया। इस बीच कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट गए और विवादित प्रश्नों को लेकर इसी वर्ष 13 फरवरी को स्टे लग गया। नव चयनित लेखपालों ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट में मार्च और अप्रैल में तारीख लगी लेकिन सरकार, आयोग व परिषद की ओर से पैरवी नहीं की गई। अब जुलाई माह में फिर से तारीख लगी है। नव चयनित लेखपालों ने सरकार व परिषद से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकीलों द्वारा पुख्ता तरीके से पैरवी कराए जाने की मांग की है। नव चयनित लेखपालों ने सरकार से प्रदेश में लेखपालों की कमी होने के बाबत हलफनामा देकर स्टे हटवाए जाने की गुहार लगाई। स्टे हटने के एक सप्ताह में नियुक्ति दिए जाने की मांग की।

## बिना बुक किये सामान बस में नहीं ले जा सकेंगे चालक-परिचालक

- होगी बर्खास्तगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परिवहन निगम के बस में बिना माल बुक किये संविदा चालक और परिचालक तीन से अधिक बार पकड़े जायेगें तो उनको नौकरी से हटा दिया जायेगा। वहीं नियमित कर्मचारी बिना बुक के माल ले जायेगा तो उसको निलंबित करने की कार्रवाई किया जायेगा। ये बाते परिवहन निगम की 248 वी बैठक के दौरान अध्यक्ष वेंकटेश्वर लू ने सहित अन्य प्रबंधन ने पास किया।

निर्देशक मंडल की बैठक में परिवहन निगम की विभिन्न परिसंपत्तियों एवं शासन प्रशासन के माध्यम से समय-समय पर क्रियान्वयन की जा रही योजनाओं तथा राजस्व विभाग में निगम की पर संपत्तियों के अभिलेख में देखकर इससे जुड़े मामले में प्रभावी कदम उठाने के लिए सेवा निवृत उप जिलाधिकारी अथवा अपर जिलाधिकारी को संविदा अभिलेख मानदेय पर रखने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ-साथ सीतापुर रोड योजना जानकीपुरम लखनऊ में बस अडडे के लिए आरक्षित भूमि का भुगतान एवं पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया। परिवहन निगम की बसों में व्यावसायिक व बिना बुक भर ले जाने की स्थिति में पकड़े जाने पर प्रसमन शुल्क अधुरित किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया यदि लगेज का स्वामी बस में उपस्थित होता तो टिकट के बराबर पेनल्टी वसूली जाएगी यदि स्वामी नहीं है तो टिकट की डबल पेनल्टी जाएगी चालक परिचालक से संविदा कार्मिक तीन बार से अधिक बिना बुक बाहर ले जाते पकड़े जाने पर संविदा समाप्त की जाएगी तथा नियमित कर्मचारियों को भुना बिना बुक बाहर ले जाते हुए पकड़े जाने पर निलंबित करके अनुशास्तिक कार्रवाई की जाएगी। परिवहन निगम मुख्यालय में निदेशक मंडल की 248वी बैठक अध्यक्ष वेंकटेश्वर लू मासूम अली सरवर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या अपार प्रबंध निदेशक केपी सिंह विशेष सचिव परिवहन दिलीप कुमार अग्रवाल वित्त नियंत्रक, राम सिंह वर्मा, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक, अशोक कुमार सचिव निगम एवं नियोजन तथा वित्त विभाग के प्रतिनिधियों तथा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। क्षेत्र में प्रथम चालक टेस्ट में उत्तीर्ण पाए जाने वाले संविदा चालक अभ्यर्थियों का द्वितीय चालक टेस्ट इंस्टिट्यूट आफ ड्राइविंग एंड रिसर्च दिल्ली से कराई जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। निदेशक मंडल द्वारा परिवहन निगम के परावर्तन दलों द्वारा किए गए प्रवर्तन कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया, चेक की गई बसें, वसूले गए प्रशमन शुल्क तथा पकड़े गए बिना टिकट यात्रियों की संख्या में वृद्धि परिलक्षित हुई है। दुर्घटनाओं की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए। नीलम के सामान की आरक्षितदरें एमएसटीसी पोर्टल पर प्रदर्शित करने का अनुमोदन किया गया जिससे अधिक कंडम सामग्री को नीलाम किया जा सके।

संक्षेप

## पति पत्नी ने आपसी कहसुनी के चलते खाया जहर दोनो की मौत

**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त कोहराम मच गया जब आपसी कहासुनी के चलते पति और पत्नी दोनो ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके चलते दोनो की हालत बिगड़ने लगी आननफानन में परिजनों ने दोनो को महोली सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया जहां पति को चिकित्सकों ने मृत घोषित करदिया वही पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई पूरा मामला महोली क्षेत्र के कुवरपुर गद्दी का है ग्रामीणों ने बताया की 28 वर्षीय आशीष पुत्र कमलेश और उसकी पत्नी उमा पत्नी 25 वर्षीय उनकी ग्यारह माह की बेटी की तबियत अचानक बिगड़ गई जिसके इलाज के लिए दोनो चिकित्सक के पास गए थे वहां से लौटने के बाद दोनो में किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी हुई जिसपर दोनो ने आक्रोश में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे दोनो की मौत हो गई परिजनों के मुताबिक आशीष का विवाह दो वर्ष पूर्व ही दौली से हुआ था दानों की मौत के बाद परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है वही पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

## छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी

**सीतापुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज की जयन्ती सरदार पटेल सेवा संस्थान बिसवां के तत्त्वाधान में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज भारत के गरीबों, पीड़ितों, शोषितो, वंचितो को न्याय दिलाने के लिए प्रयास करते रहे। उन्होंने सामाजिक आजादी दिलाने का काम किया। वे आरक्षण व्यवस्था के जनक, महान समाज सुधारक थे। पिछड़ों के हितैषी, समता मूलक समाज बनाने के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। सामाजिक परिवर्तन के महान योद्धा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भग्गा प्रसाद वर्मा ने की। संचालन अमर सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में रोहित सिंह पटेल, प्रदीप वर्मा, आलोक वर्मा, यशवीर सिंह, मोहित सिंह पटेल, प्रवीण वर्मा, सतेन्द्र वर्मा, मदन लाल वर्मा, मनोज वर्मा, आरएन वर्मा, जानवी सिंह, आर्ष वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## विवाद में चली लाठियां, तीन घायल

महोली/सीतापुर। कोतवाली इलाके ग्राम केदार खेड़ा निवासी श्रीपाल पुत्र बन्ना सिंह का परिवार के ही संतोष से विवाद हो गया। तकरार इस कदर बढ़ी की दोनों पक्ष लाठियां निकाल लाए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठियां भांजी। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराया। लेकिन तब तक एक पक्ष से श्रीपाल व उसकी बहू रीता पत्नी सर्वेश तथा दूसरे पक्ष से संतोष की पत्नी रेखा घायल हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ महोली कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

## किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा- सुनील अर्कवंशी

**सीतापुर।** सुभासपा ने गुरुवार को पिसावां विकास खण्ड क्षेत्र के शिवराजपुर गांव स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी रहे। मुख्य अतिथि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शोषित पीड़ित समाज की आवाज को बुलंद करने वाले नेता ओमप्रकाश राजभर आज अपनी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे पिछड़े व शोषित समाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। अपने किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आम आदमी को मिल रहा है। सरकार सर्व समाज के लिए काम कर रही है। पात्रों को प्रधानमंत्री आवास बिना किसी भेदभाव के सरकार ने सभी को देने का किया है।

आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज सुभासपा बड़े दल के रूप में उभरी है। हमेशा सर्व समाज के हित की बात करने वाले हमारे नेता ओमप्रकाश राजभ कर जागरूक कर उनके हक और इंसाफ की बात की हैं।

# निपुण भारत योजना के तहत बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये: अभिषेक आनंद

जिला संवाददाता(vol)



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ परिचय लेते हुये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये, उसका शतप्रतिशत लाभ पात्रों को दिया जाये तथा जो भी आवेदन जिस स्तर से लम्बित हों, उस अधिकारी व कर्मचारी से समन्वय स्थापित करते हुये उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को बेहतर किया जाये। स्कूलों की बाउन्ड्री व टायलिंग आदि का कार्य संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर पूर्ण कराया जाये। निपुण भारत योजना के तहत बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये। मानसून का समय चल रहा है, जिससे गांव में बीमारियों का प्रकोप अधिक रहता है, जिसकी रोकथाम के लिये उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व एमओआईसी समन्वय स्थापित करते हुये बचाव हेतु सभी तैयारियां समय से पूरी करें तथा किसी प्रकार की कोई कमी नही होनी चाहिये, इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नही होगी। एक अभियान चलाकर सभी गांव की साफ-सफाई व एण्टीलार्वा का छिड़काव अवश्य कराया जाये। डेंगू व मलेरिया का प्रकोप इस मौसम में बहुत अधिक रहता है, इसके बचाव हेतु सभी सम्भव तैयारियां पहले से ही पूरी की जायें। दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। डेंगू वार्ड व मलेरिया वार्ड हर चिकित्सालयों में स्थापित किया जाये तथा ब्लड बैंकों में ब्लड की पर्याप्त मात्रा बनी रहे। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य निमार्णाधीन है, उसको ससमय पूर्ण किया जाये तथा जो सड़कें मरम्मत योग्य हैं, उनको दुरूस्त करा दिया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों के क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित होते हैं। उसकी रोकथाम हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जायें। जहां पर लोगों व मवेशियों को स्थानान्तरित किया जाये, वहां पर उन सबके लिये सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी जायें ताकि किसी को भी किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। बाढ़ के समय आने वाली बीमारियों से बचाव हेतु सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाये, जो भी योजनाएं संचालित है वह धरातल पर दिखें। केन्द्र व राज्य सरकार की मंशानुरूप ही हम सबको कार्य करना है। किसी भी लाभार्थी का अनावश्यक परेशान न किया जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवागंतुक डीएम अभिषेक आनन्द ने कार्यभार किया ग्रहण

**सीतापुर।** नवागंतुक जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सोमवार को कोषागार के डबल लॉक में चार्ज लिया। कोषागार के डबल लॉक का चार्ज ग्रहण करते समय मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि शासन के आदेश के क्रम में कार्यभार ग्रहण किया है। आज प्रथम दिन है, जिसमें आज राजस्व एवं विकास के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी एवं शासन की जो प्राथमिकता है कि लोगों की समस्याओं का हम निस्तारण करेंगे। बारिश का मौसम हैं, बाढ़ से प्रभाव आने हैं, उस पर भी हम कार्य करेंगे। नैमिष तीर्थ का भी विकास किया जा रहा है, उस पर भी कार्य करेंगे। बाढ़ क्षेत्र की जो भी तैयारियां हैं वह भी चल रही है, उसकी भी समीक्षा करेंगे तथा वहां पर लोगों को जो भी राहत पहुंचा सकते हैं, उसकी भी पूरी तैयारी करेंगे। फरियादियों की शिकायत को लेकर शासन की जो मंशा है, उस पर भी हम हर सम्भव प्रयास कर निस्तारण करेंगे।

## नगरीय निकायों का गहनता से निरीक्षण करे: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कोषागर में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय व राजस्व अधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के साथ के बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी से जनपद में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। अपूर्ण योजनाओं को जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। जल जीवन मिशन व स्वच्छता को प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश भी प्रदान किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह से जनपद में बाढ़ प्रभावित तहसीलों व क्षेत्रों की जानकारी लेकर अब तक बाढ़ रोकथाम व राहत सामग्री आदि की बनाई गई रणनीति की बिंदुवार जानकारी ली व निर्देश दिए कि गत वर्ष जो भी क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुयें है, वहाँ की समस्याओं को चिन्हित कर लगातार मौका मुआयना किया जाये, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहे।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत नगरीय निकायों का गहनता से निरीक्षण कर सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार सिंह, राजस्व के अधिकारी एवं सभी उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं, संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश।

## गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुना एवं दूरभाष पर वातालर्प कर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

# मार्ग निर्माण न होने की शिकायत मुख्यमंत्री से

जिला संवाददाता(vol)



**पाटन, उन्नाव।** उन्नाव रायबरेली एन एच 31 से निर्गत होकर रावतपुर बिहार क्षतिग्रस्त लिंक मार्ग का निर्माण न करे जाने से आवागमन व हो रही दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर जन समस्या को देखते हुए मार्ग के निर्माण कराए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार उन्नाव रायबरेली एन एच 31 मार्ग से निर्गत होकर लखनऊ मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला रावतपुर बिहार लिंक मार्ग जो कई ग्राम सभाओं को जोड़ता है एनएच मार्ग के निर्माण के समय लिंक मार्ग तोड़ दिया गया था किंतु मार्ग का निर्माण विभागीय उदासीनता के कारण अब तक नहीं कराया गया है निर्माण न कराए जाने से जमीन की सतह से मार्ग की ऊंचाई लगभग 10 मीटर होने के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटहिल हो रहे हैं बुधवार को देर शाम इसी लिंक मार्ग से उतरते समय ट्रैक्टर पलट गया जिसमें सवार लोग व ड्राइवर बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने लिंक मार्ग के निर्माण कराए जाने को लेकर अधिकारियों सहित उप जिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज कुमार द्विवेदी को प्रार्थना पत्र देखकर मार्ग निर्माण कराए जाने की गुहार कर चुके हैं। किंतु विभाग द्वारा ग्रामीणों की शिकायत को अनसुना कर यह कह दिया गया कि मुझको जो काम करना था मैंने कर दिया और लिंक मार्ग के निर्माण से अपना पल्ला झाड़ रहे हैं मार्ग निर्माण न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है क्योंकि उक्त मार्ग से गांव रावतपुर के अतिरिक्त बिहार व अन्य गांव के लोगों का इसी मार्ग से आना जाना है बड़े वाहनों के लिए एकमात्र यही मार्ग है। पी एन सी विभाग द्वारा लिंक मार्ग का निर्माण न करे जाने पर क्षेत्र व गांव के जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता, सर्वजीत सिंह, भीखू, वीरेंद्र, बबुले, आशीष साहू, प्रमोद, श्री कृष्णा, मनोज कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, विनीत चैरसिया, प्रेम कुमार, तेज कुमार, सुनीता सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, धुन्नी दीक्षित आदि सैकड़ो लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जनहित में लिंक मार्ग को आवागमन हेतु बनाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी जानकारी दी कि यदि अभिलंब लिंक मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया तो अग्रिम बड़ी कार्यवाही के लिए विवस होंगे जिसकी नैतिक जिम्मेदारी

# आदेश के बावजूद नही भर पाये तालाब मवेशी और पक्षी प्यास से व्याकुल

जिला संवाददाता(vol)

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र में बरसात न होने से गांवों के तालाब धूल उड़ा रहे वहीं मवेशी एवं पक्षी व्याकुल हो रहे है, साथ ही गांवों में लगे हैंडपंप भी जल विहीन हो चुके है जबकि उनकी मरम्मत अभिलेखों में हो गई है, प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने में क्षेत्र के कर्मियों ने महारत हासिल कर लिया है। फतेहपुर चौरासी में उच्चाधिकारियों के आदेश भी कर्मचारियों के ठेंगे पर होते हैं। ब्लाक की अधिकांश ग्राम सभाओं में तालाब नहीं भरे गए। मवेशी भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान हैं। अबतक वर्षा न होने से तालाबों में पानी नहीं है। जबकि ग्राम सभाओं में तमाम काम दिखाकर भुगतान होते रहते हैं जबकि हकीकत में देखा जाए और ग्राम सभाओं में स्थलीय जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी साफ नजर आ जायेगा। ग्राम सभाओं की समस्या पर बात करने पर ग्राम सचिवों द्वारा लगभग एक साल से यही रोना रोया जा रहा है कि पैसा नहीं है या अभी डोंगल नहीं चालू है या अभी खाते नहीं चल रहे हैं। जब इतनी समस्याएं ब्लाक में हैं तो क्षेत्र में अधिकांश तालाबों में धूल उड़ती दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं हैंडपंपों की दशा भी नहीं सुधर पाई। गांवों में हैंडपंप बिगड़े पड़े हैं लोग पीने के पानी के लिए भटकते रहते हैं। लेकिन क्या मजाल जो ब्लाक कर्मियों और गांवों के जनप्रतिनिधियों के कान में जूं रेंग जाए। यदि ऐसा ही ब्लाक की कार्यशैली, ग्राम सचिवों का मनमानापन, और प्रधानों की जनता के प्रति संवेदनशीलता रही तो ग्रामीणों की उच्च स्तर तक सुनवाई होने का जो विश्वास है उस पर भी प्रश्न चिन्ह लग जायेगा और शासन की विकास की मंशा धरी की धरी रह जायेगी। बहरहाल अभी तालाबों में पानी न होने से मवेशी परेशान हैं।

# विद्युत विभाग की मनमानी जारी, बिना मानक दे दिया कामर्शियल कनेक्शन

**अजगैन, उन्नाव।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की साठगांठ से आइसक्रीम फैक्ट्री को अवैध तरीके से 180 मी का कमर्शियल कनेक्शन बिना एस्टीमेट के दे दिया गया जो विद्युत विभाग के नियमों को विरुद्ध है। अजगैन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है जिसको सुनकर विभाग की उच्च अधिकारियों के पैरो तले जमीन खिसक जाएगी। हसनपुर विकासखंड के विशाल भारद्वाज ने अजगैन विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया है। मध्यांचल के प्रबंधक निदेशक को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि अवर अभियंता 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अजगैन के संरक्षण में लगातार गलत कार्य किया जा रहा हैं। हसनगंज अधिशासी अभियंता की भूमिका भी संदिग्ध है जिनके संरक्षण में बिना एस्टीमेट के अवैध तरीके से कनेक्शन व लाइन शिफ्ट हो चुकी है हाल फिलहाल में एक आइसक्रीम फैक्ट्री को कमर्शियल कनेक्शन बिना एस्टीमेट के नियमों के विरुद्ध 180 मी कनेक्शन दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि नवाबगंज स्थित सेवा हॉस्पिटल को बिना एस्टीमेट के फरवरी 2023 को जेई आशुतोष कुमार तिवारी व अधिशासी अभियंता हसनगंज के मिली भगत से लाइन शिफ्ट किया गया था।

### जांच टीम गठित हुई पर कार्रवाई नहीं हुई

इन अधिकारियों पर विभाग की तरफ से जांच भी चल रही है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि उच्च स्तरीय अगर जांच की जाए तो बड़े भ्रष्टाचार के जद में संबंधित अधिकारी आ सकते हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार ?

इस मामले में जब स्थानीय अवर अभियंता आशुतोष तिवारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नही उठ सका।

### आज बाधित रहेगी आपूर्ति

नैमिषारण्य/सीतापुर। नया विद्युत उपकेन्द्र पर ट्रांसफार्मर की क्षमता व्रद्धि का कार्य किया जाएगा इस कारण आज सुबह 8 बजे से 10 बजे तक दो घण्टे के लिए नैमिषारण्य नगर एवम निरीक्षण भवन फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी।

उक्त जानकारी नैमिषारण्य के अवर अभियंता अलंकृत मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि नैमिषारण्य में आज ट्रांसफार्मर की क्षमता व्रद्धि का कार्य किया जाएगा ।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई सैनिक बंधु की बैठक



**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में ह्यह्यजिला सैनिक बन्धुह्यह्य की बैठक मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। तत्पश्चात पूर्व में सम्पन्न जिला सैनिक बन्धु बैठक में उठाये गये लम्बित बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में प्रस्तावित योजनाओं यथा जनपद के प्रत्येक गॉव में लाइब्रेरी एवं खेल के मैदान आदि के बारें में जानकारी दी व उसमें पूर्व सैनिकों की भागीदारी पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनकी समस्याओं को कार्यालय के प्रत्येक कार्य दिवसों में सुनकर, जिला प्रशासन एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ सामन्जस्य मिला कर विविध समस्याओं को निस्तारित कराया जायेगा। साथ ही पूर्व सैनिक नायक सुवेद शुक्ला जी ने पूर्व सैनिकों को आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन के सहयोग हेतु भी निवेदन किया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि कक्षा 1 से 12 तक शैक्षिक सहायता, तकनीकी शिक्षा हेतु प्रधानमंत्री शैक्षिक सहायता, पुत्री विवाह अनुदान आदि सरकार की योजनाओं को भी लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सैनिकों ने सोल्जर बोर्ड, उन्नाव द्वारा नियमित आयोजित कराये जाने वाली ह्यह्यजिला सैनिक बन्धु बैठकह्यह्य के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को त्वरित निस्तारित कराये जाने के प्रयासों की प्रशंसा की।

स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ गठित ह्यह्यसशस्त्र सेना झण्डा दिवस फण्डह्यह्य में अधिक से अधिक अनुदान राशि जमा कराने का अनुरोध किया। इस पुनीत कार्य हेतु बैठक में उपस्थित समस्त लम्बित विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को अधिकाधिक धनराशि संग्रहीत कराकर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कराने हेतु अनुरोध किया गया, ताकि इस पुनीत कार्य में जनपद उच्च स्थान प्राप्त कर सके। बैठक में जनपद के अधिकारी दीपक कुमार सिंह, सी0ओ0 सिटी, यतेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रीमती आस्था सिन्हा, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी, एस.के. गौतम, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता यू0पी0 सिडको, अनुज कुमार, वरि. सहा. उद्योग विभाग पूर्व नायब सुबेदार मिर्जा इदरीस बेग, पूर्व सुबेदार मेजर राजेश कुमार मिश्र, पूर्व जे0डब्लू0ओ0 हरीपाल यादव पूर्व सैनिक हव0 ए0, विनीता, उमाकान्त, संजय एवं भारी संख्या में पूर्व सैनिक व उनके आश्रित उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में लगातार हो रही भैस चोरी की घटनाएं, पशुपालक परेशान

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में चोरों ने बीती रात भैंस चोरी की एक और घटना को अंजाम दिया। भैंस चोरी की घटना न थमने से पशुपालकों में काफी भय व्याप्त है तथा रातों की नींद हराम हो गई है। बिहार थाना क्षेत्र में भैंस चोरी का यह सिलसिला लंबे अरसे से चला आ रहा है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है शिकायत के बाद भी भैंस चोरी का खुलासा व चोरों की धर पकड़ न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन भैंस चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वर्षों से चले आ रहे इस भैंस चोरी के घटना में अब तक सैकड़ो भैंस चोर चुरा ले गए हैं लेकिन शिकायत के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात होने के कारण अपने इस कार्य को अंजाम दे रहे। भैंस चोर बुधवार की रात रामपुर खरही निवासी बलिकरन राजपूत की कीमती भैंस चुरा ले गए। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति चारा पानी कर सो गया दरवाजे बंधी भैंस को रात लगभग 1:00 बजे लोडर में लाद कर भैंस चुरा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने लोडर को गांव के बाहर एक पुलिया के पास खड़ा किया था और एक भैंस को लादने में सफल रहे। वहीं अन्य भैंसों को चुराते इससे पहले गांव के लोग भैंस चोरों के गांव में आने की आहट सुनकर उन्हें दौड़ा लिया। पशुपालकों व ग्रामीणों को आता देख चोर लोडर में लदी भैंस लेकर भाग निकले।

## मखुआपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**सीतापुर।** गुरुवार को क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन खैराबाद विकास खंड के ग्राम मखुआपुर में किया गया। टूनामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने शॉट लगाकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। इसलिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार खेलों के उत्थान के लिए तमाम प्रयास कर रही है। गांव से प्रतिभावान खिलाड़ी निकलें। इसलिए खेलो इंडिया के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्रवण शुक्ला व ग्राम प्रधान नैमिष बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने ऐसा आयोजन किया। ब्लाक प्रमुख ने खिलाडियों से कहा कि यह समय कैरियर बनाने के समय है, इसलिए खेलों के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान दें। इस मौके पर उन्होंने खिलाडियों का जमकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि बच्चों के शारीरिक व बौद्धिक के लिए ऐसे खेल बहुत उपयोगी हैं। इस मौके पर आयोजन मंडल ने मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि का फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। आयोजक ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि ऐसे टूनामेंट अब होते रहेंगे। गांव के खिलाड़ी भी प्रदेश व देश स्तर पर नाम रोशन करें, इसका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर प्रधान अरविंद यादव, गणेश विश्वकर्मा, प्रधान शिवा लोधी आदि मौजूद रहे।

## गुरुवार को उमस ने हर किसी को किया परेशान



सीतापुर। जिले के लोगों की गुरुवार की सुबह जब नींद खुली, तो आसमान में बादल छाए हुए थे। इन्हीं बादलों के बीच सूर्योदय हुआ। बादलों की लुकाछिपी के बावजूद तेज धूप लोगों को परेशान करती रही। दिन चढ़ने के साथ सूर्य ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर होते-होते जिले का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में घरों में लगे पंखे व कूलर जवाब दे गए। तपिश से बचने के लिए लोग नदी, नहरों व स्वीमिंग पूल में नहाते नजर आए। हर कोई भीषण गर्मी से परेशान नजर आया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बागों में पहुंचकर इस भीषण गर्मी से बचने का प्रयास करते नजर आए। दोपहर बाद तो बादल भी छंट भी गए। जिससे लोगों को कड़ाके की धूप से सामना करना पड़ा। बुधवार की अपेक्षा जिले के तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस का उछाल देखा गया। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## एबीवीपी ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के ढुलमुल रवैया का विरोध कर जताया आक्रोश



**बिसवां /सीतापुर।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में छात्र के आत्महत्या का विरोध कर रहे विद्यार्थियों के निष्कासन का मामला तूल पकड़ने लगा है। निष्कासित छात्रों के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोल दिया। प्रदेश के कई जिलों में कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गया है। इसी क्रम में बड़ा चैराहा बिसवां पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कुलपति बिजेंद्र सिंह का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। कुलपति बिजेंद्र सिंह को निलंबित तथा छात्रों के निष्कासन को रद्द करने की मांग के साथ साथ कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के इस मामले में चुप्पी का विरोध भी करते हुआ कहा की कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही छात्रहित विरोधी है 2011 के विधान सभा घेराव में इन्होंने छात्रों शक्ति का दमन करने का कार्य किया था। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ल ने कहा किछात्र हितों के लिए जो भी करना पड़े संगठन करेगा, उन्होंने कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह को तानाशाह बताते हुए कहा कि जब तक छात्रों का निष्कासन रद्द नहीं किया जाता विद्यार्थी परिषद संघर्षरत रहेगी, वीसी की दमनकारी नीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का दायरा बढ़ाया जाएगा, छात्र के साथ अन्याय को विद्यार्थी परिषद कभी नही सहन करेगी।

इस मौके पर विभाग संयोजक अमन अवस्थी, जिला विस्तारक कुलदीप गुप्ता , जिला सह संयोजक दिव्यांशी गुप्ता, अमन दीक्षित , कृतार्थ मिश्रा, नीरज यादव, आयुष चैधरी, सह मंत्री विदुषी मिश्रा , सह मंत्री हर्षित पांडेय , सह मंत्री अनुराग मिश्रा , सह मंत्री शिवा पांडेय , माणिक पांडेय , मानस त्रिपाठी , सुमित मिश्रा , रवि सिंह राठौर , शिवम वर्मा , प्रिंस मिश्रा , हर्षित मिश्रा , नारायण मिश्र , कार्तिक शुक्ल , पवन गुप्ता , अरुण राज , रोहित अवस्थी , ऋतुपर्ण सिंह, अभय सिंह, आकाश अवस्थी, गोपाल, अंकुर सोनी, तहसील सयोंजक अकुंर बाजपेयी, सह सयोंजक अकाश बाजपेयी, नगर मंत्री मुकेश, राम किशन, सुल्तान, अरमान, जतिन अवस्थी, रोहित यादव, अभिषेक मिश्रा, अर्पित मिश्रा, विनय रितिक, बिसवां ग्रामीण नगर मंत्री राजा रावत, कान्हा शुक्ला आदि कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

संक्षेप

## रोजगार मेला 29 को

**बांदा।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में 29 जून को सवेरे 10 बजे एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशों के चलते आयोजित किए गये रोजगार मेले में अनेक कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चुनाव करेंगी। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों से कहा है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी सभी शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियां एवं फोटो लेकर इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में काफी बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

## दबिश देकर पुलिस ने पकड़ी कच्ची शराब

**ललितपुर।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में तालबेहट पुलिस ने कबूतरा डेरा गनेशपुरा बन्दरैला में दविश देकर चार अभियुक्तों को धर दबोचा है। पुलिस ने मौके से 960 अवैध कच्ची शराब बरामद की है तो वहीं दस हजार लीटर अवैध लहन को नष्ट किया गया।

बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब/मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तालबेहट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कबूतरा डेरा गनेशपुरा बन्दरैला में दविश दी। इस दौरान पुलिस ने रोमा पत्नी मुकेश कबूतरा, अरीना पत्नी आनंद कबूतरा, चांदनी पत्नी दुर्गेश कबूतरा, संजना पुत्री राजू कुशवाहा को हिरासत में लिया है। इस दौरान निरीक्षक हरिशंकर चंद, उ.नि. बाली सिंह भदौरिया, उ.नि.रमेश सिंह, हे.कां.अतुल कुमार, हे.कां.दिलीप कुमार, कां.शिवम गुप्ता, कां.जितेन्द्र सिंह, कां.आदर्श द्विवेदी, म.कां.आस्था उत्तम आदि मौजूद रहे।

## बचत करने में ललितपुर के लोग सबसे आगे

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय बचत के समस्त अभिकताओं पर नियंत्रण/सामंजस्य सरखते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्षिक लक्ष्य 7156 लाख के सापेक्ष 14447.56 लाख रुपए की शुद्ध धनराशि जमा करायी गयी है जो लक्ष्य का 201.89 प्रतिशत है।

इस लक्ष्य पूर्ति में प्रदेश में जनपद ललितपुर को श्रेणी-क में जगह बनाने के साथ साथ 7वां स्थान प्राप्त हुआ है। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद में डाकघरों द्वारा अनेकों सरकारी योजनाएं संचालित की जाती हैं, जिनमें आवर्ती जमा योजना, 1,2,3 एवं 5 वर्षीय सावधि जमा, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक जमा योजना, लोक भविष्य निधि योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र, राष्ट्रीय बचत की संचिालित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं अभिकर्ता बनने संबंधी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला बचत कार्यालय, ललितपुर में संपर्क कर सकते हैं।

# सदर विधायक ने मुख्यमंत्री को कराया समस्याओं से अवगत



**ललितपुर।** सदर विधानसभा में विकास कार्य कराये जाने को लेकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड0 हमेशा सजग रहते हैं, और समय-समय पर यहां की समस्याओं और जनहित में कराये जाने वाले विकास कार्यों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करकर उन्हें स्थितियों से अवगत कराते रहते हैं। इसी क्रम में गत दिवस सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें विधानसभा में विकास परक कार्य कराये जाने के संबंध में अवगत कराया। विधायक ने जनसमस्याओं के कार्यों को प्रमुखता से उठाया। जिसमें नगर में आजाद चैक के पास दीर्घ सेतु, .पंचमुखी हनुमान जी के पास दीर्घ सेतु, शहर की मुख्य सड़क घंटाघर से गोविंद सागर डैम के मुहाने तक बनवाये जाने, .राजकीय इंटर कॉलेज पूरा कला की सिपना, ललितपुर जखौरा तालबेहट मार्ग का टू लेन करते हुए नवीनीकरण, बांसी एवं विरधा रिपोर्टिंग चैकियों को नवीन थानों के रूप में परिवर्तित करते हेतु, थानों की सिपना, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना एवं आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए, जनपद स्तरीय गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**जनहित में दर्जनों कार्य कराये जाने की रखी मांग**

## कोर्ट ने सुनाई जानलेवा हमले के आरोपी को पांच वर्ष कारावास व जुर्माने की सजा

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामलाल ने पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को पांच वर्ष कारावास तथा सात हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना नूरपुर में तैनात दरोगा श्याम वीर सिंह 9 दिसम्बर 2017 को अन्य पुलिस कर्मियों के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु गश्त पर रवाना हो रहे थे, तभी मुखबिर ने मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी के ग्राम अस्करीपुर की तरफ से आने की सूचना दी। पुलिस जैसे ही सूचना पाकर मौके पर पहुंची तो तीन व्यक्ति मोटर साइकिल पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर इन लोगों ने पुलिस पर जान से मारने की नियत से ताबडतोड तमंचों से फायर किया, लेकिन पुलिस ने दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया। मोटर साइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम परीक्षित उर्फ पिन्टू, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम गुड्डू बताया जो लूट के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। तीसरे व्यक्ति चांद के पास से भी तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों पुलिस को बताया कि 6/7 दिसम्बर 2017 को ग्राम अस्करीपुर में लूट की थी। 17 दिसम्बर 2017 को ग्राम दौलतपुर की नहर की पटरी पर इन्होने एक मुल्ला जी को भी लूटा था। पुलिस ने आरोपी गुड्डू उर्फ जाबिर पुत्र अनवर निवासी ग्राम अस्करीपुर थाना नूरपुर के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामलाल ने पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी गुड्डू उर्फ जाकिर को भारतीय दंड सहिता की धारा 307 के तहत पांच वर्ष कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड एवं आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत दो वर्ष कारावास एवं दो हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# महीनों पहले से खोद दिया प्लेटफार्म, नहीं बन सकता फर्श

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ललितपुर रेलवे स्टेशन को शामिल किया गया था। तदोपरांत यहां पर विकास परक कार्य कराने, जंक्शन के मुताबिक रेलवे स्टेशन पर साज सज्जा, प्लेटफार्म का दायरा बढाने, टीनशेड, फर्श, टाइलीकरण समेत अन्य दर्जनों कार्य स्वीकृत किये गये थे। कुछ समय तक तो कार्य अच्छा चला, लेकिन संबंधित ठेकेदार की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण अब रेलवे स्टेषन से यात्रा करने वाले यात्रियों को यह कार्य कष्टदायी साबित होने लगे हैं, इसका कारण स्टेषन के मुख्य द्वार से लेकर प्लेटफार्म नम्बर एक पर चल रहे कार्य हैं। मुख्य द्वार को सुंदरता देने के लिए यहां पर लोहे के पिलरों पर आकर्षक निर्माण कार्य किया जाना है, लेकिन यह कार्य पिछले दो महीनों से ज्यों का त्यों डला हुआ है। जिससे रेलवे स्टेषन के अंदर जाने के लिए यात्रियों को परेषानी का सामना करना पड रहा है, स्टक्चर को खड़ा करने के लिए लगाये गये बांस यात्रियों को चुटहिल कर रहे हैं और यहां निकलना किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के बराबर हो गया है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर एक पर, जो सबसे ज्यादा व्यस्त प्लेटफार्म है, पर झांसी की ओर का सीमेंटेड फर्श संबंधित ठेकेदार द्वारा एक महीने पहले से खोद दिया गया है, जिससे बिजली एवं कोच डिस्प्ले सहित एनांउसमेंट की फिटिंग के तार बाहर निकल आये हैं, वहीं सीमेंट के बड़े-बड़े टुकडे भी नहीं हटाये गये हैं, और न ही इस एरिया को समतल किया गया है, और तो और बीचोंबीच वायररिंग के लिए नाली खोद दी गई है, जिससे रात्रि तो दूर की बात दिन के उजाले में ही एक नम्बर पर आने वाली टेज्नों में चढने के चक्कर में लोग उपटा खाकर गिर जाते हैं और चुटहिल हो जाते हैं। ताज्जुब की बात तो यह है कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर टीनषेड को बढ़ाया जाना था, जिसके लिए पहले से ही पिलर खड़े कर दिये गये थे, लेकिन तीन माह से अधिक का समय गुजरने वाला है, पिलरों पर न तो टीनशेड लगाये जा सके और न ही फर्श को बनाया गया है।

**● अमृत भारत स्टेशन योजना बनी मजाक**
**● आधे-अधूरे कार्य करा रही कार्यदायी एजेंसी**

वहीं प्लेटफार्म के बाहर सीमेंट के टाइल लगाये गये और बाद में उनको तोड़ दिया गया, जिससे यह लगता है कि न तो रेलवे के पास क्या कार्य कराये जाने हैं, की जानकारी है और न ही ठेकेदार के पास। निर्माण कार्य कर दिया जाता है और बाद में उसे तोड़ दिया जाता है। जिससे रेलवे को लाखों रूप्ये के राजस्व की चपत लग रही है। वहीं बीना की ओर जाने वाले प्लेटफार्म नम्बर एक पर जो सीमेंट टाइल्स लगाये गये हैं, उनकी गुणवत्ता भी न्यून है। इसके अलावा इस ओर भी बनने वाले टीनषेड को नहीं बनाया जा सका है, जबकि पिलर पहले से ही तैयार हैं। अब ऐसे में अमृत भारत स्टेशन योजना कैसे अपना मूर्त रूप लेगी और कितना यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा और कब तक मिलेगा, यह कहां ही नहीं जा सकता है।

जनहित में डीआरएम झांसी से मांग की जाती है कि वह शीघ्र ही कराये जा रहे अधूरे और मानकविहीन कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुये ससमय निर्माण कार्यों को करायें जिससे लाखों-करोड़ों का राजस्व देने वाले यात्रियों को सुविधाएं मिल सकें।

## भाई की सम्पत्ति पर अवैध कब्जा कर रहे दबंग

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम भावनी निवासी प्रवेश सिंह पुत्र तेज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके भाई रतन सिंह ने आराजी संख्या 369 मि रकवा 0.061, 372 मि रकवा 0.121 हे. व अन्य आराजी जो कि गांव में है पर वह काबिज है। बताया कि उसके भाई का आराज में 1/3 भाग निहित है और उक्त आराजी में उसके भाई लापता हैं, जिससे उसकी सम्पत्ति की देखभाल वह करता आ रहा है। बताया कि गांव के दबंग व्यक्तियों द्वारा उसके भाई की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने की फिराक में हैं। इसी के चलते उसके भाई की आंशिक भाग पर अवैध मकान निर्माण करा लिया है। यह भी बताया कि उसकी खेती की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं।

विरोध करने पर उक्त लोग विवाद करने पर आमादा रहते हैं। बताया कि बीती 25 जून को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह बुवाई करने के लिए जा रहा था कि तभी गांव के उक्त लोगों ने उसके साथ विवाद करते हुये सम्पत्ति पर जबरन अवैध कब्जा करने की बात कहते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया जिससे उसे भय है कि उक्त लोग कभी भी कोई भी संगीन वारदात कर सकते हैं।

# फपीओ की समस्याओं का निस्तारण करें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) द्वारा जिलाधिकारी को अपनी-अपनी समस्याओं जैसे अनुदान, पैकेजिंग तथा कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को आयोजित बैठक में डीडीएम नाबार्ड एवं उपनिदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एफपीओ की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा यह भी निर्देश दिए कि सभी एफपीओ को योजना के अन्तर्गत आवश्यकता अनुसार सुविधा भी उपलब्ध कराना सुनिश्चितकरें। उन्होंने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिए की अपने स्तर से एफपीओ के साथ प्रत्येक सप्ताह वार्ता कर, उनकी समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर उनके साथ बैठक आयोजित करते हुए अपने स्तर से उनकी समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, यदि किसी समस्या का निस्तारण उनके स्तर से नहीं होता है तो वह समस्याओं से तत्काल उन्हें अवगत करान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ावा देना है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अन्तर्गत सभी एसपीओ की समस्याओं के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर पर है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अन्तर्गत कृषि उत्पादों के पैकेजिंग, परिवहन तथा रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, आर नायक, उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एफपीओ मौजूद थे।

## आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर का हुआ एन.क्यू.ए.एस. मूल्यांकन




**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के आकांक्षी ब्लॉक मडावरा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर को भारत सरकार द्वारा एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणित किये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद ने समस्त स्टाफ को शुभकामनायें प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की 02 सदस्यीय टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर का राष्ट्रीय स्तर का असेसमेंट 31 मई 2024 में किया गया था। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर ने 85.06 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सीएमओ डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि एन.क्यू.ए.एस. मूल्यांकन 07 बेसिक सर्विस पैकेजों के आधार पर किया गया था जिसमें चिकित्सा इकाई का भौतिक सर्वेक्षण, स्टाफ का मूल्यांकन, तथा दस्तावेजों का निरीक्षण आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 05 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफाइड हो चुके हैं।

# बीएसए कार्यालय में तैनात जिला समन्वयक 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बिजनौर।** सतर्कता अधिष्ठान बरेली की विजिलेंस टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत मिड-डे मील के जिला समन्वयक राशु चैहान को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राशू चैहान भाजपा नेत्री एवं नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चैहान के पति हैं। विजिलेंस की टीम उन्हें गिरफ्तार कर बरेली ले गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को करीब 3 बजे भाजपा के नूरपुर ब्लॉक कार्यालय में कुछ अजनबी लोग घूमते देखे गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत मिड-डे मील के जिला समन्वयक राशु चैहान रोजमर्रा की तरह अपनी पत्नी ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चैहान के कार्यालय में बैठे हुए थे। इस बीच कार्यालय में मुरादाबाद मिड-डे मील के ठेकेदार धर्मेंद्र कुमार कार्यालय पहुंचे और राशु चैहान से बात कर उन्हें पहले से तय 50 हजार रुपये की रिश्वत दी। जैसे ही राशु चैहान ने नोटों की गड्डी पकड़ी, वैसे ही कार्यालय के आसपास घूम रही विजिलेंस टीम ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। विजिलेंस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर अरविंद कुमार कर रहे थे। अचानक पकड़े जाने पर राशू चैहान बौखला गये। उन्होंने सफाई देने की कोशिश की, लेकिन विजिलेंस की टीम ने उन्हें पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया। आरोपी राशु चैहान के खिलाफ मुकदमा मुरादाबाद के विजिलेंस थाने में दर्ज कराया गया है। राशू चैहान भाजपा की नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चैहान के पति हैं। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चैहान का पति की गिरफ्तारी के सम्बंध में कहना है कि उनके पति को राजनैतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**आंवला.बरेली।** आंवला से बदायूं मार्ग पर देवी पुल के समीप छोटा हाथी ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर उसके परिवार को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम को भेजा।

बदायूं के थाना उझानी के गांव हर हरपुर निवासी लज्जाराम 40 वर्ष अपनी बाइक से जा रहा था तभी देवी पुल के समीप सामने से आ रहे छोटा हाथी ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई और छोटा हाथी का चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया और मृतक की पहचान कर उसके परिवार को सूचना दी तथा पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा।

## सामुदायिक स्वास्थ केंद्र महरौनी में हुई डिजिटल एक्सरे की शुरूआत



**ललितपुर।** अब एक्सरे के लिए महरौनी के वाशिन्दों को जिला मुख्यालय अथवा दूसरे जनपदों में नहीं जाना पड़ेगा। सीएमओ के प्रयासों से अब सीएचसी महरौनी में ही डिजीटल एक्सरे की शुरूआत हो गई है। ज्ञात हो कि पिछले काफी दिनों से महरौनी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में डिजिटल एक्सरे की मांग चल रही थी, जिस को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने अपने स्तर से संज्ञान में लिया और तुरंत शासन से पत्राचार करके महरौनी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में एक्सरे मशीन लगवाने की पहल की; सीएमओ की पहल पर 24 जून से महरोनी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में एक्सरे चालू हो गया। सीएचसी प्रभारी डा0 सिद्धार्थ जैन ने महरौनीवासियों से अपील की है कि समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं सीएचसी में मौजूद हैं, वह यहां आकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठायें।

## नए डीएम ने संभाला कार्यभार, किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**बांदा।** नवागंतुक जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होने गुरूवार को प्रातः कलेक्ट्रेट के अनेक पटलों, शिकायत अनुभाग, नजारत अनुभाग, राजस्व अभिलेखागार, ई आर के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनआईसी, शस्त्र विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले सभी महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जाएगा साथ ही जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप इससे पहले लखनऊ में आयुष विभाग में विशेष सचिव तथा प्रभारी महानिदेशक आयुष के पद पर तैनात रहे हैं। इसके अलावा वह अन्य महत्वपूर्ण पदों में भी कार्यरत रहे हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव नमामि गंगे, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, उप जिलाधिकारी सदर तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने रुपये सहित दो चोरों को दबोचा

**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोवताली नगर क्षेत्र के जरैली कोठी निवासी रामसिया के घर में बीते 25-26 जून की रात को दो आरोपियों ने घर में घुसकर 15 हजार रुपये चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जानकारी होने पर जब घर के लोगों ने शोर मचाया तो दोनो चोर घटना स्थल पर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गये। दूसरे दिन सुबह दोनो चोर मोटरसाइकिल लेने आए। जब घर वालों ने पूंछताछ की तो उनके साथ गाली-गलौज करते हुए चले गये। घटना के बाद कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गयी। गुरूवार को दोनो आरोपियों को केन नदी पुल के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के 1100 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त की गयी मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल सोनी उर्फ बिहारी पुत्र भृगुनाथ प्रसाद सोनी निवासी गली नंबर 1 बासू गेस्ट हाउस के पीछे, अंशू द्विवेदी पुत्र लखनलाल द्विवेदी निवासी गली नंबर 3 स्वराज कालोनी कोतवाली नगर हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनुग्रह नारायण, कां. गौरव दिवाकर व अजय यादव रहे।

## एमडीएम समन्वयक रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बांदा।** अध्यापक से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत मध्यान्ह भोजन योजना के जिला समन्वयक को भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने रंगे हांथ गिरफ्तार किया है। बीएसए कार्यालय में एमडीएम कोऑर्डिनेटर के पद पर तैनात भास्कर आस्वानी की काफी समय से शिक्षकों के साथ धन के लेनदेन की बात सामने आ रही थी। इस मामले पर शिक्षकों ने कई बार विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायतें भी पहुंचायीं लेकिन उन्होने भ्रष्टाचार रोकने के लिए कोई कार्रवाई नही की। गिरफ्तार आरोपी शिक्षक गंगा सागर से रसोईया चयन को लेकर लगातार रिश्वत मांग रहा था। शिक्षक ने इसकी शिकायत बीते 25 जून को भ्रष्टाचार निवारण संगठन में की थी। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने टीम का गठन कर निरीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक प्रेम प्रकाश, मुख्य आरक्षी शिव कमार, आरक्षी अमित कुमार, चंद्रपाल सिंह, अभिषेक सिंह, सचिन चैरसिया, नितिन एवं शारदा प्रसाद ने आरोपी भास्कर आस्वानी को 11 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हांथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता अध्यापक का कहना है कि एमडीएम डीसी भास्कर आस्वानी से कई शिक्षक परेशान रहे हैं। यह फर्जी कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा करने के लिए धन उगाही करता था। भ्रष्टाचार निवारण संगठन टीम ने आरोपी के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## ब्रांड एंबेस्डर को ईओ ने किया सम्मानित, लगाये पौधे



**बांदा।** शहर के अवस्थी पार्क स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में ब्रांड एंबेस्डर राहुल जैन को अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी ने सम्मानित किया। इस दौरान ब्रांड एंबेस्डर राहुल जैन ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में ब्रांड एंबेस्डर, समाजसेवी कुलदीप शुक्ला, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष, सभासद राकेश कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र सक्सेना, रामप्रसाद सोनी, शिवदेवी प्रतिनिधि अमित कुमार, मौला बख्श, इरफान, सफाई निरीक्षण हेमंत प्रसाद, डीपीएम अभिषेक खरे, संजय भारती, धर्मेन्द्र साहू के अलावा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चलें कि अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद से शहर के अवस्थी पार्क को सजाने-संवारने में विशेष रूचि दिखाई है। इसके अलावा उन्होने नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में वृक्षारोपण कराने के साथ ही लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## जलशक्ति राज्यमंत्री की पहल पर रजवाहों का पुनरुद्धार

**बांदा।** जलशक्ति राज्य मंत्री की पहल पर जिले की बबेरू तहसील में केन नहर प्रखण्ड के रजवाहा सांड़ा में पुनर्स्थापना का काम फिर से शुरू हो रहा है। केन नहर प्रखंड के रजवाहा सांड़ा के अंतर्गत हजारों बीघा जमीन की सिंचाई होती है। इस रजवाहा की स्थापना के पश्चात यह अब तक जर्जर अवस्था में थी लेकिन जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद की पहल के चलते पुनः लगभग साढ़े चार करोड़ की लागत से इसका जीर्णोद्धार हो रहा है। इससे किसानों को खेती करने के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इसी प्रकार पैलानी क्षेत्र की महत्वपूर्ण नहर अलोना रजवाहा भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी। यह भी राज्यमंत्री की पहल से एक बार फिर यह रजवाहा किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने के उद्देश्य को पूरा करेगा। बताते चलें कि क्षेत्र के लोगों की मांग को देखते हुए राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने इसका संज्ञान लेते हुए प्राथमिकता पर करीब ढ़ाई करोड़ रुपये की लागत से इस रजवाहे का पुनरूद्धार कार्य शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया हो सकेगा।

## ई-टिकिट बनाने वाला शातिर बदमाश हिरासत में

ललितपुर। पर्सनल यूजर आईडी पर तत्काल व सामान्य ई टिकिट बनाकर अवैध रूप से टिकिटों का कारोबार कर 50 से 100 रूपए अधिक लाभ लेकर काम करने वाले एक व्यक्ति को आरपीएफ पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 46 हजार रूपए के अधिक की टिकिट बरामद की है, जिसमें पुरानी 29 व आगामी 6 ई टिकिट बरामद की गई है।

आरपीएफ थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक अंकित कुमार बुधवार को अपने हमराह प्रधान आरक्षक पीके सोनी के साथ स्टेशन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें जानकारी मिली कि एक युवक पर्सनल यूजर आईडी पर अवैध रूप से तत्काल सामान्य ई टिकिट बनाकर कारोबार कर रहा है। आरपीएफ ने घेराबंदी कर गांधीनगर निवासी राहुल जैन पुत्र राजकुमार जैन को धर दबोचा। उसके पास से आगामी समय में यात्रा करने वाली 6 ई टिकिट व 29 पुरानी टिकिट बरामद की गई। उसके पास से एक सीपीयू डेल कम्पनी व मोबाइल भी बरामद किया गया।

# आधी सदी बाद भी याद रखें

राजनीतिक समीकरण और सियासी प्रतिबद्धताओं के साथ इतिहास नहीं बदलता। हो सकता है कि आज इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दलों, कांग्रेस और उसके शुभचिंतकों को संसद में चर्चा और लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा आपातकाल का जिक्र करना, इसकी निंदा करना, संविधान और लोकतंत्र के संरक्षण के लिए भारतीयों को सचेत करना, अच्छा न लगता हो। लेकिन भारतीय लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के इतिहास में यह काला धब्बा है और इसके प्रति हम भावी पीढ़ी को शिक्षित और सचेत करके ही अपने संविधान, लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए सुशिक्षित और संकल्पबद्ध नयी पीढ़ी को तैयार कर सकते हैं। 25 जून, 1975, यह तारीख 50वें साल में प्रवेश कर चुकी है। पुरानी है, लेकिन आज भी प्रासंगिक है। यह तारीख कभी भूली नहीं जा सकती, क्योंकि संविधान और लोकतंत्र विरोधी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। न्यायपालिका और मीडिया तक को बंधक बना लिया गया था। स्वायत्त संस्थानों की स्वतंत्रता छीन ली गई थी। वही अखबार छप पाते थे, जिनकी एक-एक खबर पढ़ कर, सेंसर होकर, सूचना प्रसारण मंत्रालय अनुमति देता था। एक लाख से अधिक विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र प्रेमियों को जेल में ठूंस दिया गया था। जमानत की कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने क्या अपराध किया था? क्या यह लोकतांत्रिक कृत्य था?




**संविधान की प्रतियां लहराने से इसके प्रति सम्मान प्रकट नहीं होता है, संविधान सम्मत बर्ताव करना ज्यादा जरूरी है।**

देश के खिलाफ न तो कोई युद्ध छेड़ा गया था और न ही बाहरी-आंतरिक गड़बड़ियां थीं। विरोध करना तो प्रतिपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को एक अदालत ने अवैध करार दिया था, लिहाजा वह चुनाव हार गई थीं। अदालत ने उन्हें छह साल के लिए चुनाव लड़ने को अयोग्य भी घोषित कर दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सोचा होगा कि अदालत उनके खिलाफ ऐसा फैसला कैसे दे सकती है। इंदिरा गांधी ने अपनी पार्टी के खास सलाहकारों से विमर्श किया, तत्कालीन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे ने सुझाव दिया कि अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपात काल लागू कर दिया जाये। नतीजतन अध्यादेश लेकर इंदिरा गांधी और सिद्धार्थ शंकर रे तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के पास पहुंच गये। रात्रि करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति ने अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए। उसे इतना गोपनीय रखा गया कि किसी भी कैबिनेट मंत्री को भनक तक नहीं लगी। अगले दिन 26 जून की सुबह कैबिनेट बैठक प्रधानमंत्री ने बुलाई और मंत्रियों को आपातकाल के बारे में बताया। अचानक ऐसी खबर सुनकर सभी मंत्री भौंचक और स्तब्ध थे, लेकिन क्या कर सकते थे, क्योंकि सत्ता और मंत्रिपद ने सबके मुंह सिल दिये थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सुबह सात बजे ही आकाशवाणी पर घोषणा की, तो संविधान और लोकतंत्र पर 'काला धब्बा' छाप दिया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में आपातकाल एक काले अध्याय की तरह है, इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता और भूलना चाहिए भी नहीं। संसद भवन में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने, विपक्षी नेताओं के संग, संविधान-पुस्तिका की प्रति लहराते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने खुद को संविधान का रक्षक और सरकार को तानाशाह बताया। कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन ने इस छद्म नेरेटिव पर पूरा चुनाव लड़ा था कि मोदी सरकार वापस आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। बहरहाल चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। भाजपा की सीटें कुछ घटी हैं लेकिन गठबंधन के बहुमत के आधार पर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं। यह हमारे संविधान और लोकतंत्र की निरंतरता का प्रकीक है। लोकतंत्र और उसकी प्रक्रियाओं का सबको सम्मान करना चाहिए और संविधान लहराने के बजाय दिल में इसके प्रति सम्मान होना चाहिए।

---

### विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

# भारत-बांग्लादेश के बीच हुए अहम समझौते



संजय श्रीवास्तव



**पड़ोसी प्रथम की नीति के तहत हमने बांग्लादेश के साथ जो समझौते किए हैं, उसमें से तीस्ता नदी के बारे में किया समझौता बेशक चीन के मंसूबों पर पानी फेरने वाला है। भारत ने शानदार कूटनीतिक चाल का परिचय तो दिया, हालांकि बांग्लादेश के साथ तमाम ऐसे मुद्दे अभी भी शेष हैं, जो उपेक्षित हैं।**

अगले महीने शेख हसीना चीन जा रही हैं। चीन के पास उनके लिए कई लंबित प्रस्ताव होंगे तो शेख हसीना के साथ चीन से बतौर इमदाद पांच अरब अमेरिकी डॉलर की मांग। वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों और क्षेत्रीय संबंधों के मद्देनजर बांग्लादेश और चीन से भी ज्यादा इस यात्रा पर भारत की नजर रहेगी। ऐसे में यात्रा के महीनेभर पहले शेख हसीना का पखवारे भीतर दो बार भारत आना, प्रधानमंत्री मोदी का बांग्लादेश के दौरे की सहमति और तैयारी, दसियों बड़े मुद्दों पर समझौते के अलावा सबसे बड़ी बात यह कि 1947 से ही विवाद में फंसे और तकरीबन तीन बार सुलझाव के अनकरीब आने के बावजूद न सुलझने वाले तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर एक मजबूत कदम, यह सब बताता है कि बांग्लादेश हमारे लिए दूसरे पड़ोसियों से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। सरकार गठन से पूर्व और प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के दौरान यह संकेत दिया गया कि नेबर फर्स्ट पॉलसी पर अबकी कुछ कर गुजरना है। इसका आरंभ बांग्लादेश से और अचानक क्यों? इसका जवाब आसान है। पड़ोसी प्रथम का एक उद्देश्य है, पड़ोसियों को चीन के चंगुल से बचाना और चीन की गिरफ्त में जा चुका बांग्लादेश उसके उस प्रस्ताव को स्वीकारने के समीप पहुंच रहा था, जिससे देश को रक्षा, सुरक्षा, संसाधन के अलावा कई क्षेत्रों में भारी नुकसान उठाना पड़ता।

भारत यदि यह कदम इतनी जल्दी न उठाता और त्वरित कार्यवाई न करता तो शेख हसीना के चीन दौरे के बाद मुश्किलें बढ़ने, मामले के जटिल होने की पूरी आशंका थी। हालांकि खतरा पूरी तरह टला नहीं माना जा सकता लेकिन सरकार ने अपनी इस चाल से चीनी मंसूबों को फिलवक्त चित कर दिया है। ऐसे में सरकार इस वैदेशिक नीति और कूटनीतिक प्रयास की तत्परता को पूरे अंक दिये जाने चाहिये। शेख हसीना के साथ हुए तीस्ता नदी संरक्षण और प्रबंधन और उसके अलावा कुछ दूसरे समझौतों से साफ लगता है कि इसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति की चैसर पर चीनी चाल की काट करना था बाकी सब बाद की बातें हैं। पड़ोसी बांग्लादेश के साथ 50 से ज्यादा नदियों से जुड़े जल विवाद, वहां हिंदुओं के प्रति सांप्रदायिक विभेद और हिंसा, मानव और वस्तुओं की तस्करी, भारत विरोधी गुटों द्वारा 'इंडिया आउट' और 'बॉयकॉट इंडियन प्रोडक्ट' जैसे अभियानों पर सरकार द्वारा प्रभावी रोक न लगाने, जैसे कई मुद्दों को उपेक्षित कर दिया गया। इसलिए पहले की तरह अगर बहुत से क्षेत्रों में हुए इन समझौतों पर समय के साथ कोई उल्लेखनीय प्रगति न हो तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। बांग्लादेश के सामने चीनी प्रस्ताव है कि वह अपने एक अरब डॉलर लगाकर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन का काम कर देगा। उसका इरादा नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका के बाद बांग्लादेश के जरिये देश के पूर्वोत्तर में सिलीगुड़ी कॉरिडोर या 'चिकन नेक' के करीब पहुंचकर हमें घेरना, हम पर नजर रखना है। चीन श्रीलंका और दूसरे कई देशों में ऐसे ही बहानों से घुसता है। तीस्ता जल विवाद 1947 से जारी है। 2000 में समझौते की बात चलने, 2010 में दोनों देशों द्वारा इसके प्रारूप को मंजूरी देने तथा 2011 में पानी के बंटवारे पर सहमति बन जाने के बावजूद मामला ममता बनर्जी की वजह से अटक गया और यही हाल 2015 के प्रयास का भी हुआ।

### हसीना की चीन यात्रा

तीस्ता का 83 प्रतिशत हिस्सा भारत में और 17 प्रतिशत बांग्लादेश में है, लेकिन भारत की 55 फीसद पानी की मांग को वह नहीं स्वीकारता वह 50 प्रतिशत से कम पर राजी नहीं। बांग्लादेश का 14 फीसद इलाका इसी पानी से धान की सिंचाई करता है, जो उनका मुख्य भोजन है, जिस पर उसकी 2 करोड़ आबादी निर्भर है। यह जल तकरीबन 8 करोड़ लोगों के रोजगार की वजह है। इधर पश्चिम और उत्तर बंगाल के किसानों की धान की फसल भी इसी से सिंचती है। तीस्ता पर समझौता बंगाल के लोगों को इसके मनमाने इस्तेमाल से रोक देगा। ममता अपनी जनता को नाराज करना नहीं चाहती सो, समझौते से सहमत नहीं होतीं, इस बार भी इस मुद्दे पर अलग वजह से नाराज हैं।

बेशक यह समझौता नहीं है लेकिन सरकार द्वारा जो तकनीकी दल नदी के संरक्षण एवं प्रबंधन की पूरी परियोजना पक्षों को जांचने समझने के लिये जायेगा, वह शेख हसीना के जुलाई के चीन दौरे तक मामले को लंबित कर देगा। फिर ममता बनर्जी को बातचीत में शामिल न करके उसने संकेत दे दिये हैं कि वह अब इस राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले को किसी राज्य के हानि लाभ के चलते नहीं टालेगी। वैसे भी सियासी तौर पर पश्चिम बंगाल उसके लिये फिलवक्त बहुत महत्वपूर्ण नहीं है। भारत शेख हसीना को समझा सकता है कि बेहतर शर्तों पर किया गया यह समझौता उनको विपक्ष द्वारा लगाये जाने वाले आरोपों से बरी कर ऐतिहासिक नेता के तौर पर स्थापित कर देगा। महासागरीय अर्थव्यवस्था, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल अंतरिक्ष और दूरसंचार क्षेत्रों के साथ स्वास्थ्य वीसा इत्यादि से संबंधित सहयोग बढ़ाने के लिए जिन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं यदि वे सभी धरातल पर उतरते हैं तो बेशक युगांतरकारी होंगे। सच तो यह है कि बांग्लादेश से हमारे रिश्ते कभी भी बहुत खराब नहीं थे और न ही उसने सदैव हमारे प्रति पूर्ण सद्भाव और समर्थन, समरसता का भाव दर्शाया। भारत द्वारा कई मौके पर आर्थिक और अन्य सहायता के बावजूद चीन की तरफ उसका अस्पष्ट झुकाव बिना कहे बहुत कुछ बयां कर देता है। सरकारी अनदेखी न हो तो वहां भारत विरोधी गुट सक्रिय नहीं रह सकते। बांग्लादेश और भारत के बीच तस्करी, मानव तस्करी, अप्रवासन, अवैध घुसपैठ, हिंदू उत्पीड़न जैसे मुद्दे की बरसों बीतने के बावजूद इनकी कोई कारगर काट नहीं तलाश की जा सकी तो इसलिए कि वह बड़े भाई सरीखे पड़ोसी को खास भाव नहीं देता। बांग्लादेश में हिंदू आबादी 22 फीसद से घटकर 7 प्रतिशत रह गई है, घुसपैठ लगातार जारी रहती है। जब देश में मतदान का आखिरी दौर था, उसी दौरान हिदुओं के खिलाफ वहां भयानक सांप्रदायिक दंगा हुआ लेकिन हमने कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं दिखाई न बांग्लादेश ने इसकी कोई परवाह की। इसके अलावा भी दोनों देशों के बीच तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिनकी अमूमन उपेक्षा की जाती है। महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति, समझौतों की घोषणा होती है तो मीडिया में उसके विश्लेषणों और सकारात्मक पहलुओं पर अभियानी चर्चा चल पड़ती है, लेकिन बाद में उनकी समीक्षा बहुधा नहीं के बराबर होती है कि पिछले समझौतों में अब तक कितनी प्रगति हुई, संबंधित क्षेत्र में कितना बदलाव आया। दोनों पक्षों ने किन उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर समझौता किया था और उसमें किस हद तक सफल रहे। असफलता के बिंदुओं की समीक्षा भी आवश्यक है और समीक्षा के बाद उसके निष्कर्षों को पारदर्शी तौर पर दोनों पक्षों द्वारा स्वीकारना तथा उभय पक्ष द्वारा उन पर पुनर्विचार किया जाना भी जरूरी है लेकिन ऐसा बहुत कम ही देखा जाता है। हां, कूटनीतिक संकेत देने के लिये, सुर्खियां बनाने के लिए, राजनीतिक मिलन, वार्ता के आयोजन किए जाते हैं और समझौतों की घोषणा, फिर उनका प्रचार किया जाता है। पर फिलहाल भारत, बांग्लादेश के बीच हुए हालिया समझौते इस श्रेणी में नहीं आते, ये वाकई सरकार के पड़ोसी प्रथम की सार्थकता साबित करने वाले, बदलाव के वाहक बनेंगे और दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई की ओर ले जाएंगे। सबसे बड़ी बात यह कि ये बेहद सामयिक और चीन को चिंता में डालने वाले होंगे।

### सोशल मीडिया

आज मुख्यमंत्री भजन लाल से मुलाकात में जोधपुर के सुरसागर में हुई साम्प्रदायिक घटना को लेकर चिंता व्यक्त की और शांति के लिए कदम उठाने की अपील भी की। अशोक गहलोत.



जन सेवा के लिए किया गया संघर्ष सदैव फलीभूत होता है। दिल्ली की जनता की भलाई के लिए जिन्होंने संकल्प का जल उठाया है, उनसे कुशल क्षेम भेंट। अखिलेश यादव



राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में संसद के साझा सत्र को संबोधित करते हुए आज जो केंद्र की सरकार की पिछले दस वर्षों की उपलब्धियां गिनाई हैं, वो हवा-हवाई ज्यादा है। मायावती.



# आत्म साक्षात्कार

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

अंतर्दृष्टि

# आइये और करोड़ों कमाइये

व्यंग्यलोक

सेठ जी की इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स कंपनी ग्रुप को कई तरह की ह्यूमन चीजें चाहिए। जल्दी आइए और इनसे करोड़ों कमाइए। 1.मॉडल ब्रांड एंकरी- हमारे टीवी न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊं' (केएसकेजे) को तुरंत एंकरनियों की सख्त आवश्यकता है। जो समाचार पढ़ने का नाटक करते समय मॉडलिंग का कार्य कर सके। जो सनसनी क्वीन के रूप में प्रसिद्ध हो। जो तेज आवाज में चीख-चीख कर ड्रामा कर सके। जो रोज नए-नए ढंग के फैशनेबल व कम कपड़े पहन सके। सिर्फ वही आवेदन करें जो उपरोक्त योग्यता रखती हों। डिग्री, मीडिया आदि में काम करने का अनुभव व समाचारों में गहरी समझ जैसे दुर्गुण हमारे चैनल के सेठजी को बिल्कुल पसंद नहीं है। ऐसी एंकरी हरगिज आवेदन न करें। न्यूज चैनल द्वारा उसे लाने, ले जाने की व्यवस्था होगी। उसके क्रीम, पाउडर, उबटन आदि का व्यय चैनल के सेठजी की कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्त गुणों वाली, किसी भी पार्टी के नेता को वशीभूत कर हैंड-बैग में धरने वाली कन्या अभी आएं, अभी चैनल हेड बन जाएं। नोट- मेल एंकर आवेदन पत्र के हाथ भी नहीं लगाएं।



राम विलास जॉंगिड़

2.तोता छाप प्रवक्ता- हमारे राष्ट्रीय दल-दल पार्टी (आरडीडीपी) को तोता छाप प्रवक्ता-बकता की सख्त आवश्यकता है। ऐसा जानवर जो कुतर्क करने में माहिर हो। जो आलाकमान के द्वारा उछाले गए शब्दों को कंठ में धारण कर तोते जैसा व्यवहार करने में पारंगत हो। जो विपक्षी नेता व विपक्षी पार्टी की हर बात का विरोध करता हो। जो नए रंग-ढंग की गालियां देने में माहिर हो। जो न्यूज चैनलों पर घंटों बैठकर चीखने-चिल्लाने में उस्ताद हो। जो विरोधियों की निंदा व अपनी स्तुति करने में शहंशाह हो। ऐसे जिद्दी तोता-तोती शीघ्र आवेदन करें। ऐसी योग्यता धारी तोतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी तोतियां पार्टी आलाकमान सेठजी से शीघ्र ही संपर्क कर प्रवक्ता का पद हासिल करें। प्रवक्ता को पार्टी कमीशन, कालाबाजारी, ठेके, रंगदारी, भाई-भतीजावाद, ट्रांसफर, चंदा भक्षण आदि में नियमानुसार लाभांश देने के लिए वचनबद्ध है।

3.बंदर ब्रांड लपके- हमारे अमरचंद सुखीदेवी प्रीतिकुमारी मेमोरियल हॉस्पिटल को लपकों की तुरंत आवश्यकता है। जो विभिन्न दवाइयों की कालाबाजारी करने में माहिर हो। जो नकली दवाइयों के गिरोहों से बेहतरीन संपर्क रखता हो। जो स्वस्थ व्यक्ति को मरीज बनाने में उस्ताद हो।

# गर्मियों में स्वस्थ रहना है तो खानपान का रखें ख्याल



आहार/फूड सेफ्टी

राजकुमार 'दिनकर'

हमारा स्वास्थ्य हमारे खानपान से बहुत गहरे से जुड़ा हुआ है। हम इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि खान पान की हमारी आदतें ही तय करती है कि कैसा होगा हमारा स्वास्थ्य? कौन सा भोजन आपके लिए बेहतर है, किस मौसम में और यहां तक कि किस समय क्या खाना चाहिए, इन सबके प्रति भी हमे बहुत सचेत रहना चाहिए। खाद्य सुरक्षा तो स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। क्योंकि असुरक्षित खाद्य पदार्थ में हमे कभी भी बीमार कर सकते हैं। वैसे तो हर मौसम में स्वस्थ रहने के लिए फूड सेफ्टी पर सतर्क निगाह रखनी जरूरी है, लेकिन गर्मी और बारिश के दिनों में यह सतर्कता और ज्यादा जरूरी हो जाती है। क्योंकि इन दिनों भोजन पकाने के बाद यदि जल्दी से उसे ठंडा करके फ्रिज में न रखा गया, तो वह खराब हो जाता है। अगर दो घंटे भी खाना खुले में पड़ा रहा तो उसमें महक आ जाती है या उसका स्वाद बदल जाता है। अगर ऐसा हो जाए तो इसे खाना नहीं चाहिए, क्योंकि उसमें सड़न पैदा हो चुकी होती है। ऐसा खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए जहर से कम नहीं होता।

अगर खराब खाना खा लिया जाए तो इससे हम बुरी तरह से बीमार पड़ सकते हैं। क्योंकि उस खाने में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं। एक से कई हजार तक बैक्टीरिया खुले में रखे खाने पर पड़ सकते हैं। गर्मी और बारिश के दिनों में जब उमस ज्यादा हो जाती है, तो इन दिनों अस्पतालों में फूड पॉयजनिंग के रोगियों की संख्या इसीलिए काफी ज्यादा बढ़ जाती है, क्योंकि लोग फूड सेफ्टी पर ध्यान नहीं देते। इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। भोजन को कई बार साफ सफाई से पकाने के बावजूद यदि उसे गंदे बर्तन में रख दिया जाता है तो खराब हो जाता है। इस खराब खाने को नहीं खाना चाहिए क्योंकि इससे मौत भी हो सकती है। 5 से 63 डिग्री तापमान में बैक्टीरिया तीव्र गति से वृद्धि करते हैं। लेकिन यदि तापमान 70 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा दिया जाए तो यह समाप्त हो जाते हैं। बहुत कम तापमान में भी बैक्टीरिया या तो पनपते ही नहीं या फिर पनपने के बाद तुरंत मर जाते हैं। हां, इतना जरूर है कि यदि इन्हें थोड़ी सी भी गर्मी मिल जाए तो यह दोबारा पनपकर तेजी से बढ़ने लगते हैं।

इसलिए गर्मियों के दिनों में यह जरूरी है कि भोजन को अच्छे ढंग से पकाकर और ठंडे तापमान में रखना चाहिए, ताकि वह खराब न हो। अगर हम इन दिनों खराब हुए खाने को खा लेते हैं तो तुरंत उल्टियां होना, पेट में दर्द होना, पानी वाले दस्त लगना, ब्लड प्रेशर कम होना, कमजोरी महसूस करना जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। ज्यादा गर्मी और उमस में फल और सब्जियां ही नहीं मांस और मछली भी खराब हो जाते हैं। यदि उन्हें अच्छी तरह से धोकर न पकाया जाए या खाना बनाकर खुला छोड़ दिया जाता है तो ऐसे में भोजन खराब हो जाता है। इसके अलावा भोजन को यदि किसी डिब्बे में बंद करना हो या उसे फॉयल में पैक करना हो यदि गरम गरम ही पैक कर दिया जाता है तो भी भोजन खराब हो सकता है। इसके अलावा यदि खाने के बर्तनों को ढंग से न धोया जाए तो उससे भी भोजन विषाक्त हो जाता है। इन दिनों भोजन विषाक्त न हो इसके लिए इन कुछ बातों का ध्यान रखें-

- खाना पकाने के बाद उसे अच्छी तरह से ठंडा करके रेफ्रिजरेटर में रखें।
- रसोई के कपड़े, चाकू, चम्मच, बर्तन को इस्तेमाल करने से पहले धोएं।
- किचन को साफ रखें ताकि कीटाणु अपना घर न बना सकें।
- खाना पकाने के बाद किचन की स्लैब व फर्श की अच्छी तरह धुलाई करें।
- मीट, मछली लाने के बाद उसे तुरंत पॉलीथीन की थैली से निकाले। मांस पकाने के बाद अच्छी तरह हाथ धोएं।
- किचन की नाली की प्रतिदिन सफाई करें और डस्टबिन को साफ करके रखें।
- रसोई में यदि कॉकरोच या कीडे.मकौड़े हैं तो उन्हें रोकने के उपाय करें।
- घर के पेट्स के खाने के बर्तन रसोई घर से दूर रखें और उन्हें छूने के बाद हाथ जरूर धोएं।
- किचन में काम करने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं और किचन का काम खत्म करने के बाद हाथों को अच्छी तरह से धोकर तोलिए से हाथों को सुखाएं।

## आप की बात

### गरीबों तक पहुंचायें लाभ

केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती।

**प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### नियोजित हो शहरों का विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। इसलिए नियोजित शहर की बहुत अधिक जरूरत है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## करंट से महिला की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी विद्यावती उम्र तकरीबन 45 वर्षीय पत्नी राम सुधार चौरसिया गुरूवार को घर के अंदर मौजूद फ्रिज में रखे सामान को निकाल रही थी कि अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव का पंचनामा करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।

## बाग में मिला अज्ञात महिला का शव

**अमेठी।** मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत छाछा और धौरहरा गांव के बीच बढ़िया बाग के जंगल का है जहां गुरुवार दोपहर बाद बाग से गुजर रहे एक राहगीर को अज्ञात महिला का शव पड़ा दिखा इसके बाद राहगीर द्वारा 112 पीआरवी पुलिस को फोन कर अवगत कराया गया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस द्वारा संग्रामपुर थानाध्यक्ष को शव मिलने की सूचना दी गई। सूचना पर संग्रामपुर पुलिस के साथ अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल की है। लोगों के अनुसार महिला के सिर पर चोट के निशान थे चेहरे पर जलनशील पदार्थ डालकर पहचान छिपाने का प्रयास किया गया है लोगों ने हत्या कर शव ले आकर फेंके जाने की आशंका जताई है। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ईश नारायण मिश्र ने बताया कि शव पड़ोसी जनपद से यहां शव फेक जाने की आशंका है शव की शिनाख्त कराई जा रही है।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक

**जगदीशपुर, अमेठी।** सुबह ग्रामीणों ने गांव के किनारे स्थित बाग मे आम की डाल पर युवक का झूलता शव देखकर हडकंप मच गया घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित बेचूगढ गांव निवासी काशीनाथ उम्र लगभग सत्ताइस वर्ष जिसका किसी बात को लेकर एक दिन पूर्व पत्नी से झगडा हुआ था मारपीट मे घायल पत्नी को सीएचसी जगदीशपुर उपचार हेतु ले जाने पर चिकित्सको ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था वहीं दूसरे दिन गांव से सटी बाग मे आम के पेड से घायल महिला के पति का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे लटकता देख पूरे क्षेत्र मे सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ करने के पश्चात पति पत्नी का विवाद होने की बात सामने आई पुलिस ने पंचनामा भरने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर छानबीन मे जुटी।

## घरेलू उत्पीड़न में चार के खिलाफ केस दर्ज

**तिलोई, अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के रामपुर निवासिनी विवाहिता ने पति, सास, ससुर एव अपने नंदोई के खिलाफ घरेलू उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना क्षेत्र के रामपुर मजरे रामपुर पंवारा गांव निवासी रेनू ने बताया कि उसकी शादी सात वर्ष पहले संजीत यादव के साथ हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग आए दिन दहेज के लिये प्रताड़ित करते हुए उसके साथ मारपीट करते हैं। ससुराली जन मायके वालों से चार पहिया वाहन की भी मांग भी आये दिन किया करते है। मायके पक्ष द्वारा चार पहिया न देने पर उसे आये दिन प्रताड़ित किया करते थे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उसके पति संजीत, सास मालती, ससुर राम चरन एवं नंदोई सुरेश कुमार के खिलाफ घरेलू उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दुपट्टे से लटका मिला युवती का शव

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव बरौंडी में गुरुवार को सुबह एक युवती का शव घर के अन्दर कमरे में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मृतका के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दीवार तोड़कर कमरे में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतका के बंद मोबाइल को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। बरौंडी निवासी राम मोहन लोधी ने बताया कि मेरी पत्नी फूलमती उर्फ जनाका लोधी कैंसर से पीड़ित थी और विगत छः महीने पहले उसकी मौत हो चुकी है। छोटे बेटे सत्यम (6) की भी दो वर्ष पहले करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बड़े बेटे शिवांशु (12) को मैने अहमदाबाद भेज दिया है।

# आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो की मौत

### सुलतानपुर में अपराध तेजी से बढ़ रहा है एसपी अपराध रोकने में विफल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दोस्तपुर थाना अंतर्गत ताजुद्दीनपुर गांव में बीती रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमे दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक आत्माराम की पत्नी भी घटना में घायल हुई है।

दोस्तपुर के ताजुद्दीनपुर निवासी आत्माराम व हौसिला प्रसाद के मध्य बीती रात जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों ओर से लाठियां चली। एक पक्ष से आत्माराम (40) उसकी पत्नी आरती (35) घायल हुए तो दूसरे पक्ष से हौसिला (40), किरन (22) पुत्री हौसिला, रेनू (17) पुत्री हौसिला को चोटे आई। सभी घायलों को पुलिस लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर आई। जहां से आत्माराम उसकी पत्नी आरती और दूसरे पक्ष के हौसिला को डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया। देर रात राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने आत्माराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि हौसिला के कान से रक्त स्राव होने से उसे झटके आ रहे थे। ऐसे में उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। जहाँ उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हौसिला की पुत्री की शादी मई माह में हुई है। आरोप है कि उसके सुसराल में फोन करके बेटी पर सवाल उठाए गए। इस पर हौसिला को पड़ोसी आत्माराम पक्ष पर शक हुआ। और बीती रात इस बात को लेकर झगड़ा हुआ। फिलहाल गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल लगाया गया है। एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों की माने तो मृतक हौसिला का परिवार काफी दबंग किस्म का है। मारपीट की शुरूआत उसी ने की थी।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** स्थानीय विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बसायकपुर में शिक्षामित्र पद पर तैनात और शिक्षामित्र संघ के जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष स्व. प्रयागदत्त तिवारी की बीते 17 जून को सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षा मित्र की आत्मा की शांति के लिए ब्लॉक संसाधन केन्द्र जयसिंहपुर के प्रांगण में शोकसभा का आयोजन किया गया, मौजूद सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशको, अनुचर ने दो मिनट का मौन रखकर, उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि वे मिलनसार, हँसमुख प्रवृत्ति के एक कर्मठ और सुयोग्य शिक्षक थे और वे सबके बीच के शिक्षक थे उनकी क्षति की भरपाई संभव नहीं है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। तथा परिजनों को इस कठोर दर्द व दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर संघ मंत्री हरिओम द्विवेदी, जिला संयोजक अशोक कुमार सिंह, विमलेश सरोज, दामोदर प्रसाद तिवारी, रमाशंकर तिवारी, मंत्री शिव नारायण वर्मा, प्रमोद सिंह यादव, डॉ. रोहित दूबे, महेंद्र पाण्डेय, राम मगन, अशोक विश्वकर्मा, रितेश त्रिपाठी, जय कुमार, राम प्रकाश, जोखू राम, वीरेंद्र शुक्ल, डॉ. संजीव द्विवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष पांडेय, मिथिलेश पाण्डेय, अंकित सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## यूपी में हार का बदला बिजली कटौती से ले रही योगी सरकार : ओपी यादव

**रायबरेली।** विद्युत विभाग की विद्युत कटौती एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सौरभ सिंह यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा के नेतृत्व में डीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया एवं धरना दिया, इसी बीच विद्युत विभाग में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम की ओर से आशुतोष राय एसडीएम न्यायिक एवं बाबूराम नगर मजिस्ट्रेट ने प्राप्त कर ज्ञापन को उचित माध्यम से भेजने का आश्वासन दिया। डीएम कार्यालय में उपस्थित होने के बावजूद ज्ञापन लेने स्वयं नहीं आयीं इसके लिए अधिवक्ता सभा द्वारा निन्दा प्रस्ताव किया गया। इस अवसर पर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया और योगी सरकार पर आरोप लगाया कि यू.पी. में हार का बदला लेने के लिए विद्युत कटौती की जा रही है। महामहिम को भेजे गये ज्ञापन में लिखा गया है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। खरीफ की फसल में धान की बेढ़न डालने व रोपाई करने का समय है। कल कारखानों में मजदूरों को विद्युत आपूर्ति के अभाव में काम नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से त्राहि-त्राहि मची हुई है। विद्युत विभाग के अभियन्ता लूट-खसोट में मस्त है। यही कारण है कि विभाग घाटे में चल रहा है और कर्मचारियों की तिजोरी भरती जा रही है। जर्जर लाइनों के कारण ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर घरेलू कनेक्शन से कामर्शियल कनेक्शन चलाये जा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि विद्युत कटौती रोकी जाय। शहरी क्षेत्र में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाय। जर्जर एवं पुरानी विद्युत लाइनें सही करायी जाय। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कामर्शियल कनेक्शन दिये जाय। विभागीय कर्मचारियों की सांठ-गांठ से की जा रही विद्युत चोरी रोकी जाय। विद्युत विभाग के अभियंताओं एवं कर्मचारियों की आय से अधिक सम्पत्ति की जाँच की जाय। मीटर रीडर द्वारा मीटरों में की जा रही छेड़खानी रोकी जाय। विद्युत विभाग द्वारा की जा रही गलत ढंग से विद्युत बिलिंग रोकी जाय। विद्युत विभाग द्वारा गैर तकनीकी लोगों से काम लिए जाने से रोका जाय। विद्युत विभाग की लापरवाही से होने वाली धन-जन की क्षति का मुआविजा दिलाया जाय। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व डीजीसी दिनेश यादव, अखिलेश माही, गोविन्द सिंह चैहान, अनिल यादव, अरविन्द यादव, विवेक, फिरोज खान, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, सुरेन्द्र कुमार, विभव यादव, राजेश यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## भाई ने हमलाकर बहन को किया घायल

**अमेठी।** कोतवाली परिसर के बगल बुधवार देर रात पारिवारिक विवाद में भाई ने अपनी बहन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पत्नी को बीच सड़क खून से लतपथ तड़पता देख जीजा ने अपना आपा खो दिया और साले के सिर को ईंटों से कूंच दिया। अमेठी कोतवाली परिसर एक छोर पर घंटों खूनी संघर्ष होता रहा, लेकिन पुलिस मौके पर नही पहुंची। मामला अमेठी कोतवाली परिसर का है। जहां बुधवार की देर रात्रि परिसर के एक छोर पर सुलभ शौचालय संचालित होता है। इस शौचालय को सूरज नाम का व्यक्ति संचालित करता है, जो अपने पूरे परिवार के साथ शौचालय के ही एक आवास में रहता है। देर रात करीब 11 बजे सूरज की बेटी सीमा अपने पति शेरू के साथ घर पहुंची। जहां किसी बात को लेकर सीमा का अपने भाई सनी से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि सनी ने अपनी बहन पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। भाई के हमले में सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई और बीच सड़क तड़पने लगी। पत्नी को खून से लतपथ तड़पता देख पति शेरू ने अपना आपा खो दिया और साले सनी को छत से किसी तरह घसीटता हुआ नीचे पहुंचा और बीच सड़क उसके सिर को ईंटो से कूंच दिया। करीब एक घंटे तक बीच सड़क खूनी संघर्ष चलता रहा, लेकिन घटनास्थल से चंद कदम दूर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। घटना के दौरान छोटी छोटी बच्चियां बीच बचाव करने की जद्दोजहद करती रही, लेकिन कामयाब न हो सकी। अमेठी थाना प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने पाक्सो में वांछित युवक को भेजा जेल

तिलोई, अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने बस स्टैंड तिलोई के पास से पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक विजय नारायण पाण्डेय थाना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट में वांछित विक्रम यादव पुत्र शीतला प्रसाद यादव निवासी ग्राम बड़ी लोधवरिया थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब उन्नीस वर्ष को ग्राम तिलोई बस स्टैण्ड से समय करीब पांच बजे प्रातः गिरफ्तार किया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

## विभागीय अधिकारी उद्योमियों की समस्याओं को गंभीरता से लें

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक बचत भवन में हुई ।बैठक में उद्योमियों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। औद्योगिक क्षेत्र अमावां एवं सुल्तानपुर रोड में सड़कों व नलियों की साफ-सफाई के सम्बंध में उनकी समस्या को सुनते हुए जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका से इस संबंध में अब तक हुई कार्यवाही की प्रगति जानी ।इस संबंध में ईओ नगरपालिका स्वर्ण सिंह ने बताया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जा चुका है। अन्य लंबित कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाएगा ।इसी प्रकार औधोगिक क्षेत्र प्रथम में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सड़कों, नालो एवम अतिक्रमण समस्या के सम्बंध में परियोजना प्रबंधक एनएचएआई ने बताया कि वर्तमान में कार्य प्रगति पर है व अन्य समस्याओ का निराकरण किया जा रहा है। यूपीसीडा लखनऊ, अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खंड सलोन ने बताया कि औद्योगिक आस्थान सलोन में लगभग 300मी0 तक 11000के0वी0 विद्युत लाइन का निर्माण कराने संबंधी टेंडर हो चुका है तथा जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। खरीफ वर्ष 2019-20 व 2020-2021 में सीएमआर परिवहन के बकाया भुगतान के बारे में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। लंबित भुगतान जल्द ही जारी करा दिया जाएगा। आईआईए द्वारा एनएच-330ए पर ड्रेनेज से पानी निकासी की समस्या पर विचार करते हुए जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई0 को निर्देश दिया की स्थलीय निरीक्षण कर समस्या के संबंध में ठोस विकल्प सुझाये ताकि समस्या का समाधान हो सके। उद्योग बंधुओं ने कहा कि उन्हें लगातार पावर ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने समस्या का सामाधन करते हुए अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खंड द्वितीय को निर्देश दिया कि विद्युत सुधार हेतु एक दिन निर्धारित कर लिया जाए ताकि उद्यमियों को बार बार विद्युत ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े। बैठक में उद्योग बंधुओ ने औद्योगिक आस्थान सलोन में भूखंडो के शीघ्र आवंटन करने की मांग की जिससे छोटे उद्यमियों को भी उद्योग लगाने का अवसर मिल सके।

## एबीवीपी चलायेगी परिसर चलो रथ यात्रा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अभाविप कुशभवनपुर जिला इस वर्ष पांच तहसीलो के चौदह खण्डों के सोलह नगरो में कुल 66 परिषरों में इक्कीस हजार एक सौ तेइस सदस्य बनाने का कार्य करेगी साथ ही साथ शैक्षिक परिसरो में विद्यार्थियों के अधिक से अधिक संख्या में ले जाने हेतु परिसर चलो अभियान चलाएगी।

प्रान्त सह मंत्री शुभेन्द्र ने कहा कि कोरोना कॉल के बाद से शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई। कोरोना कॉल के बाद से कैंपस में छात्रों का जाना कम हो गया और ऑनलाइन कोचिंग का माया जाल पुरे भारत पे फैल गया, जिस कैंपस से हमारी शिक्षा पद्धति हमारे संस्कार को और समाज में हमारी एक अलग प्रतिष्ठा बनाने का कार्य करती थी कही न कही व सभी सभ्यता कैंपस में न जाने से छात्रों में खत्म होती जा रही है इसी को पुनः शुरू करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रथ यात्रा के माध्यम से परिसर चलो अभियान का एक बड़ा संकल्प लेके निकली है। विभाग छात्रा प्रमुख प्रतिमा ने कहा की परिसर चलो अभियान से हम प्रत्येक गावों में व नगरों में रथ के माध्यम से व पत्रक वितरण करके लोगो को अपने बच्चों को परिसरो में पुनः भेजनें के लिए प्रेरित किया जायेगा। जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा की हम सभी कुशभवनपुर के कार्यकत्र्ता आने वाले 2 जुलाई को अमेठी से आ रही रथ यात्रा का स्वागत हम सभी धम्मौर के हनुमत इंटर कॉलेज में करेंगे उसके बाद संगोष्ठी का आयोजन होगा फिर यात्रा 11:00 बजे सुलतानपुर नगर में प्रवेश करेगी और नगर भ्रमण व पत्र वितरण का कार्यक्रम रहेगा फिर यह यात्रा 03:00 बजे लम्भुआ के लिए प्रस्थान करेगी और वहाँ पर जनचैपाल लगाएंगे फिर यात्रा 06:00 कादीपुर के लिए प्रस्थान करेगी और वहाँ पर रात्रि चैपाल लगा कर लोगों के बीच में परिसर चलो अभियान के महत्व को बताएगी और फिर वही पर रात्रि विश्राम करेगी और पुनः 3 जुलाई को सुबह ग्राम सभा के लोगो के साथ योग करके यह यात्रा जौनपुर के लिए प्रस्थान कर जाएगी। इस मौके पर विभाग प्रमुख डॉ. संतोष, विभाग संयोजक शिवम, जिला सह संयोजक विपुल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूद्र प्रताप, प्रदेश कार्यकारिणी प्रीति, जिला छात्रा प्रमुख फरहीन, कीर्ति, काजल, आस्था सुमित, हेमंत, हर्ष, अभय, आनंद कृष्ण, सौम्य, आकर्ष, सत्यम, शुभम, राहुल आदि मौजूद रहे।

## दाह संस्कार में शामिल होने गया युवक गंगा में डूबा

**डलमऊ, रायबरेली।** दाह संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया। सूचना पर पहुंचे परिवारजनों में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार को डलमऊ कस्बे के शेरनदाजपुर स्थित शमशान घाट पर पूरे दिखित बहादुरपुर थाना जायस जिला अमेठी के रहने वाले दिव्य प्रताप सिंह उर्फ रजत सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह उम्र 21वर्ष अपने परिवार के बाबा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आया हुआ था। क्रिया क्रम के बाद युवक स्नान करने लगा तभी गहरे जल में चला गया जिससे वह डूब गया। साथी लोगों ने डूब रहे युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक युवक डूब चुका था स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस प्रशासन को दिया। पुलिस की सूचना पर गोताखोरों ने डूबे हुए युवक की तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। मृतक अपने पीछे माता-पिता एवं छोटे भाई कृष्ण कुमार सिंह को छोड़कर चला गया। माता पिता का रो-रो कर बुरा हाल गया ।मौके पर पहुंचे डलमऊ तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने एनडीआरएफ को सूचना दिया और मौके पर गोताखोरों को पुनः बुलाकर डूबे हुए युवक को खोजने लगे।

## अलग-अलग हादसो में दो युवक घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार की तरफ से तेज रफ्तार आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार दिन में धर्मेश पुत्र देवनारायण तिवारी उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ऐंजर देहली बाजार पेट्रोल पम्प से पेट्रोल डला कर सड़क पर निकल रहे थे कि कूरेभार की तरफ से तेज रफ्तार आती हुई कार ने टक्कर मार दी, जिसमें धर्मेश पुत्र देवनारायण तिवारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों व पेट्रोल पंप कर्मीयों ने एम्बुलेंस बुलाकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर सुलतानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना तहसील क्षेत्र के शारदा सहायक नहर की पटरी से बल्दीराय की तरफ गुरुवार दिन में लगभग दो बजे अपनी बाइक से आ रहे संतोष कुमार पुत्र उदल यादव निवासी सतहरी थाना धनपतगंज ने नहर की ही पटरी पर बल्दीराय की तरफ से तेज रफ्तार जा रही। बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए, जिसमें नहर की पटरी पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया, जहां से घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

## गोवंश के प्रति उदासीन लोगों को चिह्नित कर होगी कठोर कार्यवाही :एसडीएम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सरकार की मंशानुरुप जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ की पहल पर जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपने अपने क्षेत्र के समस्त गौशालाओं का निरीक्षण कर गोवंश के चारे, शुद्ध जल, साफ सफाई के प्रति जिम्मेदारों को सतर्क रखें। मृत बेजुबान जानवरों के शव को बाहर खुले में फेंके जाने की सूचना पर उन्हें चिन्हित कर ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

बुधवार को लंभुआ क्षेत्र के कुन्नूपुर गांव में एक साथ लगभग 80 गोवंश के शव फेंके जाने की घटना से राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ही नहीं, क्षेत्र के आम जनमानस को भी झकझोर कर रख दिया था। मामले संघ के जिला महामंत्री जयशंकर दूबे ने आनंन फानन में वे समस्त पदाधिकारियों के साथ एसडीएम लम्भुआ उत्तम तिवारी, तहसीलदार देवानंद तिवारी, सीओ लंभुआ अब्दुस्सलाम से मिलने पहुंच गये, और संघ की तरफ से विरोध दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही करने के लिए कहा। एसडीएम लंभुआ उत्तम तिवारी ने मामले में गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा सेवा संघ के भारी विरोध के चलते सायं में ही क्षेत्र के खुनशेखपुर स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि मृत गोवंश का शव गौशाला से नहीं बल्कि सटे गांव वालों ने लाकर एक जगह फेंक दिया, जो गलत है, इस सम्बन्ध में गौशाला से सटे 3 ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, सफाई कर्मी, पर जिम्मेदारी तय करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं बताते चलें कि जिला अधिकारी कृतिका ज्योतिसना ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो समस्त उप जिलाधिकारी, वीडिओ, पशु चिकित्सकों के साथ बैठक कर सख्ती का निर्देश दिया है। संगठन के प्रवक्ता रवि दूबे ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गोवंश संरक्षण के प्रति कठोर कदम उठाए जाने से संघ के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है।

## वेटरन्स फोटोग्राफर्स का प्रथम ऐतिहासिक दो दिवसीय पुनर्मिलन सम्मेलन संपन्न

**रायबरेली।** भारतीय नौसेना के वेटरन्स फोटोग्राफर्स का प्रथम ऐतिहासिक दो दिवसीय पुनर्मिलन सम्मेलन धूमधाम से गोवा में संपन्न हुआ । सम्मेलन में भारतवर्ष के सभी प्रदेशों से 75 नेवल वेटरन्स ने सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किये। सम्मेलन के सूत्रधार राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज चैधरी, लक्ष्मी प्रसाद थापा, रॉय के जॉर्ज, सुनील एवं पवन थे। इसमें कार्यक्रम का संचालन जगदीश श्रीमाली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बारे में राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी के ठहरने की व्यवस्था होटल ला पाज वास्को में की गई थी। सभी ने अपने पुराने कार्यस्थल भारतीय नौसेना पोत हंस में भ्रमण कर अपनी पुरानी यादों को ताज किया ।इसके अतिरिक्त गोवा के अनेक समुद्री तटों एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने के पश्चात एक सामूहिक छायाचित्र भी लिया गया। हंसा के छायाचित्र अनुभाग द्वारा सभी वेटरन्स के स्वागत में सम्मान पार्टी की व्यवस्था की गई जिसमें आई एनएस हंसा के कमान अधिकारी कमोडोर सिराज आजाद एवं छायाचित्र अधिकारी ने सभी से मिलकर हर्ष व्यक्त किया। इसकी सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है की 87 वर्ष के सबसे बुजुर्ग वेटरन्स धनपाल एवं जी बी सिंह सब अपने आप को प्रफुल्लित महसूस कर रहे थे। 70 वर्ष पार कर चुके बीएस गिल, आरएस यादव, महेश्वरी प्रसाद एवं महेंद्र लाल को सम्मानित भी किया गया। छायाकारों के प्रशिक्षक एस जेवियर, बीके सिंहा, केडी सिंह, प्रदीप विजयन, सतीश कुमार एवं जॉर्ज मैथ्यू अपने पुराने शिष्यों को पाकर प्रफुल्लित हो उठे । सौभाग्य से जगदीश नारायण सिंह, आरपी सिंह, डीपी दीक्षित एवं एस विष्णु ने रायबरेली का भी प्रतिनिधित्व किया।

## व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनायी जायेगी भामाशाह की जयंती

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 29 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने के लिए एक बैठक की गई। बैठक के दौरान डीएम में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य कर विभाग-नगरीय विकास विभाग-ग्राम्य विकास विभाग-खादी ग्रामोद्योग बोर्ड-पर्यटन एवं संस्कृति विभाग आदि द्वारा प्रदर्शनी लगाए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने औद्योगिक विकास विभाग द्वारा पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन कर उनका सम्मान करने, व्यापारियों द्वारा अपने-अपने संस्थाओं में भी व्यापारी कल्याण दिवस के आयोजन के लिए निर्देशित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार, उपायुक्त उद्योग अनूप श्रीवास्तव, उपायुक्त राज्यकर शैलेन्द्र त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी/पर्यटन डॉ. धीरेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल चन्द्र सरोज, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

- योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने के दिये निर्देश

**अमेठी।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग उप्र शासन, जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, डीएम निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, सीडीओ सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने लोनिवि द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों



के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, पीएम जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, सीएम कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, पोषण पखवाड़ा, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने जनपद में चल रहे 50 लाख से ऊपर की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा किया एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचें इसके लिए हम सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में पास बच्चे हुए सम्मानित

**रायबरेली।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में सफल हुए अमावां ब्लॉक के बच्चों को संबोधित किया गया। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने की। सफल हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी मंजिल यही पर ठहरी नहीं है। आपको अभी बहुत आगे जाना है और जब तक मंजिल न मिले तब तक ठहरना नहीं है। बीडीओ संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों आपको अपनी मंजिल को ऐसे ही आगे बढ़ाता जाना है। आप लोग अपने गुरुजनों का सम्मान करें। विद्यालय में एक पौधा अपनी यादों को हमेशा ताजा करने के लिए जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि इस कम्पीटिशन के युग में आपको अपनी भी जिंदगी को जीना है। इसके साथ ही अपनी कम्पीटिशन की दुनिया को भी ध्यान देना है। बच्चों को बीआरसी में तैयारी कराने शिक्षक राकेश सिंह, सतीश चैरसिया, शैलेश श्रीवास्तव और प्रवेश यादव ने कहा कि ब्लॉक में कार्यरत रही बीईओ रत्नामणि मिश्रा के निर्देशन में टीम ने ब्लॉक के सभी बच्चों को तैयारी कराई गई। इसकी वजह से ब्लॉक से 27 बच्चों का चयन ब्लॉक में हुआ। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापक व अध्यापकों का भी बेहतर तालमेल के लिए धन्यवाद किया। इस मौके एआरपी अब्दुल मन्नान, जेपी रावत, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ. शिवशंकर श्रीवास्तव, शारिक अनवर, आशीष चड्ढा, सुरेश चैधरी, मोईन, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## टाटा ने किया नेक्सन और पंच के साथ एसयूवी बाजार का नेतृत्व

मुंबई। टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2024 का समापन शानदार तरीके से किया है। इस साल इसके दो प्रोडक्ट पंच और नेक्सन देश में सबसे ज्यादा बिकने वाले एसयूवी बनकर उभरे है। टाटा नेक्सन ने इस सेगमेंट में भारी प्रतिस्पर्धा के बावजूद लगातार तीन साल तक अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि पंच दूसरे स्थान पर रही है। टाटा नेक्सन ने हाल ही में अपने 7वें साल में 7 लाख गाड़ियों की बिक्री की शानदार उपलब्धि भी हासिल की, जिससे यह भारत की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली एसयूवी बन गई है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट की लोकप्रियता में पिछले कुछ सालों में जोरदार वृद्धि देखने को मिली है। जिससे यह सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा वाला सेगमेंट बन गया है और टाटा मोटर्स इस सेगमेंट की लीडर बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ट्रूकॉलर की एचडीएफसी एर्गो के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। ट्रूकॉलर ने एच.डी.एफ.सी. एर्गो के साथ मिलकर धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने की गर्व से घोषणा की है, जो कि भारत में डिजिटल संचार से संबंधित धोखाधड़ी के विरुद्ध उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की जाने वाली एक पहल है। भारतीय साइबर अपराध समन्वयन केंद्र की एक हाल की रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी का मूल्य रुपये 1.25 लाख करोड़ था। साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते हुए मामलों के साथ, यह बीमा की यह अभिनवकारी प्रस्तुति धोखाधड़ी से निपटने और ऐप की अत्याधुनिक सुविधाओं के द्वारा मोबाइल से वाद-व्यवहार करने से पहले, उसके दौरान और उसके बाद में उपभोक्ता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ट्रूकॉलर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेट वेट से संवारने आलिम हाकिम ने दी जानकारी

नई दिल्ली। हर खिलाड़ी की अनूठी हेयरस्टाइल उनकी अपनी सिग्नेचर स्टाइल बन चुकी है। अपने पसंदीदा क्रिकेट खिलाड़ी की हेयरस्टाइल पाने के लिए, सेट वेट के हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स की विशाल रेंज से अपनी पसंद का प्रोडक्ट चुनें। ये सभी हेयरस्टाइलिंग प्रोडक्ट्स अल्कोहल और सल्फेट जैसे हानिकारक केमिकल्स से मुक्त हैं। इससे आपके बालों की नमी का स्तर बना रहता है और वे सेहतमंद रहते हैं। अतिरिक्त नमी देने वाले तत्वों से बने वॉटर-बेस्ट हेयर जैल का चुनाव करें। बालों पर प्रोडक्ट का कोई अंश ना रह जाए, उससे बचने के लिए उन्हें नियमित रूप से धोएं। क्रिकेट और बॉलीवुड दो ऐसे शक्तिशाली स्तंभ हैं जिन्होंने भारतीयों को काफी प्रभावित किया है और लोगों के बीच कई ट्रेंड बनाए हैं।

## दि ग्लोबल चेस लीग का दूसरा संस्करण लंदन में

नई दिल्ली। इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (एफआईडीई) और सभी उद्योगों के उपक्रमों को टेक्नोलॉजी परामर्श एवं डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा की संयुक्त पहल दि ग्लोबल चेस लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा संस्करण लंदन में आयोजित होने जा रहा है। प्रथम संस्करण की सफलता के बाद इस लीग का लक्ष्य सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक लंदन में शतरंज के विश्व के दिग्गज खिलाड़ियों को एकजुट करना है। अपनी तरह की अनूठी यह 10 दिवसीय शतरंज लीग 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन में स्थित फ्रेंड्स हाउस में होगी जिसमें दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## ए क्वॉइट प्लेसः डे वन में लीड भूमिका में नजर आयेंगी लुपिता न्योन्गो

नई दिल्ली। लुपिता न्योन्गो को अपनी दमदार और अलग तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है। ये ऑस्कर विजेता अभिनेत्री ए क्वॉइट प्लेसः डे वन में लीड भूमिका में नजर आएंगी। ए क्वॉइट प्लेस की अगली किस्त में नजर आने वाली ये अभिनेत्री फिल्म के गंभीर माहौल में असुरक्षा और जज्बे का एक अनोखा मेल लेकर आने वाली हैं। न्योन्गो की लगन ने प्रशंसकों और समीक्षकों के बीच काफी हलचल बढ़ा दी है। उनका ऐसा अनुमान है कि अपने कमाल के टैलेंट के साथ वे इस मशहूर फ्रेंचाइजी में ताजी हवा का झोंका लेकर आने वाली हैं। उन्होंने इस फिल्म में काम करने, अपनी तैयारियों के बारे में खुलकर बात की। साथ ही फिल्मकारों के साथ काम करने का अपना अनुभव भी बताया। न्योन्गो कहती हैं कि समायरा का किरदार निभाना वाकई बहुत बड़ा मौका था।

# सार्वकालिक उच्च स्तर पर सेंसेक्स-निफ्टी



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी ने भी पहली बार ऐतिहासिक 24,000 अंक का शिखर छुआ। इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बृहस्पतिवार को 438.41 लाख करोड़ रुपये के सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 568.93 अंक यानी 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,243.18 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 721.78 अंक बढ़कर 79,396.03 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 175.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 24,044.50 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 218.65 अंक चढ़कर 24,087.45 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स ने 78,000 अंक का आंकड़ा इसी सप्ताह 25 जून को पहली बार पार किया था। वहीं, निफ्टी ने इसी साल 24 मई को पहली बार 23,000 अंक का स्तर छुआ था। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी की उम्मीद और सीमेंट क्षेत्र में मजबूती के दम पर मानक सूचकांकों ने तेजी दिखाई। हालांकि, मूल्यांकन संबंधी चिंताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से व्यापक बाजार स्थिर दायरे में ही रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल अग्रणी सीमेंट उत्पादक अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इससे पहले कंपनी ने कहा था कि वह चेन्नई स्थित अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी का करीब 1,885 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। इसके अलावा इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस के साथ एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे। बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में सकारात्मक रहे और आधा प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ तेजी का रुख कायम रहा। स्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी उतार-चढ़ाव के बीच चढ़ता गया और 24,000 अंक के नए मुकाम को पार कर गया।

# दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी पूरी होने के बाद अब शुल्क बढ़ोतरी की तैयारी



नयी दिल्ली। स्पेक्ट्रम नीलामी में दूरसंचार कंपनियों द्वारा किया जाने वाले भुगतान प्रबंधन के दायरे में रहने की उम्मीद है। अब बोली प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही सबकी निगाहें आसन्न शुल्क बढ़ोतरी पर हैं। विश्लेषकों के एक वर्ग ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। कई विश्लेषकों ने रिपोर्ट में वोडाफोन-आइडिया द्वारा 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम की खरीद पर आश्चर्य व्यक्त किया गया।

वहीं इस बात पर जोर दिया कि जियो का कम खर्च (973.62 करोड़ रुपये) उसकी बयाना राशि (ईएमडी) के विपरीत था। जियो का ईएमडी अन्य दूरसंचार कंपनियों की तुलना में सबसे अधिक था। आईआईएफएल सिक्योरिटीज, जेपी मॉर्गन और कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज ने बृहस्पतिवार को अपनी-अपनी रिपोर्ट में कहा कि अब जबकि स्पेक्ट्रम नीलामी संपन्न हो चुकी है, सभी का ध्यान संभवतः शुल्क बढ़ोतरी पर होगा। आईआईएफएल ने कहा, स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के बाद अब सभी की निगाहें आसन्न शुल्क बढ़ोतरी पर टिकी हैं। कोटक का भी मानना है कि अब ध्यान शुल्क बढ़ोतरी पर होगा। उसने कहा कि स्पेक्ट्रम नीलामी के बाद हमारा मानना है कि आने वाले दिनों में ध्यान अब शुल्क बढ़ोतरी पर केंद्रित होगा। जेपी मॉर्गन ने कहा कि शुल्क के संबंध में कदम उठाने के लिए रास्ता साफ हो गया है। उसने कहा, नीलामी (छह जून से विलंबित) के बिना किसी आश्चर्य के समाप्त होने से शुल्क पर कदम उठाने की कार्वाई शुरू होनी चाहिए। हमारा मानना है कि कल शेयर में तेज प्रतिक्रिया के पीछे इसका असर रहा होगा। जेपी मॉर्गन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरीतीसरी तिमाही में 25 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी आसन्न है। दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए आयोजित नीलामी में 11,340.78 करोड़ रुपये मूल्य के 141.4 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की ही बिक्री हो पाई। भारती एयरटेल स्पेक्ट्रम खरीद में सबसे आगे रही। उसने 6,856.76 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम खरीदा। स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बुधवार को बोली शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही समाप्त हो गई। इसके पहले मंगलवार को नीलामी के पहले दिन पांच दौर में बोलियां लगाई गई थीं।

# पीएम मोदी ने मंत्रिपरिषद सदस्यों का राज्यसभा में कराया परिचय

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कैबिनेट मंत्रियों, फिर राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और फिर राज्य मंत्रियों के नामों एवं उनसे संबंधित विभागों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने गत नौ जून को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। उनके तीसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद में 30 कैबिनेट मंत्री, पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री हैं। प्रधानमंत्री नयी सरकार के गठन और मंत्रिपरिषद में फेरबदल के बाद संसद के दोनों सदनों में अपने मंत्रियों का परिचय करवाते हैं।

# वित्तीय प्रणाली में संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : आरबीआई गवर्नर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से बृहस्पतिवार को कहा कि वे संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकों के बफर न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक



चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा, संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है।

## वित्तीय प्रणाली जुझारू, बैंकों का कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया है।

आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है।

सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिये आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात (सीआरएआर) और समान इक्विटी टियर। (सीईटी1) अनुपात क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत रहा। एफएसआर रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण जोखिम के लिए व्यापक तनाव संबंधी परीक्षणों से पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंक न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। वित्त वर्ष के अंत में प्रणालीगत सीआरएआर बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के तहत क्रमशः 16.1 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत और 13.0 प्रतिशत होने का अनुमान है।

# आपूर्तिकर्ताओं को ग्राहकों से लेना होगा शपथ पत्रः सीबीआईसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी के तहत क्रेडिट नोट के माध्यम से बिक्री बाद छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में बदलाव किया है। उन्हें अब यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक शपथ पत्र या चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र देकर यह बताएं कि छूट मूल्य पर प्राप्त आईटीसी लाभ को वापस कर दिया गया है। वर्तमान में, इस बात पर नजर रखने की कोई व्यवस्था नहीं है कि ऐसी छूट पर इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) वापस किया गया है या नहीं।

आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ कर अधिकारियों के लिए आईटीसी लाभ वापसी को सत्यापित करने के लिए सामान्य पोर्टल पर जबतक सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तब तक आपूर्तिकर्ता, आपूर्ति प्राप्त करने वाले से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) या कॉस्ट अकाउंटेंट द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। इसमें यह जिक्र होना चाहिए कि प्राप्तकर्ता ने आपूर्तिकर्ता की तरफ से जारी क्रेडिट नोट के संबंध में आनुपातिक आधार पर आईटीसी का लाभ वापस कर दिया है। ऐसे मामलों में, जहां एक वित्त वर्ष में टैक्स क्रेडिट नोट के माध्यम से प्राप्तकर्ता को आपूर्तिकर्ता द्वारा दी गई छूट में शामिल कर की राशि (सीजीएसटी, एसजीएसटी आईजीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर) पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो उसे चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता को संबंधित प्राप्तकर्ता से केवल शपथपत्र लेने की जरूरत होगी। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि परिपत्र पूर्व की तिथि से है। यह 2017 से इस मुद्दे पर सभी मांगों को प्रभावित कर रहा है। इस मामले को लेकर कानूनी विवाद में फंसे करदाता राहत के लिए इस स्पष्टीकरण का लाभ उठा सकते हैं। मोहन ने कहा, आने वाले समय में क्रेडिट नोट जारी करने की प्रक्रिया स्पष्ट होने से उद्योग को काफी लाभ होगा...।

एक अलग परिपत्र में सीबीआईसी ने स्पष्ट किया कि दावा निपटान के अंतर्गत रिम्बर्समेंट मोड के तहत मोटर वाहन मरम्मत पर खर्चों के संबंध में बीमा कंपनियों के लिए आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) उपलब्ध है।

# रुपया 13 पैसे बढ़कर 83.44 प्रति डॉलर पर



मुंबई। शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अनुकूल घरेलू वृहद आर्थिक स्थिति के कारण रुपया बृहस्पतिवार को 13 पैसे मजबूत होकर 83.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और तेल विपणन कंपनियों की ओर से अमेरिकी डॉलर की मांग ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.56 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और सत्र के दौरान 83.43 के ऊपरी स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 13 पैसे की मजबूती के साथ 83.44 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

बुधवार को रुपया 14 पैसे गिरकर 83.57 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। जेपी मॉर्गन बॉन्ड सूचकांक में शामिल किए जाने से पहले बॉन्ड से संबंधित विदेशी निवेश के कारण भारतीय रुपये में मजबूती आई। घरेलू बाजारों ने नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ और निफ्टी ने पहली बार 24,000 अंक के स्तर को पार किया, जिससे घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, मजबूत अमेरिकी डॉलर और तेल विपणन कंपनियों की डॉलर मांग ने तेज बढ़त को रोक दिया। हमें उम्मीद है कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। मासांत में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए ओएमसी और आयातकों की डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि ताजा विदेशी निवेश और घरेलू शेयर बाजार के सकारात्मक रुख से रुपये को समर्थन मिल सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत गिरकर 105.90 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.56 प्रतिशत बढ़कर 85.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। स्थानीय शेयर बाजार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 568.93 अंक उछलकर 79,243.18 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट

निर्देश लेने की जरूरत है। उन्होंने लंबित मामलों के साथ याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा हम तब तक उठाए गए सवालों का संक्षिप्त उत्तर दाखिल करेंगे। बसंत ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई निर्धारित प्रक्रिया या समयसीमा नहीं है और इसलिए अंतरिम राहत के रूप में अभ्यर्थी ओएमआर शीट देने की मांग कर रहे हैं। पीठ ने नोटिस जारी कर याचिकाओं को लंबित मामलों के साथ सूचीबद्ध कर दिया और एनटीए के वकील को एक तय समयसीमा के भीतर अदालत के सवालों का लिखित जवाब दाखिल करने को कहा।

### संविधान पर हमले

विश्वास प्रकट किया है, चुनाव से जुड़ी संस्थाओं पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें इस विश्वास को सहेज कर रखना है, इसकी रक्षा करनी है। मुर्मू ने कहा हमारे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाने की हर कोशिश की सामूहिक आलोचना होनी चाहिए। उन्होंने कहा हम सभी को वो दौर याद है जब मतपत्रों को छीन लिया जाता था, लूट लिया जाता था। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए ईवीएम को अपनाने का फैसला किया गया था। मुर्मू ने कहा कि पिछले कई दशकों में ईवीएम ने उच्चतम न्यायालय से लेकर जनता की अदालत तक हर कसौटी को पार किया है। उन्होंने कहा कि अगले संसद सत्र में सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला बजट भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा, बजट में प्रमुख आर्थिक एवं सामाजिक निर्णय लिए जाएंगे और कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सुधारों की गति बढ़ायी जाएगी।

### 10 लाख

की रीढ़ होती है। उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है कि यहां सैकड़ों साल से स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पी, कारीगर अपने उत्पादों का निर्माण करते रहे हैं। मगर पिछले कुछ दशक में उचित प्रोत्साहन के अभाव में हमारा सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम दम तोड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 तक एमएसएमई उद्यमियों के बीच हताशा और निराशा थी। हमारा प्रदेश अर्थव्यवस्था और रोजगार में फिसड्डी था। कृषि के बाद एमएसएमई ही रोजगार सृजन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए 2017 के बाद से लगातार किये गये प्रयास के फलस्वरूप आज हमारा एमएसएमई उद्योग प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है। उन्होंने बताया कि आज 20 हजार करोड़ से अधिक के ऋण की सुविधा उद्यमियों को प्राप्त होने जा रही है। इसके साथ ही रैम्प योजना के तहत बंद हो रही इकाइयों के उत्थान का काम किया गया है। इसके अलावा उद्यम को नये स्तर पर पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं।

### स्मार्ट पुलिसिंग

व्हीलर और टू व्हीलर वाहन फ्लीट का हिस्सा बनने हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के अन्तर्गत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ व वातानुकूलित हेलमेट वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने उच्चीकृत पीआरवी-112 का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस के कार्मिकों को वातानुकूलित हेलमेट भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पुलिस महानिदेशकों की कांफ्रेंस में स्मार्ट पुलिसिंग की एक नई अवधारणा दी थी कि स्मार्ट पुलिसिंग स्ट्रिक्ट एंड सेंसिटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलाएबल एंड रेस्पॉन्सिव, टेक्नोसेवी एंड ट्रेण्ड के भाव पर कार्य करती है। यह सूत्र हमें कानून प्रवर्तन के भविष्य के लिए निरन्तर और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने यहां इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्मार्ट पुलिसिंग के बारे में जो सूत्र दिए हैं, उत्तर प्रदेश पुलिस उनका अनुसरण करते हुए कार्य करे। हमें किसके लिए स्ट्रिक्ट होना है, और किसके लिए सेंसिटिव होना है यह तय करना महत्वपूर्ण है। हमें मॉडर्न होना है लेकिन मॉडर्न होने के साथ हम यह न मान लें कि हमारी जिम्मेदारी समाप्त हो गई है। हमें उतना ही गतिशील भी होना पड़ेगा। हमें अलर्ट होना है व अकाउंटेबल, रिलायबल होने के साथ-साथ रिस्पांसिबल और टेक्नोसेवी भी बनना है। हमें अपने पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करने की दिशा में प्रयास करने होंगे। सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और कानून के राज की सबसे पहली शर्त सुरक्षा और संरक्षा का एक बेहतर वातावरण है। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है और राज्य के इस दायित्व का निर्वहन हमारी पुलिस कर रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल देश और दुनिया की सबसे बड़ी सिविल पुलिस है। विगत 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश में न केवल अपनी एक नई पहचान बनाई है, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी एक नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। प्रदेश सरकार सेफ सिटी परियोजना के कार्यों को युद्धस्तर पर क्रियान्वित कर रही है। महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से सेफ सिटी के कार्य की शुरूआत गोरखपुर से प्रारम्भ की थी। इसमें शासन, नगर निकाय, विकास प्राधिकरण, व्यापार मंडल और सामान्य नागरिकों का सहयोग शामिल है। हमने टेक्नोलॉजी के उपयोग के साथ-साथ अपने मैनपॉवर को भी ट्रेंड किया है तथा पब्लिक का सपोर्ट भी लिया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र इसका बेहतर उदाहरण है। विगत 7 वर्षों में प्रदेश की सुरक्षा व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में जो मॉडल खड़े किये गये हैं, उन्हें और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

### यूपी में 1510

आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा। साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है, हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं, वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागमन होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा।

### पटना से

ले गया जहां उन्हें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा तक छात्रावास में ही रहे और पांच मई को होने वाली परीक्षा की तैयारी की। सीबीआई ने नीट परीक्षा लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं। नीट-यूजी परीक्षा देशभर में सरकारी तथा निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। इस साल यह परीक्षा दूसरे देशों के 14 शहरों समेत कुल 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर पांच मई को आयोजित की गई। 23 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी थी।

सीबीआई ने इस मामले में पहली प्राथमिकी रविवार को दर्ज की थी। इससे एक दिन पहले सरकार ने घोषणा की थी कि वह परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपेगी। प्रदर्शनकारी छात्रों का एक वर्ग सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की मांग कर रहा था।

### अब सदन में

की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में खरगे के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार, द्रमुक की कनिमोझी, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सअप चैनल पर पोस्ट किया, आज दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में इंडिया जनबंधन में शामिल सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक में सम्मिलित हुआ। हम सभी एकजुटता के साथ सदन में जनता के मुद्दों एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विलुप्त होने की

और बिक्री करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब 82 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं जो 2013 के 55 प्रतिशत से बहुत अधिक है। आईयूसीएन के विश्लेषण के मुताबिक 2024 में अद्यतन की गई सूची में बोर्नियो की एशियाई हाथी को एक लुप्तप्राय प्रजाति के रूप में अंकित किया गया है। अनुमान है कि जंगल में केवल लगभग 1,000 बोर्नियन हाथी बचे हैं। पिछले 75 वर्षों में इस प्रजाति के हाथियों की संख्या में कमी आई है।

# आकाशीय बिजली से 6 की मौत

लखनऊ। बदायूं, हमीरपुर और महोबा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों और दस बकरियों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बदायूं जिले के गढ़ोंली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बिल्सी थाना क्षेत्र के गढ़ोंली गांव के निवासी चोखेलाल (52) अपने मकान की छत पर साये थे। बुधवार आधी रात को तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चोखेलाल की मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

वहीं हमीरपुर जिले में राठ थाना क्षेत्र के बहगांव गांव में घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई और महिला सहित तीन लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरीला क्षेत्र में एक अधेड़ की भी आकाशीय बिजली से मौत होने की खबर है। बहगांव के घटोई बाबा स्थान

